हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

## भारत-बांग्लादेश टेस्ट, बुमराह का चौका, बांग्लादेश 149 पर ढेर, भारत को 308 रन...

Page 10



देश

## बाढ़ को लेकर हेमंत सोरेन पर भड़कीं ममता बनर्जी, सील कर दी झारखंड की सीमा

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 21 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 281 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 68,850 | ₹92,500 |

### आज का इतिहास

- 2000 : भारत एवं ब्रिटेन के बीच बेहतर संबंध के लिए लिबरल डेमोक्रेटिक फ्रेंड्स इंडिया सोसायटी की स्थापना हुई।
- 2010 : कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन की मांग है कि भारत दिल्ली में एथलीटों के गांव में रहने की स्थिति में सुधार करे।

### न्यूज बाइट्स

#### तिरुपति प्रसाद मामले पर उचित कार्रवाई होगी : नड्डा

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि तिरुमाला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गयी है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। श्री नड्डा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए कहा कि तिरुमाला तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का मामला सामना आया है। यह जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आयी है, इसलिए इस संबंध में आंध्र प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी गयी है।

#### बीपीएससी में 70वीं भर्ती परीक्षा में 1964 पदों के लिए निकली भर्ती

**पटना (नि.सं.)।** बीपीएससी 70वीं कंबाइंड परीक्षा का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। 1964 पदों पर भर्ती निकली है। बिहार लोक सेवा आयोग के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी है। वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन कल तक जारी किया जाएगा। आरक्षण को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट की फैसला आने के बाद प्रीलिम्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। परीक्षा में तीन प्रश्नों के गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक कट जाएगा। पहले चार गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक काटा जाता था। बीपीएससी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की शैली को अपनाया है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा कि बीपीएससी के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी है।

#### तीनों सेनाओं के जल तैराकी अभियान के सदस्यों से मिले राजनाथ

**नई दिल्ली (ए.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के 21 द्वीपों के लिए अपनी तरह के पहले खुले जल तैराकी अभियान का शुक्रवार को यहां स्वागत किया। रक्षा मंत्रालय ने वक्तव्य जारी कर बताया कि नाम बदलने की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए त्रि-सेवा अंडमान और निकोबार कमान ने 'अभियान परमवीर' शुरू किया, जिसमें सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के कर्मियों की एक टीम ने सभी 21 स्थानों पर तैराकी की।

#### न्यायाधीशों नियुक्ति की कॉजेजियम प्रणाली हटे

**नई दिल्ली (ए.)।** नेशनल लॉयर्स कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल ट्रांसपेरेंसी एंड रिफॉर्म्स (एनएलसी) ने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया देते हुये कहा है कि यह प्रणाली उच्च न्यायपालिका में योग्यता आधारित नियुक्तियों का गला घोंटती है। एनएलसी के अध्यक्ष मैथ्यूज जे नेदुमपारा ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में न्यायिक सुधारों की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने सहरसा जिले में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# कोसी नदी पर 414.74 करोड़ रुपये की लागत से पुल का किया गया शिलान्यास

### पर्यटन विभाग के द्वारा अब हर वर्ष यहां विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव आयोजित किया जायेगा : मुख्यमंत्री

- प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर का किया लोकार्पण
- 5.67 करोड़ रुपये की लागत से मॉडल थाना भवन का भी शिलान्यास
- विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को किए गए सांकेतिक चेक प्रदान



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सहरसा जिले के कहरा प्रखंड के ग्राम पंचायत दिवारी में स्थित प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के शिलापट्ट का अनावरण कर इसका विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि पर्यटन विभाग द्वारा हर वर्ष यहां विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जो स्थानीय संस्कृति और श्रद्धा को और बढ़ावा देगा।

मुख्यमंत्री ने मंदिर के परिसर का भ्रमण कर वहां चल रहे विकासात्मक कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण किया और परिसर में स्थित तालाब में मछली का जीरा भी छोड़ा। उन्होंने कहा कि मंदिर का सौंदर्यीकरण अत्यधिक प्रभावी ढंग से किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें यहां आकर अच्छा अनुभव होगा। इसके बाद, मुख्यमंत्री ने कहरा प्रखंड के ग्राम पंचायत अमरपुर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने 414.74 करोड़ रुपये की लागत से कोसी नदी पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने 5.67 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मॉडल थाना भवन का भी शिलान्यास किया। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत अमरपुर पंचायत के पास स्थित सरकारी पोखर के उड़ाही कार्य का भी उद्घाटन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोखर के किनारे सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण किया जाए और चारों ओर वृक्षारोपण किया जाए।

इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष सहयता योजना, मुख्यमंत्री समेकित चैर विकास योजना, मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना, एवं मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किए। कुल 1738 जीविका संपोषित स्वयं सहायता समूहों को 62 करोड़ 43 लाख रुपये का चेक और सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 306 लक्ष्यित परिवारों को 1 करोड़ 12 लाख 57 हजार रुपये का चेक दिया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा, सांसद संजय कुमार झा, सांसद दिनेश चंद्र यादव, विधायक आलोक रंजन, विधायक यूसूफ सलाहुद्दीन, विधायक गुंजेश्वर साह, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव अनुपम कुमार, कोसी प्रमंडल के आयुक्त दिनेश कुमार और सहरसा के जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने न केवल धार्मिक स्थानों के विकास की दिशा में कदम बढ़ाए, बल्कि जनहित के कई महत्वपूर्ण योजनाओं की भी शुरुआत की, जिससे क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

राष्ट्रपति ने आईसीएआर-एनआईएसए के शताब्दी कार्यक्रम में लिया भाग, कहा

# आज भी गरीबी में जी रहे किसान, राष्ट्रपति ने किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज पर दिया जोर



- देश के साथ विदेशों में भी कृषि उत्पादन में पैंठ होनी चाहिए। संस्थान को अन्य संस्थानों से मिलकर काम करना चाहिए।

### पशुपालन से होगा छोटे किसानों को लाभ

उन्होंने कहा कि किसान आज भी गरीबी में जी रहे हैं उन्होंने मधुमक्खी, पशुपालन से विकास, गांवों में छोटे उद्योगों से किसानों को लाभ होगा कई वेस्ट चीजें फेंक देते हैं जिससे भी हम प्रसंस्करण कर लाभ ले सकते हैं देश के साथ विदेशों में भी कृषि उत्पादन में पैंठ होनी चाहिए संस्थान को अन्य संस्थानों से मिलकर काम करना चाहिए।

निज संवाददाता | रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईसीएआर-एनआईएसए के शताब्दी समारोह में कहा कि किसान आज भी गरीबी में जी रहे हैं इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मधुमक्खी और पशुपालन पर भी जोर दिया और बोला कि इससे छोटे किसानों को लाभ मिलेगा इस दौरान मंच पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय भी मौजूद रहे इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पौधरोपण किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के जयकारे के साथ किया उन्होंने कहा कि झारखंड से उनका विशेष लगाव है 2017 में इस संस्थान के साथ मिलकर कृषि मेले का उद्घाटन किया था संस्थान ने लाख, रेजिन जैसे कई उत्पादों में विशेष योगदान दियालाख के उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित करने का मौका मिला।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने राज्यपाल के दिनों को याद करते हुए बोला कि जब मैं पलामू गई थी तो वहां मुझे बताया गया कि पलाश, लाख एवं महुवा के नाम पर पलामू का काम रखा गया है लाख का 55 प्रतिशत उत्पादन होता है जो जनजातीय समुदाय के द्वारा जाता है लाख आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाता है जीवन यापन को सुधारने में लाभकारी है किसानों एवं उद्यमियों के समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जो सब्जी उत्पादन करते हैं लेकिन उसके बाद सब्जी खराब हो जाती है इस लिए अधिकारियों से निवेदन है कि कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जाए आज का दौर विश्व रुपी का है परंतु दुष्परिणाम से बचना है अभी भी कई क्षेत्र है जहां हम आगे जा सकते हैं

राष्ट्रपति ने कहा कि सप्लाई चेन, बाजार की व्यवस्था करने से किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकता है कृषि के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण की व्यवस्था की है पीएम किसान निधि से लाभ दिया जा रहा है।

# सीबीआई ने नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में छह आरोपियों के विरुद्ध दूसरा आरोपपत्र किया दायर

- सीबीआई ने पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की पहचान कर ली है और उनका विवरण राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के साथ साझा किया है।

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नीट यूजी-2024 प्रश्नपत्र चोरी मामले में छह आरोपियों के विरुद्ध पटना में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दूसरा आरोप पत्र दायर किया। यह आरोप पत्र भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दायर किया गया है, जिनमें धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक न्यास भंग), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्य मिटाना) एवं धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल, जिन्हें सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था एवं उप-प्रधानाचार्य, जिन्हें एनईईटी यूजी-2024 परीक्षा के संचालन हेतु एनटीए द्वारा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया था, के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (वर्ष 2018 में यथा संशोधित ) की धारा 13 (2) के साथ पठित धारा 13 (1) (ए) के तहत मूल आरोप लगाए गए हैं।

यह दूसरा आरोप पत्र निम्नलिखित छह आरोपियों के विरुद्ध दायर किया गया हैः यथा (1) बलदेव कुमार उर्फ चिंटू (2) सनी कुमार (3) डॉ. अहसानुल हक (प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल, हजारीबाग एवं हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर) (4) मोहम्मद इम्तियाज आलम (उप-प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल एवं केंद्र अधीक्षक) (5) जमालुद्दीन उर्फ जमाल ( हजारीबाग के एक समाचार पत्र के रिपोर्टर) तथा (6) अमन कुमार सिंह। सीबीआई ने पूर्व में दिनांक 01-08-2024 को 13 आरोपियों के विरुद्ध पहला आरोप पत्र दायर किया था।

जांच में पता चला है कि ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अहसानुल हक ने नीट यूजी-2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल एवं नीट यूजी-2024 परीक्षा के लिए केंद्र अधीक्षक मोहम्मद इम्तियाज आलम के साथ मिलकर अन्य आरोपियों के साथ नीट यूजी-2024 प्रश्नपत्र चोरी करने का षडयंत्र रचा था। अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा कर दिया है। शेष गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में जांच एवं अन्य पहलुओं के संबंध में आगे की जांच जारी है।

# खाई में गिरी बीएसएफ जवानों से भरी बस, हादसे में तीन शहीद, 32 घायल



एजेंसी | श्रनगर(जम्मू कश्मीर )

जम्मू कश्मीर से बड़े हादसे की खबर आ रही है। बडगाम आज यानी शुक्रवार को बीएसएफ जवानों को लेकर जा रही बस खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान शहीद हो गये हैं। वहीं 32 जवान घायल हुए हैं। बस का ड्राइवर भी घायल हो गया है। बस चुनाव ड्यूटी में लगी थी। जम्मू-कश्मीर में मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के ब्रेल वॉटरहेल इलाके में चुनाव ड्यूटी में लगी यह बस लगी थी। शुक्रवार को पहाड़ी सड़क से फिसलकर बस खाई में गिर गई। घायलों में छह जवानों को गंभीर चोटें आईं हैं। इससे पहले मंगलवार (17 सितंबर) को जम्मू कश्मीर के राजौरी में एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से सेना के छह कमांडो घायल हो गए थे। दुर्घटना सीमावर्ती जिले के मंजाकोट इलाके में हुई थी। हादसे के बाद वाहन बुरी तरह टूट-फूट गया था। छह जवान भी घायल हुए थे। स्थानीय ग्रामीणों समेत बचावकर्मियों ने छह घायल कमांडो को निकाला।

# ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्वच्छता दौड़ का आयोजन




निज संवाददाता | पटना

ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालयए पटना द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत संजय कुमार क्षेत्रीय निदेशक के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी मैदान में सुबह 8.30 बजे स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय निदेशक के संबोधन के साथ किया गया जिसमें उन्होंने गांधी मैदान में एकत्रित क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकुशल एवं रोगमुक्त बने रहने के लिए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य दोनों जरूरी है। अतः रोगमुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए अपने आस-पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें साथ ही अपने व्यस्त जीवन से स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन कुछ समय अवश्य निकालें और प्रतिदिन योग को अपनाए। तत्पश्चात ईएसआईसी के बैनर तले क्षेत्रीय निदेशक के नेतृत्व में गांधी जी की मूर्ति से सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गांधी मैदान का वृताकार रूप में दौड़ लगाए एवं आस-पास के जनसामान्य को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किये साथ ही महात्मा गांधी जी की मूर्ति के समक्ष यह प्रण लिया गया कि हम सभी अपने जीवन में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति स्वंय जागरूक रहेंगे एवं दूसरो को भी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

# लैंड फॉर जॉब केस में लालू यादव के खिलाफ चलेगा मुकदमा

निज संवाददाता | पटना



रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली से शुक्रवार को मिली सूचना के अनुसार कथित लैंड फॉर जॉब घोटाले में बिहार के पूर्व सीएम लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी केंद्र सरकार ने दे दी है। सीबीआई की फाइनल चार्जशीट पर गृह मंत्रालय ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट को इस बारे में जानकारी दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की अगली सुनवाई दिल्ली कोर्ट में 15 अक्टूबर को होगी। सीबीआई की ओर से अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अर्जी भी गृह मंत्रालय को दे रखी है। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि जल्द ही उनकी मंजूरी भी मिल जाएगी। दूसरी ओर, एक दिन पहले लैंड फॉर जॉब केस के मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में भी लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ गई थीं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए इस मामले में आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों को समन जारी किया।

# पीआईबी-सीबीसी के द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के तहत हिन्दी कार्यशाला का आयोजन




निज संवाददाता | पटना

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना के संयुक्त तत्वावधान में द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को 'सरकारी कार्य में हिन्दी भाषा का प्रयोग' विषय पर आयोजित हिन्दी कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीबीसी पटना के पूर्व निदेशक दिनेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर पीआईबी के निदेशक आशीष लकड़ा और सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिनेश कुमार ने कहा कि हिंदी जब लिखते हैं या बोलते हैं तो व्याकरण का प्रयोग करना चाहियेआज के दौर में व्याकारण को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी दुनिया हिंदी से जुडी हुई है। ज्यादातर संचार हिंदी में किया जाता है। हिंदी को अपनाने में संकोच नहीं करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में हिंदी को सरल, सहज्ञ और मौलिक रूप से प्रयोग करना चाहिये और इसे बेहतर बनाने में पढ़ाई जरूरी है।

मौके पर पीआईबी के निदेशक आशीष लकड़ा ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा या दिवस एक पर्व है जो हमें हिंदी में कार्य करने के लिये प्रेरित करता है।

# बिहार की नदियों में उफान से बाढ़ के हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री ने किया हवाई सर्वे

निज संवाददाता | पटना



बिहार में गंगा नदी में उफान की वजह से पटना समेत कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को हवाई सर्वे करके बाढ़ से प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। सीएम के साथ वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पटना में शुक्रवार को कई जगहों पर गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। पटना जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि गांधी घाट पर सुबह के समय गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान (48.60 मीटर) से ऊपर रहा। इसी तरह हाथीदह और दीघा घाट पर भी गंगा नदी लाल निशान से ऊपर बह रही है। इसके अलावा, झारखंड में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से फल्गू और सकरी नदियां भी उफान पर हैं। इससे इन नदियों पर बने छोटे डैम क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस वजह से पटना के ग्रामीण क्षेत्रों और नालंदा जिले के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी जमा हो गया है। पटना जिले के फतुहा और पंडारक प्रखंड में कई जगहों पर बाढ़ के हालात बने हुए हैं। नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड में भी हालात चिंताजनक हैं। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया, 'उदेरास्थान बांध से सकरी और फल्गु नदियों से 53,945 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण पंडारक प्रखंड में धनायन नदी के बाएं तट पर स्थित बरूआने जमींदारी बांध और सिरपतपुर बांध के कुछ हिस्से बीती रात को क्षतिग्रस्त हो गए।

# 24 या 25 सितंबर को मनाया जायेगा जीवित्पुत्रिका व्रत

निज संवाददाता | पटना




शास्त्रों में आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को जितिया, जीमूत वाहन अथवा जीवित्पुत्रिका व्रत करने का विधान है। कर्मकांडियों के अनुसार पहला दिन नहाय-खाय कहलाता है, दूसरे दिन खर जितिया कहलाता है। आचार्य अमरेंद्र कुमार शास्त्री उर्फ साहेब पंडित, पंडित शैलेंद्र कुमार मिश्र आदि का कहना है कि अपने यहां कोई भी पर्व-त्योहार वाराणसी पंचांग के अनुसार मनाया जाता है। जिसके तहत अष्टमी तिथि मंगलवार (24 तारीख) की शाम 5:58 बजे से प्रारंभ होकर बुधवार (25 तारीख) की शाम 4:47 बजे तक रह रही है। जीवित्पुत्रिका व्रत का मान सूर्योदय ग्राह्य तिथि में होने से माता और पुत्र के इस अगाध प्रेम का पर्व 25 तारीख दिन बुधवार को मनाया जाएगा।

# औरंगाबाद के रहने वाले पति-पत्नी की पीएमसीएच में कमरा बंद कर पिटाई

निज संवाददाता | पटना

पटना के पीएमसीएच में सास का इलाज कराने आए पति-पत्नी विकास कुमार और ज्योति कुमारी ने गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज पर मारपीट का आरोप लगाया है। दरअसल, औरंगाबाद जिले के मदनपुर थानांतर्गत घोड़ा डिहरी निवासी पति-पत्नी 17 सितंबर को मां का इलाज कराने पहुंचे थे। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सभी ओपीडी बिल्डिंग के रूम नंबर 112 में गए। दोपहर 1:20 बजे तक डॉक्टर की सीट खाली थी, कमरे में कोई स्वास्थ्यकर्मी भी नहीं था। इस दौरान ज्योति खाली कुर्सी और कमरे का वीडियो बनाने लगी। इसके बाद गार्ड ने अपने साथी को बुलाया और मोबाइल छीनने के लिए बदसलूकी करने लगा। तभी ड्यूटी इंचार्ज पहुंच गया और कमरा बंद कर पति-पत्नी को पीटने लगे, किसी तरह कमरे का गेट खोल कर ज्योति बाहर निकली। इस दौरान विकास कमरे के अंदर ही फंस गया। शोर मचाने पर भीड़ जुट गई। भीड़ देख आरोपियों ने विकास को छोड़ दिया।

वहीं पीड़िता ने पुलिस को घटना का वीडियो भी उपलब्ध कराया है। दोनों ने अस्पताल के गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पीरबहोर पुलिस ने पीएमसीएच के टॉप प्रभारी को जांच का जिम्मा सौंप है और जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश जारी किया है। घटना को लेकर पीरबहोर थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज के द्वारा बंधक बनाकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी की जांच कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नदी की तेज धार में बहने से अधेड़ की चली गई जान

**मानपुर।** मुफ्फसिल थाना अंतर्गत भुसुंडा बालू पर अवस्थित फल्गु नदी की तेज धार में बहने से अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान भुसुंडा निवासी 42 वर्षीय नागा ठाकुर के रूप में हुई। घटना अहले सुबह पांच बजे की है। मृतक नागा ठाकुर का नौरंगा स्थित देवी मंदिर के समीप सैलून है। बताया जाता है कि नागा ठाकुर पितृपक्ष के अवसर पर वृत्ति के लिए विष्णुपद मंदिर जा रहा था। इसी क्रम में कपड़ा उतार कर ज्यों ही नदी में उतारा तेज धार में बह गया। लोगों ने कहा कि सूचना पर दो - दो बार स्थानीय पुलिस व एक बार डायल 112 का वाहन मौके पर पहुंचा और बैगर शव निकाले वापस लौट गया। लोगों की माने तो शव बहते बहते उत्तरी लक्खीबाग के सामने झाड़ी में फंस गया।

### पईन अवरुद्ध करने पर एसडीएम ने की जांच

**टिकारी।** बाजितपुर ग्राम के समीप लाव दसईन पईन में किये गये अवरोध को हटाये जाने के मामले की जांच एसडीएम व अन्य पदाधिकारियों ने की। गुरुवार को एसडीएम सुजीत कुमार, सीओ मयंक शेखर दल बल के साथ जांच करने के लिए पहुंचे। एसडीएम श्री कुमार ने जांच कर ग्रामीणों से बात भी की। मौके पर मौजूद पुरा ग्राम निवासी नरेंद्र शर्मा उर्फ गुड्डू, लाव पैक्स अध्यक्ष मंटू शर्मा, पूर्व मुखिया वीरेंद्र शर्मा, प्रो मुंद्रिका नायक सहित अन्य लोगो ने बताया कि मोरहर नदी से बाजितपुर ग्राम के समीप से कटकर लाव दसइन पईन निकला है जिससे लाव व पुरा ग्राम के हजारों एकड़ भूमि सिंचित होती है। इस बार हुई बारिश में नदी में जल स्तर बढ़ने के बावजूद के बाद भी पईन में पानी नही आ सका।

### न्याय दिलाने के लिए समाहरणालय के समक्ष होगा धरना-प्रदर्शन

**बिहारशरीफ।** नायरा कुमारी को न्याय दिलाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा 20 सितंबर को नालंदा समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच, अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन, रविदास एकता संगठन और फुटपाथ संघर्ष मोर्चा इस धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व करेगा। नायरा कुमारी की 8 सितंबर को पटना के संदलपुर बहादुरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव चौधरी और अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के जिला अध्यक्ष राजगीर कबीर वचन वंशीय मठ गोलाघाट के संचालक महंत बलराम साहब ने कहा कि न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करना होगा।

### बंधुआ फाटक 3 दिनों के लिए बंद, आवागमन ठप

**मानपुर।** गया कोडरमा रेल खंड के बंधुआ फाटक को तीन दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जिससे गया रजौली मार्ग पर यातायात ठप है। सड़क मार्ग से यात्रा करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है की मध्य पूर्व रेल पथ अनुभाग अभियंत्रण विभाग द्वारा गुरुवार से शनिवार तक रेल फाटक के निकट रेल पटरियों की डिप स्क्रीनिंग और पैकिंग का कार्य करेगा। इस लिए फटक को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। रेल विभाग के इस निर्णय से स्थानीय लोगो में काफी आक्रोश व्याप्त है। लोगो की माने तो अगर उक्त स्थान पर रेल ओवर ब्रिज होता तो इस प्रकार की दिक्कतों का सामना नही करना पड़ता।

### हरनौत के पचौरा में एक दिन में लगे 12 सौ पौधे

**हरनौत।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान प्रखंड की पचौरा पंचायत में मंगलवार को 12 सौ पौधे लगाये गये। कार्यक्रम मनरेगा से आयोजित किया गया। पीओ राजीव रंजन कुमार ने बताया कि 14 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इससे अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर हवा और पानी को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। हवा और पानी जीवन की मूल जरूरतें हैं। इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी परिसर, अलंग, जलस्रोतों, ग्रामीण पथों के आसपास पौधे लगाये गये। इस दौरान मुखिया रामप्रवेश पासवान, राजीव रंजन उर्फ सोनू, पीआरएस व अन्य मौजूद थे।

### पीएम के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

**गया।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा युवा मोर्चा के बैनर तले रक्तदान शिविर लगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा बागवानी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा व युवा मोर्चा क्षेत्रीय प्रभारी मुन्ना कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर संयोजक महामंत्री, अमर शेखर, कौशल सिंह, सिकंदर चंद्रवंशी, प्रभारी आशीष पाठक, सह प्रभारी आशीष झा, व्यवस्था प्रमुख, विवेक चंद्रवंशी, निखिल निशांत राज, मीडिया प्रभारी भाई राज पाण्डेय, उत्तरी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष अनु बरनवाल, उपाध्यक्ष पम्मी सिंह आदि मौजूद थीं।

### हत्या मामले में आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मानपुर।** बुनियादगंज पुलिस ने तीन वर्षों से हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को उसके ही घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की शिनाख्त मुफ्फसिल थाना के गांधी नगर निवासी मनोज पंडित के बेटे कुख्यात कुणाल पंडित उर्फ कुणाल दुबे के रूप में हुई है। बताया जाता है कि 10 हजार रुपए रंगदारी नहीं मिलने पर इस कुख्यात ने अपने अन्य सहकर्मियों के साथ 19 अप्रैल 2021 को दिनदहाड़े सुढी टोला निवासी रंजन कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस संबंध में एसआई सतीश झा ने कहा कि बदमाश के घर में होने की सूचना पर छापेमारी हुई।

### करायपरसुराय में बाढ़ पीड़ितों के लिए माले नेताओं ने किया प्रदर्शन

**करायपरसुराय।** प्रखंड के 25 गांव फल्गु नदी की भीषण बाढ़ से प्रभावित हुए, जिससे मजदूरों और किसानों को भारी नुकसान हुआ। भाकपा माले नेताओं ने प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल राहत की मांग को लेकर प्रदर्शन किया । किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव, अध्यक्ष विजय यादव, खेत ग्रामीण मजदूर सभा के जिला कमेटी सदस्य दिनेश पासवान, प्रखंड कमेटी सदस्य उमेश जमादार और माले नेता शंकर प्रसाद सहित कई माले नेता प्रदर्शन में शामिल हुए।

### रात में बंगलापर से तीन भैंसों की चोरी

**हरनौत।** थाना क्षेत्र के बंगलापर गांव से मंगलवार की मध्य रात के बाद अज्ञात चोरों ने तीन भैंसें खोल ली। गांव के मनोहर यादव ने बताया कि उनकी दो भैंसें चोरी गई। एक भैंस गर्भवती थी। जबकि दूसरी भैंस दूध दे रही थी। एक भैंस मनोज यादव की थी। बंगलापर मुढ़ारी पंचायत के वार्ड संख्या 11 में आता है। पशुपालकों ने इसकी शिकायत पुलिस से की है।

### अन्नप्राशन दिवस पर माताओं बताया गया पोषण का महत्व



**सरमेरा।** प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को अन्नप्राशन दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर माताओं को 6 माह के बच्चों को ऊपरी आहार देने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा सिंहा, महिला पर्यवेक्षिका अर्चना कुमारी और विभावली ने भाग लिया। उन्होंने माताओं को पोषण, स्वच्छता और नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया। सितंबर माह में पोषण माह के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के बारे में भी चर्चा की गई।

# बोधगया में पूर्वजों के उद्धार के लिए त्रिपिंडी श्राद्ध

## आत्मा की शांति के लिए फल्गु में तर्पण, विदेशों से भी पहुंचे रहे लोग

निज संवाददाता। गया



पितृपक्ष मेला के चौथे दिन शुक्रवार को गया से 18 किलोमीटर दूर बोधगया स्थित धमारण्य में देश-विदेश से आए पिंडदानी अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने में जुटे हैं। पंडा गुरु छोटू बारीक के मुताबिक यहां धर्मराज युधिष्ठिर ने महाभारत के युद्ध में मारे गए अपने बन्धु बांधव के लिए यज्ञ और पिंडदान किया था। विभिन्न देशों से आए पिंडदानी धर्मारण्य वेदी पर त्रिपिंडी श्राद्ध करने में जुटे हैं। इस मौके पर तीर्थ यात्रियों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए फल्गु में तर्पण भी किया।

**सरस्वती नदी में आत्म शुद्धि और शरीर शुद्धि के लिए स्नान किया:** बोध गया के धर्मारण्य, मातंग्वापी संगम स्थल सरस्वती वेदी और महाबोधि मंदिर में अहले सुबह से ही श्रद्धालु जुटे हैं। पिंड दानियों ने पहले सरस्वती नदी में आत्म शुद्धि और शरीर शुद्धि के लिए स्नान किया। फिर अपने पूर्वजों और गुरुजनों के मोक्ष के लिए पंचरत्न से तर्पण करने के बाद धर्मारण्य में त्रिपिंडी श्राद्ध करने में जुटे हैं। धर्मारण्य में त्रिपिंडी श्राद्ध की मान्यता है। श्राद्ध कर्म संपन्न होने के बाद धर्मारण्य परिसर में अवस्थित भगवान विष्णु मंदिर में अपने पूर्वजों, गुरुजनों और इष्टजनों के स्वर्ग प्राप्ति के लिए प्रार्थना किया। त्रिपिंडी होने के बाद तीर्थयात्री मातंगी वेदी पहुंचकर मातंग ऋषि के नाम से तर्पण और श्राद्ध कर्म करने के बाद दिए गए पिंड को मातंगेश्वर महादेव के पास अर्पित करने में जुटे हैं। तीर्थ यात्री कर्मकांड संपन्न होने के बाद वेदी स्थित भगवती मातंगी देवी की पूजन कर पितरों के मोक्ष के लिए प्रार्थना करते।

**महाबोधि मंदिर में भी पिंडदान किया:** पिंडदानी महाबोधि मंदिर में भी अपने पितरों का श्राद्ध करते हैं। महाबोधि मंदिर पहुंचे पिंडदानी पितरों के लिए श्राद्ध कर्म संपन्न करने के बाद भगवान बुद्ध का दर्शन कर पितरों की मुक्ति के लिए आराधना की। धर्मारण्य, मातंग्वापी व सरस्वती वेदी के साथ महाबोधि मंदिर में भी तीर्थ यात्रियों का लंबी कतार लगी रही। मंदिर में प्रवेश के लिए यात्रियों को कई जांच घेरे से होकर गुजरना पड़ा। तीर्थयात्रियों को लेकर बोधगया में ट्रैफिक व्यवस्था अस्त व्यस्त है।

# जीविका दीदियों ने चलाया अभियान



निज संवाददाता। हरनौत

जीविका द्वारा स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता ही हमारा संस्कार के तहत विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसे सभी जीविका ग्राम संगठन एवं तीन संकुल स्तरीय संगठन चांद, तारा एवं नारी के अध्यक्ष व जीविका कर्मियों के द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें सभी पंचायतों से करीब 17 हजार परिवार शामिल हुए। बराह के सद्भावना, रामसंग के ज्योति, सोराडीह के संगम, बसनियावां के राशि, डिहरी के दुर्गा, पाकड़ के कृष्णा, चेरो के एकता व बंधन ग्राम संगठन के सदस्यों ने रैली का आयोजन, आपसी संवाद, चर्चा-परिचर्चा, रंगोली, हरा एवं ब्लू डब्बे की उपयोगिता, घर बाहर की साफ सफाई, नाखून व हाथों की सफाई, खाना खाने से पहले और शौच जाने के बाद आवश्यक रूप से साबुन से हाथ की सफाई की आवश्यकता पर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर ग्राम संगठन ने बैनर बनाकर सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता ही सेवा के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम में जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक ओम प्रकाश, रजनीश कुमार, सामुदायिक समन्वयक रेखा कुमारी, नीजु कुमारी, विभा कुमारी, श्वेता रानी, रीना प्रसाद, खुशबू कुमारी, सुलेखा कुमारी, रीना कुमारी, रेखा के साथ सभी संगठन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, एमवीके, सीएफ, एमआरपी इत्यादि मौजूद थे।

# जंगल से 6 प्रेशर आईईडी बरामद



निज संवाददाता। डुमरिया

गया जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाके गया व औरंगाबाद सीमा पर स्थित डुमरिया के लंगुराही और पंचरुखिया के जंगल से सुरक्षा बलों ने 10 केजी की 6 शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बरामद की है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लैंडमाइंस (प्रेशर आईईडी) को प्लांट किया था। हालांकि समय रहते सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। जानकारी हो कि विगत कुछ दिन पहले भी पंचरुखिया के जंगल से सुरक्षा बलों ने दो दर्जन से अधिक प्रेशर आईईडी को बरामद किया था। इसके बाद सुरक्षाबलों के जवान लगातार क्षेत्र में सर्च अभियान चला रहे हैं। वहीं मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई गया व औरंगाबाद जिले की सीमा पर स्थित लंगुराही और पंचरुखिया के जंगल से सुरक्षाबलों के जवानों और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चलाकर की है। यह कार्रवाई डुमरिया के 205 कोबरा के सहायक कमांडेंट समादेष्टा उपेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में चलाई गई। इस अभियान में 205 कोबरा के अधिकारी, जवानों व जिला पुलिस के अधिकारी शामिल थे। वहीं संयुक्त कार्रवाई के फलस्वरूप चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को लंगुराही एवं पंचरुखिया जंगल से सुरक्षाबलों ने दो प्रेशर आईईडी को बराबर कर डिफ्यूज कर दिया है।

# आहर में डूबे अधेड़ और किशोर, मौत

निज संवाददाता। फतेहपुर



फतेहपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में नहाने और पैर-हाथ धोने के दौरान आहर में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में थाना क्षेत्र के मिस्त्रियाडीह गांव के कृष्णा मांझी (50) और दादपुर गांव के आनंद कुमार (14) शामिल है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं पीड़ित परिजनों के लिखित आवेदन पर थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि डूबकर मरने की पहली घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र के मिस्त्रियाडीह गांव की है। गांव निवासी कृष्णा मांझी (50) खेत में काम करने के बाद गांव के कुशन सागर आहर में पैर-हाथ धोने गया। इसी समय पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी चला गया जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दूसरी घटना थाना क्षेत्र के दादपुर गांव की है। गांव निवासी अजय चौधरी का पुत्र आनंद कुमार (14) गांव के सामुदायिक भवन के पास स्थित कदहर नाला में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। इसमें उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना पर वे पुलिस बल के साथ दोनों गांव पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

साथ ही घटना के बारे में परिजनों व ग्रामीणों से जानकारी ली गई। इसके बाद दोनों शवों को कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने अपने-अपने गांव स्थित श्मशान घाट पर दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मृतक के पीड़ित परिजनों द्वारा घटना को लेकर लिखित आवेदन दिया गया जिसपर थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है।

# मनोरमा ने नक्सलियों के मददगार से की थी लव मैरिज

निज संवाददाता। गया

गया में गुरुवार को जदयू की पूर्व MLC मनोरमा देवी के घर और उनके प्लांट पर NIA की टीम ने छापेमारी की। यह छापेमारी नक्सल कनेक्शन की आशंका पर की गई। छापेमारी के दौरान घर से 4 करोड़ से ज्यादा कैश मिला है। दो बार MLC रही मनोरमा देवी ने 1997 में लव मैरिज की थी। 2021 में मनोरमा दवी के पति बिंदेश्वरी यादव की कोरोना से मौत हो गई। स्व. बिंदेश्वरी यादव उर्फ बिंदी यादव का सीधा कनेक्शन नक्सलियों से था। इसकी वजह से उन्हें जेल भी भेजा गया था। MLC के बड़े बेटे रॉकी यादव 2016 में रोड रेज केस में जेल जा चुका है। हालांकि, हाई कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में 2023 में उसे रिहा कर दिया था। मनोरमा देवी ने 2020 में गया के अतरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ी थी, लेकिन वो हार गई थीं। इससे पहले एक बार MLC का चुनाव भी हारी हैं। इनके दो बेटे रॉकी यादव, जैकी यादव और एक बेटी अमीषा यादव हैं। तीनों की शादी नहीं हुई है।

**छोटे-मोटे क्राइम से अपराध की दुनिया में कदम रखा था बिंदी यादव:** मनोरमा देवी मूल रूप से कहां की है। इस बात की लोगों को स्पष्ट जानकारी अब तक नहीं है। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि वे हरियाणा की हैं। उनके पिता जीटी रोड पर ढाबा चलाते थे। शादी से पहले बिंदी यादव ने 1990 के दशक में छोटे-मोटे क्राइम से अपराध की दुनिया में कदम रखा था। बिंदी यादव मूल रूप से गया के मोहनपुर प्रखंड के गणेशचक का रहने वाला था।

**ैगवार में मारे गए थे दो साथी:** अपराध की दुनिया में कदम रखने के बाद बिंदी यादव गया शहर के एक बड़े अपराधी के संपर्क में था। फिर बिंदी यादव एक गिरोह तैयार किया था, जिसमें 4 अपराधी थे। इसमें बचु, बिंदी, टार्जन और टीपू शामिल थे। सभी राजद के सदस्य थे। इन लोगों ने जमकर लूट, रंगदारी, जमीन कब्जा की घटनाओं को अंजाम दिया। इस बीच गैंगवार के दौरान टीपू और टार्जन 1997 से लेकर 2000 के बीच मारे गए। 2002 में बिंदी यादव ने जिला पर्षद का चुनाव लड़े और जीते। इसके बाद सभी जिला पर्षद सदस्य को अपने कब्जे में लेकर गायब हो गए। फिर इन पर्षदों के समर्थन से जिला पर्षद अध्यक्ष बने।





**बिंदी यादव भारी संख्या में कारतूस के साथ गिरफ्तार हुआ था:** 2010 में बिंदी यादव जदयू में शामिल हो गए। 2011 में नक्सलियों के मददगार के रूप में जीटी रोड पर भारी संख्या में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बोधगया थाने में 63/11 केस दर्ज किया गया। उस समय विनय कुमार एसएसपी थे। उन्होंने बिंदी यादव को जेल भेजा। कुछ दिनों बाद वो जेल से बाहर आया और पत्नी मनोरमा देवी को एमएलसी का चुनाव लड़ाया। मनोरमा दो बार चुनाव लड़ीं और जीत गईं। 2016 में मनोरमा देवी के बड़े बेटे रॉकी यादव देश के चर्चित रोड रेज कांड में फंस गया। आरोप है कि उसने चलती कार में आदित्य सचदेवा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। क्योंकि आदित्य ने रॉकी की कार को साइड नहीं दिया था। इस घटना के दूसरे दिन ही रॉकी यादव पकड़ा गया और उसे जेल भेज दिया गया। इस कांड में खुद बिंदी यादव ने भी कोर्ट में सरेंडर किया था। रॉकी यादव को हाईकोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में 2023 में रिहा कर दिया था। 2002 में बिंदी यादव ने रमिया कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी खोली। यह कंपनी नक्सल क्षेत्र में पुल, पुलिया, सड़क निर्माण का काम खूब किया। इसके अलावा क्रशर, पहाड़ की खुदाई, बालू के बड़े स्तर पर कारोबार है। इनकी गया में अमीषा होटल और दिल्ली में रॉक होटल भी है।

**टिकारी में छापेमारी के बाद जांच में जुटी थी टीम:** सरकार के खुफिया सूत्रों अनुसार, पिछले दिनों NIA ने टिकारी में नक्सल कनेक्शन के तहत छापेमारी की थी। उस दौरान दो लड़कों से गहन पूछताछ की गई थी। इनमें से एक लड़का दीपक कुमार के मोबाइल का सिम कार्ड मनोरमा देवी के नाम से मिला था। इसके बाद से NIA की टीम जांच में जुटी गई थी।

## ♦ अब पूर्व MLC का नक्सल कनेक्शन खंगाल रही NIA, बेटा भी 7 साल जेल में रहा

# नालंदा में युवाओं के लिए नई उम्मीद, स्टडी और टूलकिट योजना का शुभारंभ

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण जगी है। जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर ने 2 महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। जो स्थानीय युवाओं को शिक्षा और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगी। पहली योजना 'स्टडी किट योजना' है, जिसके तहत BPSC और UPSC जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को 5 हजार रुपए तक की पुस्तकें निशुल्क प्रदान की जाएंगी। अन्य परीक्षाओं के लिए यह सीमा 2,500 रुपए निर्धारित की गई है। यह योजना उन युवाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो आर्थिक कारणों से गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री नहीं जुटा पाते। दूसरी योजना 'टूलकिट योजना' है,





जो स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को 15 हजार रुपए तक के औजार, मशीनें और अन्य उपकरण मुफ्त में दिए जाएंगे। यह पहल उन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, लेकिन प्रारंभिक निवेश की कमी के कारण पीछे रह जाते हैं। दोनों योजनाओं के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। आवेदक को नालंदा का निवासी होना चाहिए, उसकी वार्षिक पारिवारिक आय 1,80,000 रुपए से कम होनी चाहिए और उसे जिला नियोजनालय में कम से कम 6 महीने से पंजीकृत होना चाहिए। इसके अलावा, स्टडी किट योजना के लिए किसी परीक्षा का फॉर्म भरा होना आवश्यक है। जबकि टूलकिट योजना के लिए किसी ट्रेड में कम से कम 3 महीने का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जरूरी है। जिला नियोजन अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि नालंदा के युवा अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग कर सकें। ये योजनाएं उन्हें आगे बढ़ने का एक मजबूत आधार प्रदान करेंगी। उन्होंने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया। आवेदन की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2024 निर्धारित की गई है।

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल की जगह पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी**

**सं.: सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लाँग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पीटी.-III, दिनांक 16.09.2024;** रेलवे प्रशासन द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के माध्यम से दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 05 यात्री वाही ट्रेनों में 10 अदद एसएलआर तथा 03 यात्री वाही ट्रेनों में 03 अदद आरटीवीपी के लिए ई-नीलामी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ अहस्तांतरणीय नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए मर्चेंटों का ई-नीलामी प्रारूप के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर एक बार पंजीयन अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना होगा। नीलामी सूचीपत्र का विवरणः ● **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-24-9डी। ● **ट्रेनः** 05 यात्री वाही ट्रेनों में 10 अदद एसएलआर तथा 03 यात्री वाही ट्रेनों में 03 अदद आरटीवीपी। ● **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समयः** 30.09.2024; अपराह्न 1.00 बजे।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,**
पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग,
(HWH-297/2024-25) हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज बाइट्स

### दवा के दुष्प्रभाव व उपयोग के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी



सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के फार्माकोलॉजी विभाग के तत्वावधान में फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसी क्रम में आज नारायण मेडिकल कॉलेज के ओ पी डी क्षेत्र में विभाग से जुड़े शिक्षकों एवं छात्रों ने लोगों को दवा के दुष्प्रभाव एवं इसके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। दवा के उपयोग के पूर्व उसके प्रति पूरी जानकारी प्राप्त करना हर उपभोक्ता का दायित्व होता है। दवा के निर्माण एवं उपयोग हेतु सुरक्षित समय को देखना जरूरी है। दवा के दुष्प्रभाव आदि के बारे में लोगों को जानना चाहिए तथा उसके अनुसार ही इसका प्रयोग करना चाहिए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल संबंधित विभाग तथा अपने चिकित्सक को सूचित करना चाहिए। ऐसा करने से समय पर उपचार करके दवा के दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है तथा मरीज को स्वास्थ्य प्रदान किया जा सकता है ।इस कार्यक्रम के दौरान फार्माकोलॉजी की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर सुषमा कुमारी, सह प्राध्यापक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर शशि कला कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉ मुकेश कुमार एवं डॉक्टर वैभव श्रीवास्तव ने स्नातकोत्तर छात्रों के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम को संपन्न कराया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह जानकारी दी गई।

### अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर पांच पर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)। प्रखंड दिनारा अंतर्गत गुप्त सुचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता दिनारा के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम-सराव एवं अरीला रघुनाथपुर मे पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार के द्वारा बताया गया की जाँच दल द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर बिपिन बिहारी सिंह पर 11484, प्रभावती देवी पर 16947, शशिकांत सिंह पर 21186 रामजीत राम पर 8164 रुपये जुर्माना लगायी गयी है। सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर पूजा कुमारी पर 11844 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। जाँच दल मे क्षेत्रीय मानवबल मिस्त्री जितेन्द्र शर्मा, रवि कुमार, कृष्णा सिंह आदि मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर चोरी करने के आरोप मे दो गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज के ग्राम-कोल्हा टोला के कुछ ग्रामीणों द्वारा कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल को सूचित किया गया कि कोल्हा टोला में ऑटो से कुछ लोग आकर विद्युत विभाग के 63 केवीए का ट्रान्सफॉर्मर की चोरी कर रहे हैं। जिसके पश्चात जेई बिक्रमगंज द्वारा बिक्रमगंज थाना को उक्त संदर्भ में सूचित की गयी। जेई बिक्रमगंज एवं थाना बिक्रमगंज के पुलिस पदाधिकारियों को पहुचने पर पाया गया कि उक्त स्थल पर सुरज कुमार, पिता-पिन्टु कुमार, ग्राम-जोन्हीं महावीर टोला एवं रोहित कुमार यादव, पिता-हीरालाल यादव, ग्राम-बेलवाई, थाना-काराकाट द्वारा विद्युत विभाग के अधिष्ठापित 63 केवीए ट्रान्सफॉर्मर का एल०टी० बसबार को चोरी कर ली गयी है।

# डीएम के जनता दरबार में उमड़ रही महिला फरियादियों की भीड़, प्रताड़ित महिलाओ ने सुनाई अपनी समस्याएं

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



अगरेर थाना अंतर्गत गम्हरिया गांव की निवासी एक महिला बताती हैं कि उनकी शादी डीएम ऑफिस के जिला नजारत शाखा में अनुसेवक के पद पर काम कर रहे आर्यन कुमार से पिछले साल के जनवरी माह में हुई थी। शादी के कुछ ही दिन के बाद उनके पति और ससुराल वालों के द्वारा उन्हें मानसिक प्रताड़ना, मारपीट और पैसे की मांग की जाने लगी। पीड़िता बताती हैं कि उनके पति आर्यन कुमार प्रतिदिन दारू पीकर आते हैं और उनके साथ मारपीट करते हैं और तलाक देने के लिए बार बार उनपर दबाव डालते हैं। पीड़िता आगे बताती है कि वे जीएनएम की छात्रा हैं और उन्हें रोज क्लास करने के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है, लेकिन इसे लेकर भी ससुराल वालों के द्वारा उन्हें पढ़ने जाने से रोका जाता है। पीड़िता बताती है कि उन्हें बीते दिनों इन्हीं बातों के लिए उनके साथ काफी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की गई, जिस वजह से वे बीते चार दिनों से अपने मायके में रह रही हैं। पीड़िता अपनी उक्त बातों को लेकर आज जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह के जनता दरबार में पहुंची थी। जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए महिला हेल्प लाइन की प्रोजेक्ट मैनेजर आफरीन तरन्नुम को निर्देश दिया कि उक्त मामले में महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने संबंधित शाखा के प्रभारी को निर्देश दिया कि अनुसेवक आर्यन कुमार को इस बाबत स्पष्टीकरण जारी किया जाए।शुक्रवार को होने वाले दैनिक जनता दरबार में आज एक सौ से अधिक फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने सभी फरियादियों को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्या के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दरबार में उप विकास आयुक्त श्री विजय कुमार पांडे और अपर समाहर्ता श्री चंद्रशेखर कुमार सिंह भी फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर रहे थे। उर्मिला देवी बिक्रमगंज के मानी वार्ड की निवासी हैं। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साल 2022 में मकान बनाने के लिए राशि आवंटित की गई थी। लेकिन वे बताती हैं कि अभी तक उन्हें राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। जब वे प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड सहायक पर्यवेक्षक के पास जाती हैं तो उनसे पैसे की मांग की जाती है। उन्होंने उक्त मामले के संबंध में 05.07.2023 को ग्रामीण विकास मंत्री के कार्यालय में और 23.08.2023 को उप विकास आयुक्त के समक्ष अपनी शिकायतें रखी थी। लेकिन ना उन्हें मकान बनाने के लिए राशि ही दी गई और ना ही पैसे मांगने वाले दोषी पदाधिकारियों को दंडित ही किया गया। उर्मिला देवी अपनी शिकायत लेकर आज जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह के जनता दरबार में पहुंची थी। जिलाधिकारी ने उक्त मामले की त्वरित जांच करने और मामले की सुनवाई अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को करने का निर्देश दिया है। शिवसागर थाना अंतर्गत मोहनिया गांव की निवासी एक महिला बताती है कि उनकी शादी कोचस थाना अंतर्गत गारा गांव में मार्च, 2020 में हुई थी। शादी के कुछ दिन के बाद ही उनके ससुराल वालों के द्वारा पैसे और सासाराम में जमीन की मांग की जाने लगी। इसे लेकर उन्हें काफी प्रताड़ित भी किया गया। वे बताती हैं कि शादी के 5 महीने के बाद ही उनके पति ने उन्हें मायके पहुंचा दिया और अब वह तलाक की अर्जी दायर किए हैं। महिला बताती है कि उनकी एक बेटी है और वे तलाक नहीं चाहती हैं। वे अपने पति के साथ ही रहना चाहती हैं। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने महिला हेल्पलाइन के पदाधिकारी को मामले की जांच करने और उनके परिवारजनों की काउंसलिंग करने का निर्देश दिया।

# सड़क दुर्घटना में युवती समेत तीन की मौत

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक युवती समेत तीन की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबित बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो लोगों के वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष ललन प्रसाद ने बताया कि शहर के धनगाई काली स्थान के समीप एक तीस वर्षीय युवक राजन कुमार सिंह मोटर साइकिल चालक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई तो वहीं शहर के डेहरी रोड में सोलह वर्षीया कुमकुम कुमारी के वाहन की चपेट में आने से चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज हेतु सासाराम ले जाने के क्रम मौत हो गई। थाना अध्यक्ष ने इसकी पुष्टि करते हुए बतलाया कि दोनों शव का सासाराम सदर अस्पताल में अंत्यपरीक्षण कराने के लिए भेजा गया।

आगे उन्होंने बतलाया कि कुमकुम कुमारी को जिस वाहन ने ठोकर मारी थी उसे बरामद कर लिया गया है जबकि राजन कुमार सिंह के मामले में ठोकर मारने वाला वाहन अज्ञात है। एक ज्ञात और दुसरे में अज्ञात प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रेतर करवाई कर रही है। वहीं दावथ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या तीस के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई।

इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि ग्राम छितनी फोरलेन के पास एक युवक की अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से मौत की सुचना पर दावथ थाने की पुलिस द्वारा घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर सासाराम अंत्यपरीक्षण हेतु भेजा गया। मृतक के बारे में बतलाया गया कि मृत युवक धर्मेंद्र कुमार ग्राम हेनवा, थाना कृष्ण ब्रह्मपुर बक्सर का निवासी है। पुलिस मामले में अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गया और घर परिवार में मातम का माहौल कायम हो गई। पुलिस ने शवों का अंत्यप्रिक्षण कराने के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया।

# विद्युत विभाग में उपभोक्ताओं की सुनी गयी फरियाद, उचित कार्यवाई का आश्वासन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में विद्युत विपत्र सुधार और स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपभोक्ता मुख्य रूप से गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर और अन्य समस्याओं के कारण उत्पन्न हुए बिजली बिल की समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज, राज कुमार ने बताया कि कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल को मौके पर ही ठीक कर दिया गया। जिन उपभोक्ताओं के बिल को तुरंत ठीक नहीं किया जा सका, उनके आवेदन पत्र ले लिए गए हैं और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि उनके बिल को सात कार्यदिवस के भीतर सुधार दिया जाएगा।

शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर और सामान्य मीटर में कोई खास अंतर नहीं है और उपभोक्ताओं को इस बारे में किसी भी प्रकार की भ्रांति का शिकार नहीं होना चाहिए। कंपनी मुख्यालय के निर्देशानुसार, प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सभी प्रशाखाओं और अवर प्रमंडलों में अधिकारी उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनने के लिए उपस्थित रहेंगे। शिविर में जेई दिनारा विकाश कुमार, जेई संझौली प्रमुदित रक्त पटेल, जेई बिक्रमगंज नवदीप गोयल, जेई सूर्यपुरा आनंद कुमार, जेई दावथ अर्जुन कुमार, अविनाश कुमार, आदिल खान सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस पहल से उपभोक्ताओं को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मिलने की उम्मीद है।

# 27 को होगा एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

जिलाधिकारी उदिता सिंह के आदेशानुसार आज उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 के आयोजन को लेकर बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ (आईसीडीएस), नजारत उप समाहर्ता, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन फजलगंज स्थित मल्टीपर्पस हॉल में 27 सितंबर को किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि युवा उत्सव का मुख्य उद्देश्य उन युवा प्रतिभागियों की खोज करना है जो कला एवं संस्कृति के क्षेत्र बेहतर मुकाम हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और पूरी पारदर्शिता के साथ कलाकारों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव के दिन होने वाले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तरीय महोत्सव में भेजा जाएगा। युवा उत्सव 2024 में भाग लेने वाले युवा कलाकारों की उम्र सीमा 15 से 29 साल रखी गई है। आवेदक के लिए आवेदन जिला शिक्षा कार्यालय, जिला खेल कार्यालय तथा सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा। सभी प्रतिभागी 21 से लेकर 25 सितंबर की शाम 5 बजे तक अपना आवेदन संबंधित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रतिभागी जिन 13 विधाओं में भाग ले सकते हैं उनमें- समूह गायन, समूह लोक नृत्य, लघु नाटक, शास्त्रीय नृत्य (कत्थक, ओडिसी, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मणिपुरी), शास्त्रीय गायन (हिंदुस्तानी, कर्नाटकी), शास्त्रीय वादन (सितार, बांसुरी, वीणा वादन, मृदंगम, गिटार), हारमोनियम वादन, वक्तृता, लोकगीत (एकल), चित्रकला, हस्तशिल्प, छायाचित्र, मूर्तिकला शामिल है।

# पंचायत के स्वच्छता कर्मीयों हेतु सुरक्षा शिविर आयोजित

निज संवाददाता | दावथ (रोहतास)

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत स्वच्छता हीं सेवा 2024 में शुक्रवार को दावथ प्रखण्ड अन्तर्गत सभी पंचायत के स्वच्छता कर्मियों के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वच्छता कर्मी सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी पंचायतों से आए करीब 80 स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांचकर औषधियां उपलब्ध कराई गईं। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण/लोहिया स्वच्छता योजना के तत्वाधान में प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह की देखरेख में चिकित्सक डा. गोपेश कुमार एवं डा. विजय प्रताप ने अपनी सेवा दी। प्रखण्ड समन्वयक पंकज किरण ने बताया कि पूरे देश में स्वच्छता हीं सेवा पखवाड़ा का आयोजन 2017 से हीं किया जा रहा है। इसबार इसका आयोजन 14 सितम्बर से 02 अक्टुबर 2024 तक किया जा रहा है, जिसका थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' है। स्वच्छता हीं सेवा 2024 अंतर्गत ओडीएफ प्लस के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतू घरेलु स्तर पर कचरे का पृथक्करण, अपशिष्ट प्रबन्धन के कार्यो में जन भागीदारी, उपयोगिता शुल्क संग्रह बढ़ाने, ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों की घोषणा इत्यादि हेतू IEC/BCC के द्वारा प्रचार प्रसार अपेक्षित है। प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी काशीनाथ सिंह ने बताया कि स्वच्छता कर्मी स्वच्छता योजना की धूरी हैं। इनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं का ख्याल रखना आवश्यक है। इस हेतू स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एक बेहतर विकल्प है। शिविर में स्वच्छता पर्यवेक्षक ब्रजेश, रमेश, प्रदीप, ओम प्रकाश, बृजेश, प्रकाश, सत्येन्द्र, मनोज इत्यादि मौजूद रहे।

# मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

स्थानीय थाना क्षेत्र के अमैसी डिहरा गांव मे गली मे मकान का नाली का पानी गिरने को लेकर दो पक्ष में जम कर मारपीट हो गई जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है की अमैसी डिहरा गांव मे गली के रास्ते में नाली का पानी गिरने को लेकर एक पक्ष के पारस चौहान तथा दूसरे पक्ष के जवाहर चौहान के बीच तू तू मै मै के साथ लाठी डंडे चलने लगी जिसमे एक पक्ष के आधार दर्जन महिला तथा पुरुष घायल हो गए। घायलो मे नीतीश कुमार, सीमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, विपुल कुमार, श्वेता कुमारी और लक्ष्मी ना देवी बताई जाती है। परिजनो के सहायता से सभी घायलो उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक ने उपचार के बाद पांच लोगों को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। वही थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि एक पक्ष के पारस चौहान ने दूसरे पक्ष के जवाहर चौहान के परिवार सहित सात लोगों पर मारपीट कर घायल करने का थाने मे लिखित आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज कराई है। जहा पुलिस आवेदन ले आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# काली मंदिर से चोरी गई आभूषण के साथ पुलिस ने तीन चोर को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

तीन दिन पूर्व काली मां के मंदिर से चोरी गई आभूषण के साथ दो चोर तथा एक दुकानदार को ओपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि करते हुए ओपी थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि तीन दिन पूर्व थाना क्षेत्र के एकवनी गांव के काली मां के मंदिर से रात्री मे अज्ञात चोरो ने आभूषण की चोरी कर लि थी, जिसमें ग्रामीणों के बताए अनुसार पुलिस ने दो युवक एकवनी गांव निवासी राहुल कुमार पाठक उम्र 20 वर्ष तथा श्रवण कुमार पाठक उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिसिया कार्रवाई के बाद दोनों युवकों ने अपनी संलिप्तता स्वीकारते हुए उन्होंने कहा कि हमने सोने की चैन व लाकेट की चोरी की है। पुलिस ने चैन को बरामद कर लॉकेट के बारे में पूछताछ की तो उन लोगों ने बताया कि परसथुआ बाजार में अलंकार ज्वेलर्स को बेचा है। इसी निशान देही पर पुलिस ने संतोष कुमार सेठ को अपने हिरासत मे ले पूछताछ कर तीनो को जेल भेज दिया गया है।

# नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग पर प्रशिक्षण

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

स्थानीय नगर पंचायत कोचस के मोहनिया रोड स्थित इफको बाजार मे इफको द्वारा एक दिवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कृषक गोश्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे इफको के रोहतास सह कैमूर के क्षेत्रीय प्रबंधक नवनीत कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम मे किसानो को नैनो यूरिया नैनो डीएपी और इफको अन्य उत्पाद सहित रसायन उर्वरक



का सही मात्रा सही समय पर उपयोग करने की सही जानकारी दी साथ ही उन्होंने किसानो को जानकारी दी रोहतास जिले मे नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के छिड़काव हेतु जिले मे 5 ड्रोन उपलब्ध है जो आपके छेत्र कोचस प्रखंड मे एक ड्रोन उपलब्ध है और करगहर प्रखंड मे एक ड्रोन उपलब्ध है जिससे आप सभी नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का छिडकाव अपने खेत मे करवा सकते है और कार्यक्रर्म मे इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक नवनीत कुमार सिंह।

# पूर्व मध्य रेल में 'स्वच्छता ही सेवा-2024' का आयोजन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)



पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा-2024' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में दानापुर मंडल में अधिकारियों, कर्मचारियों और स्काउट-गाइड टीम के सहयोग से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु वॉकथॉन का आयोजन किया गया। दानापुर रेलवे स्टेशन पर फिटनेस और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। मोकामा रेलवे स्टेशन पर आम लोगों और रेलवे कर्मचारियों की सहभागिता से श्रमदान भी किया गया। मंडल के बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, झाझा, राजेन्द्र नगर और पाटलिपुत्र रेल परिसर में भी वॉकथॉन का आयोजन किया गया। पटना रेलवे स्टेशन पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने अपनी टीम के साथ श्रमदान किया। एनजीओ, एबुडेंट लाइफ फाउंडेशन द्वारा पटना सिटी रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई को बढ़ावा देने के लिए श्रमदान किया गया। समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय से रेलवे कॉलोनी तक अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। नरकटियागंज, दरभंगा, सुगौली और रक्सौल स्टेशनों पर भी पब्लिक रैली का आयोजन किया गया। धनबाद मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा' के तीसरे दिन रेलवे ऑडिटोरियम में बाइक रैली और प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर अधिकारियों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों ने हाथों में स्वच्छता संदेश संबंधी बैनर के साथ वॉकथॉन का आयोजन किया। सोनपुर मंडल के सोनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता संदेश देने के उद्देश्य से स्काउट और गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सोनपुर मंडल के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, मानसी और बेगुसराय जैसे सभी बड़े स्टेशनों पर सफाई मित्रों की सहायता से नाले की साफ-सफाई की गई।

# पटना-गया एवं सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड का निरीक्षण

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज पटना-गया और सोननगर-गढ़वा रोड-चंद्रपुरा-पारसनाथ-कोडरमा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलमार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओचई), सिगनलिंग सिस्टम और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से संरक्षा पर ध्यान देने का निर्देश दिया और सभी अधिकारियों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी पहलुओं का ध्यान रखना आवश्यक है। दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी और धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर



सिन्हा भी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे और निरीक्षण में सहयोग किया।

# शिक्षक सेवा से निवृत होते, शिक्षा से नहीं : डीपीओ

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। शिक्षक सरकारी सेवा से सेवानिवृत होते है, शिक्षा से नहीं। उक्त बाते बीआरसी कोचस में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक कृष्णकांत चैबे के सम्मान में आयोजित शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह में डीपीओ रोहतास सह प्रभारी बीईओ कोचस रविन्द्र कुमार ने कहीं। डीपीओ ने कहा कि सरकारी सेवक बनने के बाद एक तय समयानुसार सभी को सेवानिवृत होना पड़ता है। लेकिन शिक्षक आजीवन शिक्षक बने रहते हैं। वे अपने गुणों से आस पड़ोस के लोगों को किसी न किसी प्रकार से शिक्षित करने का कार्य करते रहते हैं।इससे पहले उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक को अंगवस्त्र एवं फूलमाला देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सेवानिवृत शिक्षक श्री चैबे के अलावे प्रधानाध्यापक संतोष सिंह, बीआरपी हरिद्वार तिवारी, रामदेव प्रसाद, बीरेंद्र शर्मा, अकाउंटेंट वीकेके उपाध्याय समेत अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। बता दे कि श्री चैबे 31 अगस्त को प्रधान शिक्षक के पद से सेवानिवृत हुए थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**

**सं:–कॉम–पीएमबीजेके–आरा–2**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–

**1. कार्य का नाम :** "आरा" रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (PMBJK) खोलने एवं संचालन।, **2. अनुबंध की अवधि :** 03 वर्ष, **3. केटलॉग संख्या :** कॉम–पीएमबीजेके–आरा–2, **4. लॉट संख्या :** पीएमबीजेके–डीएनआर–आरा–पीएमबीजेके–2–24–1, **5. ई–नीलामी की तिथि व समय:** दिनांक 03.10.2024 को 13:00 बजे से 13:30 बजे तक लॉट संख्या–पीएमबीजेके–डीएनआर–आरा–पीएमबीजेके–2–24–1 की ई–नीलामी होगी। (प्रारंभिक कुलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **7. वेवसाईट जहॉं ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/01160/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/28

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**

**सं:–कॉम/एनएफआर/टीटी–एफटी/डीएनआर/24**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–

**1. कार्य का नाम :** दानापुर डिवीजन के कुल 07 (सात) स्टेशनों पर तीन (3) वर्षो की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार मार्ग के माध्यम से फ्लेक्स बोर्ड पर समय सारणी एवं किराया तालिका, बोर्ड की स्थापना और रखरखाव।, **2. अनुबंध की अवधि :** 03 वर्ष, **3. केटलॉग संख्या :** कॉम/एनएफआर/टीटी– एफटी, **4. लॉट संख्या :** एडीविटी–डीएनआर–डीएनआर–ओएसएन–244–24–1 स्टेशन परिसर में विज्ञापन (नॉन–डिजिटल), **5. ई–नीलामी की तिथि व समय:** दिनांक 04.10.2024 को 14:00 बजे से 14:30 बजे तक। (प्रारंभिक कुलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **6. वेवसाईट जहॉं ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/01159/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/32

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**जीएसएडी, मंडल कार्यालय, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद (बिहार)**

**परिसर की आवश्यकता**

पंजाब नैशनल बैंक को शाखा कार्यालय इटिम्हा, नासरीगंज, जिला-रोहतास के लिए लीज/ किराए पर उपयुक्त तैयार तथा अच्छी तरह से निर्मित हॉल युक्त भवन की आवश्यकता है, जो एटीएम सहित **(1200 वर्गफूट से 1600 वर्ग फूट)** का होना चाहिए। भूतल पर स्थित भवन को प्राथमिकता दी जाएगी, यदि प्रथम तल पर हो तो यथासंभव लिफ्ट की सुविधा होनी चाहिए। प्रस्तावित परिसर विधिक प्राधिकारियों से स्वीकृत प्रमाण पत्र युक्त होनी चाहिए। इच्छुक मालिक / पंजीकृत पॉवर ऑफ अटॉर्नी धारक जो आवश्यक स्थान पर अपने उपलब्ध तैयार भवन को 15 वर्षों या अधिक के लम्बे समय के लिए लीज पर देना चाहते हैं वे बैंक वेबसाइट www.pnbindia.in पर उपलब्ध प्रस्तावित फॉर्मेट में अपना प्रस्ताव भेज सकते हैं। इस फॉर्मेट को किसी भी कार्यदिवस में उक्त पते पर आकर भी संग्रह किया जा सकता है । पूर्ण रुप से भरा हुआ तथा मोहर और हस्ताक्षर किया हुआ प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को उक्त पते पर दिनांक 05.10.2024 को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिए। बैंक द्वारा किसी भी प्रकार की ब्रोकरेज (दलाली) का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैंक के पास किसी भी प्रस्ताव या सभी प्रस्ताव को बिना कारण बताए स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**दिनांक : 20.09.2024** **मंडल प्रमुख**

## न्यूज बाइट्स

### अवैध उत्खनन में संलिप्त बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के मुरहेना पंचायत के उस्मान गांव से गुरुवार की सुबह थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने अवैध उत्खनन में संलिप्त बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया। वहीं दोनों ट्रैक्टर के चालक भागने में सफल रहे। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है, किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं। जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से उस्मान गांव के धनार्जय नदी बालू घाट से बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। जब्त ट्रैक्टरों को थाना परिसर में लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले को लेकर खनन पदाधिकारी को सूचना दिया गया। जिसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक ने ट्रैक्टर चालक सह मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### चाकू से हमला कर मोबाइल व चेन की छिनैती, प्राथमिकी दर्ज

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खंडा गांव के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े चाकू से हमला कर एक युवक से मोबाइल एवं सोने की चेन की छिनैती कर ली है। मामले में शिवसागर थाना क्षेत्र के अमठा गांव निवासी 27 वर्षीय अविनाश कुमार सिंह के आवेदन पर सासाराम मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस द्वारा मामले की तहकीकात की जा रही है। पीड़ित अविनाश कुमार ने थाने को दिए आवेदन में लगभग 17 हजार मूल्य के सोने की चेन, 5 हजार नगद एवं दो मोबाइल छीनने का जिक्र किया है। उन्होंने बताया है कि खंडा गांव के समीप नहर मोड पर एक ब्लू रंग के मोटरसाइकिल पर सवार तीन अपराधियों ने उनके हाथ पर चाकू से हमला कर जबरदस्ती दो मोबाइल, एक सोने का लॉकेट एवं पांच हजार रूपए नगद छीन कर फरार हो गये।

### जंगली सुअर ने महिला को किया घायल

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** जंगली सुअर ने महिला को किया घायल दावथ रोहतास। थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में जंगली सुअर के हमले से एक महिला के घायल होने की सूचना है। ग्रामीणों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर गांव के सुकर राजभर की पत्नी को जंगली सुअर ने हमला कर घायल कर दिया है, जिसकी प्राथमिक उपचार के बाद चिंता जनक स्थिति में बेहतर इलाज हेतु परिवार के वाराणसी ले गए हैं।

### पीएम किसान योजना को लेकर शिविर का आयोजन

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** शुक्रवार को बिक्रमगंज प्रखंड के प्रखंड कृषि कार्यालय में पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। वैसे किसान जिनका एनपीसीआई ई केवाईसी लंबित रहने के कारण पैसा नहीं आ रहा था वैसे किसानों हेतु विशेष शिविर का आयोजन कर निष्पादन किया गया। शिविर में प्रखंड कृषि कार्यालय के पदाधिकारी कर्मचारी एवं बिक्रमगंज डाक विभाग के कर्मी उपस्थित होकर किसानो की समस्याओं का निष्पादन करने में सहयोग किए। इस शिविर में सभी पंचायत के किसान जिनका पीएम किसान सम्मन निधि का किस्त नहीं आ रहा था वे शिविर में आकर पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाए और अपना अपना ईकेवाईसी भी कराये।

### कॉलेज के विकास में करूंगी भरपूर सहयोगः निवेदिता

**सासाराम (रोतहास) (नि.सं.)।** चैधरी चरण सिंह इवनिंग कॉलेज भगीरथा, नरवर की तदर्थ समिति की अध्यक्ष सह विधान पार्षद श्रीमती निवेदिता सिंह शुक्रवार को कॉलेज पर पहुंची। जहां कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य शिवमुनी सिंह के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर कॉलेज के जमीन दाता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्वागत के उपरान्त सिंह ने कॉलेज कर्मियों एवं आम लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि सुदूर क्षेत्र में स्थापित इस कॉलेज के विकास हेतु मैं भरपूर सहयोग करूंगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु मैं इसकी भी काशिश करूंगी। तत्पश्चात सिंह ने बारी-बारी से सभी जमीनदाताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर समाजसेवी रामायण सिंह, विकास यादव, मोसाफिर सिंह, हरिमुनी सिंह, नथुनी प्रसाद सिंह, राजीव कुमार सिंह प्रभाकर तिवारी, क्षेत्रीय प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा, ई० पुलकित सिंह, जिला मीडिया प्रभारी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह, कामता सिंह, ज्योति, रामजी, युनूस, जयगोविंद, बबन सिंह, बृज सिंह, कमलेश, पारसनाथ, निरंजन, यशोदा, पूनम आदि उपस्थित थे।

### सरैया पंचायत मुखिया ने दी पौष्टिक आहार की जानकारी

**अमझोर (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय थाना क्षेत्र सरैया में केंद्र संख्या 78 आंगनबाड़ी पर पोषण माह के तहत मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया संजय चैधरी, उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता ओर बाल विकास परियोजनापदाधिकारी संगीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुखिया संजय चैधरी, ने इस अवसर पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी के माध्यम से सुपोषित समाज का निर्माण किया जा सकता है, जिसमें अन्नप्राशन, गोद भराई, साफ-सफाई, और पौष्टिक भोजन का महत्व है। यह सभी प्रयासस्वरूप समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुमारी, ने अपने विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला और लोगों से इनका लाभ उठाने का आग्रह किया। उप मुखिया अमित गुप्ता ने स्वस्थ जच्चा-बच्चा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि बच्चों को जन्मसे 6 माह तक स्तनपान करानाअत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने मोटे अनाज के उपयोग को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया, जो स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक है। इस अवसर पर गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कंचन कुमारी, कामिनी कुमारी, वार्ड सदस्या तारा मुनि देवी, किरण देवी, अंजु देवी, और अन्य सेविकाएं और सहायिकाएं उपस्थित रहीं। अंत में, सही पोषण देश रोशन के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अग्निकांड पीड़ितों को डीएम ने सौंपा चेक

## दोषी किसी भी सूरत में बख्से नहीं जायेंगे, होगी सख्त कार्यवाई : एसपी

**निज संवाददाता | नवादा**




» **घटना स्थलः** नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र, देदौर गांव, कृष्णा नगर महादलित टोला।
» **कारणः** भूमि विवाद। जमीन का टाइटिल सूट संख्या- 22/95 नवादा न्यायालय में लंबित।
» **घटनाः** असामाजिक तत्वों द्वारा दर्जनों घरों में आगजनी।
» **प्रभावः** कुल 34 घर क्षतिग्रस्त (21 पूर्णतः और 13 आंशिक रूप से)।
» **राहत राशिः** कुल 37 लाख 14 हजार 500 रुपये का वितरण।
» **गिरफ्तारीः** मुख्य अभियुक्त नंदू पासवान सहित 15 लोगों की गिरफ्तारी।
» **बरामदगीः** 3 देशी कट्टा, 3 मिस्ट फायर राउंड, 2 खोखा, 1 पिलेट, 6 मोटरसाइकिलें बरामद।
» **लापरवाहीः** मुफस्सिल थाना के एसआई निलेश कुमार को लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर।
» **प्रेस वार्ताः** डीएम आशुतोष कुमार वर्मा और एसपी अभिनव धीमन द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता में जानकारी साझा।

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत देदौर गावं के कृष्णा नगर महादलित टोला में असमाजिक तत्वों द्वारा दर्जनों घरों को आग के हवाले करने मामले को लेकर डीएम एवं एसपी ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर मीडिया को जानकारी दी है। शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में डीएम आशुतोष कुमार वर्मा तथा एसपी अभिनव धीमन ने बताया कि इस पूरी घटना के पीछे भूमि विवाद है। उन्होंने कहा कि उक्त जमीन पर टाइटिल सूट संख्या- 22/95 नवादा व्यवहार न्यायालय में लम्बित है। उन्होंने बताया कि यह मामला काफी पूराना है, जिसमें अब तक जो जानकारी प्राप्त की गई है उसमें पेडेशनल सर्वे में वह जमीन गैरमजरूआ थी, लेकिन रिविजनल सर्वे में यह रैयती हो गयी। जो व्यक्ति दावेदार है उसके विरूद्ध न्यायालय में मामला विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि 29 मई 2024 को न्यायालय द्वारा एक आदेश पारित किया गया है, जिसमें लैंड डिस्पुटेड बताया गया है। जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार की शाम तक उपलब्ध करा लिया जायगा। उन्होंने बताया कि इस घटना में कुल 34 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिसमें 21 घर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हुए तथा 13 घरों को आंशिक क्षति पहुंची है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश पर राहत कार्य जारी है। उक्त घरों के प्रभावित 34 परिवारों को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति प्रावधानों के तहत राहत राशि की प्रथम किस्त के रूप में एक-एक लाख रूपये के अलावा फल के लिए 150-150 रूपयें, वस्त्र के लिए 25-25 सौ रूपये, बर्तन एवं घरेलू सामान के लिए 25-25 सौ रूपयें तथा गृह क्षति राहत कोष से 41-41 सौ रूपये सहित कुल- 37 लाख 14 हजार 500 रूपये दिए गयें हैं। उक्त घटना के संदर्भ में मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या- 372/24, दिनांक 19.09.2024, धारा -191 (2)/191(3)/190 (1)/109(1)/352/351(2)(3)/ 326 (G)/ 303 (2) /111(3)/61(2) (a) BNS- 2023, 27 Arms Act एवं 3 (1)(f) (g)(r)(s) (W)/3(2)(v-a)/3 (2) (v) SC/ST ACT के तहत 28 नामजद एवं अन्य के विरूद्ध काण्ड दर्ज किया गया है। साथ ही उपद्रवी तत्वों के गिरफ्तारी हेतु SIT टीम का गठन किया गया, जिसके द्वारा विभिन्न स्थलों पर छापामारी कर मुख्य अभियुक्त नन्दू पासवान सहित कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के क्रम में दोषियों के पास से 03 देशी कट्टा, 03 मिस्ट फायर राउण्ड, 02 खोखा, 01 पिलेट एवं 06 मोटर साईकिल बरामद किया गया है। अन्य दोषियों के गिरफ्तारी हेतु छापामारी एवं विधि सम्मत् कार्रवाई की जा रही है। SIT टीम एवं संलग्न पदाधिकारी को सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। मौके पर डीडीसी प्रियंका रानी, अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद, सदर एसडीओ अखिलेश कुमार, एसडीपीओ सदर-वन अनोज कुमार, एसडीपीओ सदर-टू सुनील कुमार, गोपनीय प्रभारी राजीव सिन्हा तथा प्रभारी डीपीआरओ अमरनाथ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### 28 नामजद में 15 को भेजा गया जेल, एक एसआई को किया गया लाईन हाजिर

प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अभिनव धीमन ने बताया कि इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर 28 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, जिसमें 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड पर लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जायगी। एसपी ने बताया कि इस घटना में आसूचना संकलन करने में लापरवाही बरतने वाले मुफस्सिल थाना के एसआई निलेश कुमार को लाईन हाजिर किया गया है। उन्होंने कहा कि आसूचना संकलन करने वालों की जांच की जा रही है। जिस पदाधिकारी या पुलिस कर्मी की लापरवाही पायी जायगी तो उनपर भी कार्रवाई होना तय है। उन्होंने कहा कि फिलवक्त तीन डीएसपी, एक दंडाधिकारी सहित 60 पुलिस जवानों को 8-8 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जमुई और डेहरी-ऑन-सोन से बीएमपी जवानों को मंगाया गया है, इसके अलावा जिले के रिजर्व पुलिस बलों को भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर अफवाह फैलाने वाले व शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायगा।

### अग्निकांड में प्रभावित परिवार को दिया न्याय दिलाने का भरोसा



शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में, बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम के साथ बसपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी ली तथा उनका ढाढस बढ़ाते हुए उचित न्याय की मांग की। प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा की हमारे बिहार और उस में भी भगवान बुद्ध की धरती पर इस तरह की घटना हो, जहां दबंगों द्वारा दलित, शोषित, वंचित का घर जलाया जाए और सरकार मूक दर्शक बना रहे इस से बड़ी शर्मिंदा की बात हम बिहारियों के लिए नही हो सकती है। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार के राज में माफियाओं का राज चल रहा है। और वही कारण है की ये माफिया बिहार में दलित, शोषित और वंचित लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं। कहीं न कहीं इस घटना के मुख्य आरोपी को नीतीश सरकार बचाने का काम कर रही है। प्रदेश प्रभारी ने कहा की प्रशासन इस मामले में सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। 80 से ऊपर दलितों के घर जलाए गए है मगर प्रशासन सिर्फ 2 दर्जन घर जलने की पुष्टि कर रहा है। उन्होंने कहा की हम सरकार से मांग करते हैं की सभी पीड़ित परिवारों को तीन - तीन डिसमिल जमीन दिया जाए, और जमीन का कागज भी उपलब्ध कराया गए। साथ हीं सभी को सरकार पक्का मकान देने की पहल की जाए। उन्होंने कहा की सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजा के रूप में 25-25 लाख रुपए भी दिए जाए। राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा की यह घटना अत्यंत दर्दनाक और भयावह है। बिहार के अंदर जंगलराज है। यहां प्रशासन में अनुशासन नही है. यहां कुशासन है। उन्होंने कहा की बिहार में 1990 का दौर वापस आ गया है जहां फिर से दलितों, शोषित, आदिवासियों को मारा जा रहा है। उन्होंने कहा की जो लोग अपराधियों को जात से देखते है। बहुजन समाज पार्टी उसका खंडन और निंदा करती है। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार की उम्र हो चुकी है। उनसे सत्ता संभल नही पा रही है। उन्हें इस्तीफा देकर समाज की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर केद्रीय प्रदेश प्रभारी लालजी मेघांकर, एडवोकेट सुरेश राव, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, प्रदेश महासचिव रंजन कुमार, व्यास मुनि दास, संतोष यादव, संजीव कुमार समेत पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

थाना क्षेत्र के हिरामन बिगहा गांव के समीप पंचाने नदी को पार कर धान की फसल देखने के लिए जाने के दौरान नदी में डूबने से जानकी बिगहा निवासी 60 वर्षीय जगदीश यादव की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार को दोपहर के बाद हुई है। घटना की खबर मिलते ही परिवार और शुभचिंतकों में कोहराम मच गया। लोगों को रो कर बुरा हाल हो रहा था। बताया जाता है कि जानकी बिगहा निवासी जगदीश यादव गुरुवार को दोपहर के बाद अपने खेत में लगे धान का फसल को देखने के जा रहे थे, पंचाने नदी के उस पार खेत में धान का फसल लगा हुआ है। इस गांव के कई किसानों का खेत भी नदी के उस पार है।साथ ही साथ बरियो व हीरामन बिगहा के गांव के किसान का खेत नदी के उसी पार में है। लोग कहते हैं कि जब वे नदी पार कर रहे थे, इसी बीच वे अचानक गहरे पानी में चले गए, उस पानी से निकलने का काफी प्रयास किया, लेकिन सम्भव नहीं हो सका। तभी लोग उन्हें डूबते दौड़े, और नदी से उन्हें बाहर निकाले, और उसके बाद इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज आये। तब डॉक्टर ने उन्हें जांच कर मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंचा, और शव को जब्त कर पंचनामा के बाद सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

## डीएम के जनता दरबार में फरियादियों की लगी भीड़

**निज संवाददाता | नवादा**



जिला पदाधिकारी, आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य रूप से आपूर्ति, भूमि विवाद, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, विद्युत, आईसीडीएस आदि से संबंधित मामले आए। जनता दरबार में कुल 31 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-मुड़लाचक के अनिल कुमार द्वारा अनुकम्पा पर बहाली के संबंध में, थाना-मुफस्सिल, पो0-ओरैना, ग्राम-भरौसा के सरयुग दास द्वारा पंचायत प्रतिनिधि के मृत्यु के उपरांत मिलने वाले लाभ के संबंध में, थाना-पकरीबरावां, पंचायत-धेवधा, ग्राम-बड़की महल के संजु देवी द्वारा प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना के संबंध में, प्रखंड-रोह, पो0-ओहारी, ग्राम-कुंजैला के सुजंता देवी द्वारा आवास योजना का पैसा नहीं मिलने के संबंध में, थाना-पकरीबरावां, पोस्ट-बुधौली, ग्राम-खरॉट के वरम देवी द्वारा जमीन विवाद के संबंध में आवेदन को लेकर शिकायत किया, जिसमें से कुछ मामलों को जिलाधिकारी द्वारा ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया एवं अन्य मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अविलम्ब जॉच कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी जिला स्थापना शाखा शशांक राज, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 23 को सरकारी आईटीआई में रोजगार कैम्प का आयोजन

**निज संवाददाता | नवादा**

श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक- 23.09.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में इनोविजन लिमिटेड गुरूग्राम (हरयाना) की कम्पनी के द्वारा कस्मटर केयर एज्गीक्यूटिभ के 10 पद के लिए योग्यता वारहवीं/ग्रेजुएषन/पोस्ट ग्रेजुएशन, वेतन 12000 से 30000 तक, उम्र-18 से 35 वर्ष। दूसरा हेल्पर के 20 पद के लिए योग्यता, अनएडुकेटेड/दसवीं/वारहवीं/आई0टी0आई0, वेतन-12000 से 30000 तक, उम्र-18-35 वर्ष। तीसरा काउन्सलर के 10 पद के लिए योग्य ग्रेजुएशन इन एनी फिल्डवेतन-18000 से 27000 तक उम्र-18 से 35 वर्ष। चौथा सेल्स एज्गीक्यूटिभ के 10 पद केवल के लिए योग्यता वारहवीं/ ग्रेजुएशन, वेतन-15000 से 18000 तक, उम्र-18 से 35 वर्ष। पांचवां डेस्क एज्गीक्यूटिभ के 10 पद केवल के लिए योग्यता ग्रेजुएशन पास होना चाहिए, वेतन-18000 से 35000 तक, उम्र-18 से 35 वर्ष। छठा रिसेप्शन के 10 के लिए योग्यता ग्रेजुएशन इन एनी फिल्ड, वेतन-20000 से 25000 के साथ इन्सेंटिव, उम्र-18 से 35 वर्ष। सातवां असिस्टेन्ट प्रोफेसर के 10 पद के लिए योग्यता ग्रेजुएशन इन एनी फिल्ड के साथ हैविंग एक्सपिरीयंस इन फार्मा, वेतन-25000 से 30000 तक, उम्र-18 से 35 वर्ष। कार्यस्थल-देल्ही एन0सी0आर0, फरीदाबाद, नोएडा, गुरूग्राम, कोलकता, ग्रेटर नोएडा। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं, वही आवेदक एवं आवेदिकाएं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं निबंधित नहीं हैं वो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन के षर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण मेला का किया गया आयोजन

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**

राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत कौआकोल बाल विकास परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को पोषण मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कौआकोल बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार एवं सीडीपीओ अंजली कुमारी ने किया। इस दौरान पोषण मेला में विभिन्न तरह के पोषण से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी सेविकाओं को दी गई। मौके पर उपस्थित बीडीओ एवं सीडीपीओ ने बताया कि जागरूकता के माध्यम से लोगों के बीच पोषण की जानकारी देकर कुपोषण को दूर किया जा सकता है। वहीं इस दरम्यान गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अधिकारियों ने सेविकाओं को पोषण मेला के माध्यम से पोषण के बारे में जानकारी लोगों के बीच पहुंचाने का निर्देश दिया। मौके पर लिपिक विपिन कुमार महतो, प्रखण्ड समन्वयक शशि रंजन, डाटा ऑपरेटर संजय कुमार, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी संजू सिंह, शोभा कुमारी आदि मौजूद थे।

## महिला समिति के बैनर तले स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश




**निज संवाददाता | नवादा**

जिले के रोह प्रखंड में स्वच्छता ही सेवा व स्वच्छता पखबारा कार्यक्रम के तहत प्रखंड में नेहरू युवा केन्द्र नवादा द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शुकवार को श्रम ज्योति महिला समिति कुंजैला के बैनर तले ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर रेड रोज चौक कुम्हरावां के पास समिति की महिलाओं और स्कूली बच्चों ने झाड़ू भी लगाया। स्वच्छता जागरूकता रैली का नेतृत्व ग्राम कचहरी कुंज के उप सरपंच अनिता देवी और शिक्षाविद् सह समाजसेवी अविनाश कुमार निराला ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान जागरूकता रैली में शामिल सभी लोग हाथ में झाड़ू लेकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे थे। तथा विभिन्न प्रकार के मनमोहक नारे लगा कर ग्रामीणों को स्वच्छता तथा स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता पखबारा के तहत रैली के अलावा वाद विवाद, पेंटिंग, निबंध, नुक्कड़ नाटकों आदि का भी आयोजन किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र नवादा के जिला युवा अधिकारी ईशा गुप्ता ने बताया कि 17 सितंबर से चलने वाला यह कार्यक्रम महात्मा गांधी के जन्मदिन दो अक्तूबर को समाप्त होगा। इस दौरान स्वच्छता कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले महिलाओं व बच्चों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

## डीएम-एसपी ने विधि-व्यवस्था एवं भूमि विवाद से संबंधित की महत्वपूर्ण बैठक

**निज संवाददाता | नवादा**




जिला पदाधिकारी, आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधि-व्यवस्था, भूमि विवाद एवं दशहरा पर्व को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि देदौर पंचायत के कृष्णा नगर नदी तट पर स्थित बस्ती के झोपड़ियों में असमाजिक तत्वों द्वारा जो आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है, उसकी पृष्ठभूमि प्रथम दृष्ट्या भूमि विवाद ही है। अतः हमें भूमि विवाद से संबंधित मामलों को तिव्रतम गति से निपटना होगा। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से संबंधित एक सूची तैयार कर उन्हें शीध्र ही निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही शनिवारीय बैठक को गंभीरता से लेते हुए भूमि विवाद को ऑन द स्पॉट निपटारा कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि जितने भी सरकारी जमीन हैं, उन्हें चिन्हित कर लैंड बैंक तैयार करें एवं उसका अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे। भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को निर्देश दिया गया कि समय-समय पर अंचल कार्यालय की जॉच करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि ऑन लाईन पोर्टल पर किये गए आवेदनों को सत्यापित करने के बाद ही दाखिल-खारिज करना सुनिश्चित करेंगे ताकि एक ही जमीन को दोबारा दाखिल-खारिज न हो एवं समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया कि सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक ससमय पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक गुरूवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे एवं भूसर्वेक्षण शिविरों का भी जॉच समय-समय पर करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि दशहरा त्योहार में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की जायेगी साथ ही पूजा समितियों को लाईसेंस देने की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू करेंगे। शस्त्र सत्यापन से संबंधित प्रक्रिया को करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न माध्यमों से आसूचना संग्रह करेंगे ताकि दशहरा पर्व में जाति उन्माद, साम्प्रदायिक विवाद न हो एवं विधि-व्यवस्था कायम रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों पर प्रत्येक 15 दिन पर बैठक करना सुनिश्चित करेंगे एवं शनिवारीय जनता दरबार का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने संबंधित क्षेत्रों के 10 बड़े एवं 10 पुराने भूमि विवाद से संबंधित लंबित मामलों का अध्ययन करें एवं आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जितने भी पूजा पंडाल हैं, उनको शीघ्र ही लाईसेंस बनाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। अपर समाहर्त्ता, नवादा श्री चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि सभी थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी ऐसे विवादों को प्राथमिकता देंगे जिसमें कमजोर वर्ग प्रतिकूल स्थिति में हैं या अन्य जमीन पर बसे हैं। सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अभियान बसेरा का सर्वेक्षण जल्द कराना सुनिश्ति करेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सोन नदी में डूबने से युवक की गई जान

**तरारी**। ईमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव में एक युवक की मौत सोन नदी में डूबने से हो गयी। घटना गुरुवार की है। मृतक का नाम नन्हकू डोम था जो स्व छेदी डोम का 30 वर्षीय पुत्र था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि नन्हकू की बड़ी माँ का देहांत हुआ था। जिसका दाह संस्कार करने के लिए सोन में ले जाया गया था। इसी दरम्यान नन्हकू डोम का पानी मे डूबने से मौत हो गयी। सिटी रिपोर्टर|आरा/बड़हरा प्रखंड अंतर्गत सिन्हा पंचायत के कल्याणपुर गांव में महिला शशि प्रभा देवी की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक महिला कल्याणपुर गांव निवासी गोरख यादव की पत्नी है। बताया जाता है वह बाजार में सामग्री खरीदने सरैया जाने के लिए बांध पर पर आ रही थी। ऐसे में गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने महिला को पानी से निकालने का प्रयास किया, लेकिन बचाने में असफल रहे। घटना की सूचना सीओ अरुण कुमार यादव को दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार सूचना के बाद भी प्रशासन के द्वारा कोई भी उचित कदम नहीं उठाया गया है। मृतक महिला का शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है। मृतक महिला के पांच पुत्री एवं एक पुत्र है। पुत्री पली कुमारी, मनी कुमारी एवं लल्लू कुमारी का विवाह हो चुका है। रूनी कुमारी और अनामिका का विवाह नहीं हुआ है। पुत्र पवन कुमार है। महिला के पानी में डूबने की घटना से घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका के पति पूर्व में सिन्हा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के एक छात्र के हत्या के आरोपी होने के कारण अभी जेल में बंद है।

### करंट से महिला की मौत

**चरपोखरी** | मनैनी गांव में बिजली करेंट लगने से एक अधेड़ महिला कि मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि एक अधेड़ महिला पशु चारा के लिए घर से बधार में जा रही थी इसी दौरान ट्रांसफार्मर के समीप जाते ही बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आने से महिला कि मौत हो गई। महिला मनैनी गांव निवासी रंगिला राम कि 65 वर्षीय पत्नी भगमनीया देवी बताई गई। सूचना पर चरपोखरी थाना के सब इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। शव को अंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों को अंत परीक्षण के लिए भेजा गया है आवेदन मिलने के बाद यूडी मामला दर्ज किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बूरा हाल हो गया। आरा |गुरुवार को सुबह अनियंत्रित स्कूल वाहन से ठोकर लगने से एक मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक 59 वर्षीय ललन शर्मा था। वह बक्सर जिले के बगेन गोला थाना क्षेत्र के अकोरही गांव के निवासी था। घटना के बाद परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए पहले रघुनाथ पुर ले गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद आरा सदर अस्पताल भेज दिया। आरा लाने के क्रम में घायल की मौत हो गई। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करा कर परिजन शव को गांव ले गए।

### ईसीआरकेयू ने शहीद रेलकर्मियों की याद में शहीद दिवस मनाया

**आरा**। आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने संयुक्त रूप से गुरुवार को आरा रेलवे स्टेशन पर शहीद रेलकर्मियों की याद में शहीद दिवस मनाया। सरकार कि दमनकारी नीतियों के कारण 8 रेलकर्मियों और एक रेलकर्मी के पुत्र सहित 9 लोगो की शहादत को शहीद दिवस के रूप मे प्रतिवर्ष मनाते है। इस मौके पर उपस्थित सभी साथियों ने शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित किया और शहीदों के लिए नारे लगाए। उक्त अवसर पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने कहा की 1968 में एआईआर एफ ने 18 सितंबर से निम्न मांगों के लिए जिसमे जीवन यापन हेतु वेतन निर्धारण, महंगाई भत्ते का निर्धारण, काम के घंटों का निर्धारण, सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए निर्धारित घंटे से अधिक काम के लिए ओवरटाइम, रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए रात्रि भत्ता , बोनस आदि शामिल है के लिए हड़ताल पर जाने कि घोषणा किया है।

### बीईओ ने शोकाकुल शिक्षक के घर पहुंच ढाढ़स बंधाया

**गड़हनी**। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को मृत शिक्षक के घर जाकर परिवार वालो से मिलकर शोक व्यक्त किया।साथ ही उनके परिजनों को हर संभव मदद करने को कहा। बता दे कि स्थानीय नगर पंचायत के गड़हनी निवासी लालबहादुर पासवान के पुत्र मंतोष कुमार का बुधवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई,मंतोष रतनपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक थे।मौके पर शिक्षक सर्वजीत सिंह ,अभिनव कुमार ,भीम सिंह संतोष कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।शिक्षक मंतोष बतौर प्रखण्ड शिक्षक के रूप में 2008 से शिक्षा विभाग में सेवा दे रहे थे.बता दे कि मृत शिक्षक के पत्नी अनिता देवी भी प्राथमिक विद्यालय रतनपुर में ही शिक्षिका है। शिक्षक के छोटा भाई सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश पासवान ने बताया कि कल सुबह ठीक ठाक स्थिति में विद्यालय गए थे,कुछ देर बाद उनकी पत्नी ने फोन कर बताई की भईया का उल्टी हुआ और एकाएक तबियत बिगड़ गया है जल्दी गाड़ी लेकर आईए।आनन फानन में विद्यालय पहुँच गाड़ी से लेकर जीरो माइल एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टर ने कहा कि अब ये नही है।वही मृत शिक्षक के पत्नी का रो रो कर बुरा हाल हैं,इनके एक पुत्र अमन कुमार व दो पुत्री रिचा एवं रीमा कुमारी हैं इन दोनों बेटियां की शादी हो चुकी हैं।

### करंट लगने से महिला की मौत, खेत जाने वाले रास्ते में ट्रांसफार्मर के नीचे था जलजमाव

**आरा**। भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मनैनी गांव स्थित ट्रांसफार्मर के समीप गुरुवार को करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका चरपोखरी थाना क्षेत्र के मनैनी गांव वार्ड नंबर-4 निवासी स्व.रंगीला राम की 65 वर्षीय पत्नी भागमनिया देवी है। मृतका के बेटे नवलेश कुमार ने बताया कि वह घास काटने के लिए खेत में जा रही थी। जहां खेत के समीप ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफार्मर के नीचे जलजमाव है। जिसमें करंट आ रहा था। पानी में प्रवेश करते ही करंट लगा। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। करंट लगने के करीब आधा घंटे बाद जब भांजा खेत की ओर गया तो उसने उन्हें मृत अवस्था में वहां पड़ा देखा। जिसके बाद उसने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतका को तीन बेटियां रमिता देवी, सुनीता देवी, सरस्वती देवी व दो पुत्र नवलेश कुमार व रजनीश कुमार हैं। घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### वरीय उप समाहर्ता ने किया प्रखंड व अंचल का निरीक्षण

**गड़हनी**। पूर्व निर्धारित तिथि पर गुरुवार को वरीय उप समाहर्ता मो मोइज जीया ने प्रखण्ड व अंचल कार्यालय का बारीकी से सभी फाइलों का निरीक्षण किया। ये निरीक्षण सरकारी के निर्देश पर किया जा रहा है। निरीक्षण में सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी योजनाओं के फाइलों का निरीक्षण किया। फाइल निरीक्षण के बाद आरटीपीएस काउंटर पर जाकर जातीय, आवासीय, वृद्धा, सहित सभी ऑनलाइन किए गए फाइलों को देखा। पूछा कि कौन कौन सा फॉर्म का यहां पर ऑनलाइन व ऑफलाइन जामा किया जाता है। सामने आया कि आरटीपीएस काउंटर पर सिर्फ ऑनलाइन किया हुआ फॉर्म जामा किया जाता है, उप समाहर्ता ने कहा कि काउंटर इसलि बनाया गया है कि ग्रामीण जनता ऑफ लाईन जातीय आवासीय या कोई भी फॉर्म लाती है तो यहाँ ले लेना है। वही जन्म व मृत्यु का फॉर्म काउंटर पर नहीं लिया जाता है, उसके लिये एक कर्मी अंदर रूम में बैठता है, उंसको ले उप समाहर्ता भड़क गए कहा कि काउंटर इस लिये सरकार खुलवाया है कि ग्रामीणों का सभी फॉर्म एक ही काउंटर पर लिया जाएगा। बीडीओ से कहा कि कल काउंटर के बाहर एक बोर्ड लगाइए और लिखवाये की क्या क्या यहां जमा किया जाता है। मुझसे 100 रुपये लिया गया है जबकि आधार निःशुल्क बनता है प्रखण्ड में खुले आधार रजिस्ट्रेशन में जब जाँच करने पहुँचे तो पाया गया कि आधार बनाने आये ग्रामीणो से पैसा लिया जा रहा है।

# SMART मीटर का विरोध, बिजली काटी, डीएम के निर्देश पर सप्लाई शुरू

## ग्रामीणों ने कहा- हमारे पास स्मार्ट फोन नहीं, स्मार्ट मीटर क्या समझेंगे

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के मुकुंदपुर गांव में स्मार्ट मीटर का ग्रामीणों ने विरोध किया तो बिजली कंपनी ने पूरे गांव की बिजली काट दी थी। हालांकि गुरुवार शाम 05:46 में डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई।

इससे पूर्व गांव के सभी लोग सैकड़ों की संख्या में गोलबंद होकर भगवान शिव के मंदिर में स्मार्ट मीटर का विरोध करते नजर आए। गांव के परशुराम सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर हमलोग लगाना नहीं चाहते हैं। गांव में बिजली विभाग के लोग जब स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे तो गांव के लोगों ने उनका विरोध किया। जिसके बाद गांव की बिजली काट दी गई। विद्युत विभाग के जेई ने बताया कि गांव में तभी बिजली आएगी जब स्मार्ट मीटर का इंस्टॉलेशन शुरू होगा। बिजली कटने के बाद जिला पार्षद केदार यादव ने इसकी सूचना डीएम को दी। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर लाइन जोड़ी गई। ग्रामीणों ने कहा हमारे पास स्मार्ट फोन नहीं, स्मार्ट मीटर क्या समझेंगे।

**स्मार्ट मीटर को समझने के लिए स्मार्ट लोग होने चाहिएः** मौके पर मौजूद बिट्टू यादव ने कहा कि हमारा गांव आर्थिक रूप से संकीर्णता का गांव है। गांव के ऐसे लोग जिनके पास स्मार्ट फोन तक नहीं है वो स्मार्ट मीटर की भाषा क्या समझेंगे? उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से मूलभूत सुविधाओं के लिए दंश झेल रहे इस गांव में बिजली का होना ही बहुत बड़ी उपलब्धि है। स्मार्ट मीटर की व्यवस्था को समझने के लिए स्मार्ट लोग होने चाहिए। हमलोग किसान मजदूर हैं, दूसरे के खेतों में मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं।

**शत प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति होगीः** जेई चंदन कुमार ने कहा कि गांव से विद्युत विभाग को बहुत कम राजस्व की प्राप्ति होती है। सिर्फ 20 फीसदी लोग ही बिजली बिल देते हैं जिसके बाद विभाग ने स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद शुरू की। विभाग का मानना था कि स्मार्ट मीटर के अधिष्ठापन के बाद गांव से शत प्रतिशत विद्युत विभाग को राजस्व की प्राप्ति होगी, लेकिन जैसे ही विभाग के कर्मी मीटर लगाने गए, लोगों ने उनका विरोध कर दिया। लोगों के विरोध के बाद गांव की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। जेई ने बताया कि वरीय अधिकारियों ने निर्देशानुसार स्मार्ट मीटर का शत प्रतिशत इंस्टॉलेशन करना है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद न बिल अधिक आने की समस्या होगी न कोई अन्य परेशानी होगी। यह मीटर जनता के हित में है।

# श्राद्धकर्म में फायरिंग करने वाले तीन गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के भीम पट्टी गांव में श्राद्धकर्म में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें हर्ष फायरिंग हुई थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों में भीमपट्टी गांव निवासी आयोजनकर्ता अशोक यादव उर्फ जय शिव यादव, पुन्नू यादव और शाहपुर थाना क्षेत्र के रंडाडीह गांव निवासी पुतुल यादव उर्फ श्याम बाबू यादव शामिल है। जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि हर्ष फायरिंग का वायरल वीडियो पुलिस के हाथ लगते ही एसपी राज के निर्देश पर तत्काल प्राथमिकी कर कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें 3 आरोपित पकड़े गए है। जबकि, अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड की भी जांच की जा रही है।

**13 सितंबर को कार्यक्रम आयोजित हुआ थाः** दरअसल बिहिया थाना क्षेत्र के भीम पट्टी गांव निवासी स्व. जगबली यादव श्राद्धकर्म पर 13 सितंबर को भोजपुरी गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। कुछ लोग हथियार के साथ भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

कार्यक्रम के दौरान लगातार फायरिंग की जा रही थी। पुलिस ने आयोजनकर्ता समेत तीन नामजद और चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की थी। इधर, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि तीसरा पकड़ा गया आरोपित पुतुल यादव उर्फ श्याम बाबू यादव हर्ष फायरिंग में संलिप्त था। उसका वीडियो फुटेज भी मिला है। अन्य फायरिंग करने वाले तत्वों की तलाश जारी है।

# सांप के डसने से एक साल की बच्ची की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के टीकापुर गांव में गुरुवार को सांप के डसने से घर में सो रही बच्ची की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत बच्ची बहोरनपुर थाना क्षेत्र के टिकापुर निवासी अशोक यादव की 1 वर्षीय बेटी नैनी कुमारी है। बच्ची के चाचा दीपक कुमार ने बताया कि उसकी मां ने जमीन पर चटाई बिछाकर उसे सुलाया था।

इसी बीच सांप ने डस लिया। जब उसने रोना शुरू किया तो उसकी मां कमरे में गई। देखा कि सांप ने उसे डस लिया है, लेकिन बाढ़ का पानी घर के चारों तरफ भर जाने के कारण नाव ढूंढने में ही करीब 3 घंटे उन लोगों को लग गए। इसके बाद परिजन उसे नाव से चंदा केवटिया गांव तक लेकर आए।

**नाव के बाद बाइक से लए सदर अस्पतालः** नाव के बाद बाइक से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन ने सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचे शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बाढ़ के पानी के कारण ही मासूम बच्ची की जान चली गई और परिजन कुछ ना कर पाए। बताया जाता है कि मृत बच्ची अपने चार बहनों में छोटी थी। उसके परिवार में मां सरिता देवी और तीन बहन संध्या कुमारी, सोनी कुमारी और सलोनी कुमारी है।

# बाढ़ के पानी में डूबकर बुजुर्ग की मौत, मवेशियों को लेकर आ रहे थे, मछुआरों ने परिजनों को दी जानकारी

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर जिले के कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव में गुरुवार को बाढ़ के पानी में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव वार्ड नंबर-14 निवासी स्व. राम आश्रय मलाह के 60 वर्षीय पुत्र बुटाई मलाह हैं। वह मछली मारने का काम करते थे। मृतक के बेटे फागु मलाह ने बताया कि उनके घर से कुछ दूरी पर दरवाजा है, जहां मवेशी रहते हैं। वे वहीं पर रहा करते थे और सिर्फ खाना खाने के लिए घर पर आते थे। गांव सहित सभी आसपास के इलाके में बाढ़ का पानी बहुत ज्यादा भर गया है। वह मवेशी को लेकर बाढ़ के पानी में प्रवेश कर घर आ रहे थे। इसी बीच वह बाढ़ के पानी में डूब गए। उनके डूबने के घंटों बाद एक मछुआरों ने सूचना दी कि पिता बाढ़ के पानी में डूब गए हैं।

**मछुआरों के सहयोग से लाश निकाली गईः** सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय मछुआरों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन उनके शव को थाना लाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी मीरा देवी, चार पुत्र अजय मलाह, त्रिलोकी मलाह, फागु मलाह, मंटू चौधरी और दो पुत्री फूलकुमारी देवी व शिवकुमारी देवी है। घटना के बाद मृतक की पत्नी मीरा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पानी में डूबने से बच्चे की मौत, सुबह भैंस चराने गया था, शुक्रवार को मिली लाश

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में सूचित राय डेरा के पास एक बच्चे की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत की गई। बच्चा अपने ननिहाल आया हुआ था। गुरुवार की सुबह भैंस को चराने के लिए निकला था। लेकिन, शाम तक घर नहीं लौटा। आज सुबह खोजबीन के दौरान में उसका शव पानी में उपलता हुआ नजर आया। स्थानीय की मदद से किशोर के शव को पानी से बाहर निकाला गया। उसे पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि बक्सर जिले गंगा किनारे का क्षेत्र बाढ़ को चपेट में है। इसके कारण खेत खलिहान जलमग्न है। जिला प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रही है कि बाढ़ के पानी से दूर रहे और अपने बच्चों को भी दूर रखें। जवहीं दीयर का निवासी राजेश यादव का 12 वर्षीय बेटा कृष्ण कुमार, कुछ दिनों से अपने ननिहाल नियाजीपुर पंचायत के सूचित यादव के डेरा निवासी ददनी यादव के यहां आया हुआ था। ये गुरुवार को चरने जा रही भैंस के साथ गया था। लेकिन, शाम तक जब वापस नहीं आया, तो उसे परिजन ढूढ़ने लगे।

**डॉक्टरों ने किया मृत घोषितः** गांव के पास ही सड़क किनारे पानी उपलाते हुए देखा गया। इसे कड़ी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाला गया। डॉक्टर ने मौत की पुष्टि कर दी। ग्रामीणों ने अनुमान लगाया है कि भैंस जब पानी में गई होगी, तो भैंस की पूंछ पकड़ ये भी पानी में गया होगा। हाथ से पूंछ छूटने के बाद डूब गया। मृत किशोर के मामा संजय यादव ने बताया कि जब गुरुवार को सुबह भैंस चरने के लिए जा रहे थे, तो पीछे पीछे ये भी गया था। लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा, तो खोजने लगे। पूरी रात ढूंढा गया। लेकिन, कहीं कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह में जब ढूंढ रहे थे, तो गांव के पास ही पानी में उपलाते हुए शव दिखाई दिया। जिसे पानी से बाहर निकाला गया।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** घटना जिले के तिलक राय हाता ओपी क्षेत्र की है। ओपी प्रभारी लाल बाबू सिंह ने बताया की बच्चे के डूबने की सूचना पर पुलिस पहुंची। स्थानीय लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाल लिया था। शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को आपदा विभाग से मुआवजे की मांग की गई है।

# डूबने से छात्र की मौत, घर से दूसरे मकान में ले जा रहा था सामान



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के महुदई गांव में गुरुवार को बाढ़ के पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के महुदई गांव निवासी हरी प्रसाद पंडित का 26 वर्षीय बेटा प्रदुम कुमार पंडित था। पेशे से मजदूर था। मृतक के पड़ोसी राम सुभक बिंद ने बताया कि गंगा व सोन नदी का जलस्तर अधिक बढ़ जाने के कारण पूरे बड़हरा क्षेत्र में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। उसका गांव में दो घर है। दोनों घर की बीच की दूरी करीब 100 मीटर के आसपास की है। वह अपने नए घर से पुराने घर पर सामान लाने के लिए बाढ़ के पानी में प्रवेश कर जा रहा था। जाने के क्रम में बीच रास्ते में गड्ढा होने के कारण उसका पैर फिसल गया।

**अगले साल होने वाली थी शादीः** स्थानीय ग्रामीणों ने उसके शव को पानी से बाहर निकला। सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक अपने दो भाई व तीन बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में तीन बहन सोनी देवी,आशा देवी,गुड़िया कुमारी व एक भाई राहुल कुमार है। मृतक की मां सरोज देवी की मौत तीन वर्ष पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी। मृतक की शादी ठीक हो गई चुकी थी। जो अगले वर्ष होने वाली थी।

# वाणिज्य कर विभाग की रेड, 41 लाख का मिला सामान, स्टॉक का मिलान कर रही टीम

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के खलासी मुहल्ले के गोदाम में वाणिज्य कर विभाग ने छापेमारी की है। रेड से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। खलासी मोहल्ला मार्ग में स्थित जय माता दी ट्रांसपोर्ट के गोदाम में पहुंची टीम स्टॉक का मिलान कर रही है। विभाग के अधिकारी गोदाम के साथ माल उतारने के लिए पहुंचे ट्रक की भी जांच कर रहे हैं। सभी सामानों की रसीद का मिलान किया जा रहा है। हालांकि, फिलहाल कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। लगभग 41 लाख रुपए का सामान मिला है। इसके रसीद का मिलान किया जा रहा है।

**मुख्यालय के निर्देश पर देखा जा रहा स्टॉकः** स्टेट टैक्स के बक्सर सर्कल के डिप्टी कमिश्नर रंजीत कुमार ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर आगामी त्योहारों के मद्दे नजर जय माता दी ट्रांसपोर्ट के स्टॉक को देखा जा रहा है।उनके साथ-साथ जॉइंट कमिश्नर तेज कान्त झा, असिस्टेंट कमिश्नर मयंक मृणाल और तनु प्रिया की टीम ने छापेमारी की है। जिसमें स्टॉक और रसीद का मिलान किया जा रहा है।अगर उसमें गड़बड़ी पाई गई, तो नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। रंजीत कुमार ने कहा कि फिलहाल एक ट्रांसपोर्ट की जांच की जा रही है। एक दिन में इसकी जांच पूरी कर पाना ही मुश्किल है। क्योंकि, मानव बल की कमी है। ट्रांसपोर्ट में माल ज्यादा है। लेकिन, आगे विभाग के निर्देश के अनुसार अन्य ट्रांसपोर्ट की भी जांच की जाएगी। नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

**♦ गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई**

# पीसी कॉलेज के पास एक मकान से हथियार बरामद, शराब के साथ 5 लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध हथियार और शराब के साथ 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। इसकी जानकारी देते हुए बक्सर के एसपी शुभम आर्य ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ के दौरान ये बात सामने आई है। ये लोग किसी गवाह की हत्या के नीयत से इक्ट्ठा हुई थी। पुलिस इनका आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है। सभी बुटनी देवी के घर यादव पैलेस में चल रहें मां बाल शारदा हॉस्पिटल में छुपे हुए थे। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को 18 सितंबर की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिला की मुफस्सिल थानांतर्गत पीसी कॉलेज, बक्सर के पास बुटनी देवी के घर यादव पैलेस जिसमें मां बाल शारदा हॉस्पिटल चलता है। उसमे अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। जिसकी सूचना पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए बुटनी देवी के घर में चल रहे बाल शारदा हॉस्पिटल की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी क्रम में उक्त मकान में 5 व्यक्ति उपस्थित पाए गए, जिनके पास से 1 देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस और 1.83 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पुलिस देखते ही ये घर से निकल कर भगाने लगे जिनको काफी मशक्कत से पकड़ा गया। पकड़े गए अभियुक्तों में विक्रम इंग्लिश गांव का निवासी राजकुमार, रोहतास डुमरा गांव का निवासी प्रिंस कुमार, सेमरा गुण का निवासी चंदेल लाल, इटाढी के मलिकोंधा गांव निवासी प्रिंस कुमार यादव, भोजपुर के एक नाबालिग इसमें शामिल है।जिनकी तलाशी लेने पर एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और -1.83 लीटर शराब बरामद किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हाईकोर्ट के एडवोकेट ने 3 घंटे विवि में की सुनवाई

**भागलपुर।** दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर की लॉ की डिग्री गुरुवार को रद्द करने मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर चार सदस्यीय एडवोकेट की टीम टीएमबीयू पहुंची। इसे लेकर तीन घंटे तक विवि में सुनवाई चलती रही। सुनवाई के समय पूर्व कुलसचिव डॉ. आशुतोष प्रसाद, पूर्व प्रॉक्टर डॉ. विलक्षण रविदास, पूर्व कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ. मनिंद्र कुमार सिंह से अधिवक्ताओं ने लॉ की डिग्री को लेकर कई प्रकार के सवाल पूछे। सुनवाई के दौरान डिग्री रद्द किए जाने मामले में तीन गवाह से एडवोकेट ने क्रॉस प्रश्न भी किया था। इस दौरान एडवोकेट ने विवि से कई जरूरी दस्तावेजों भी मांगी थी। दिल्ली हाईकोर्ट की टीम में एडवोकेट कुश शर्मा, ऋषभ तोमर के अलावा भागलपुर से सहयोगी अधिवक्ता विकास चंद्र चौधरी और उमेश पांडेय शामिल थे। पूरे मामले की सुनवाई के लिए कुलसचिव डॉ. विकास चंद्र को अधिकृत किया गया था। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता कुश शर्मा ने कहा की टीएमबीयू की तरफ से पूर्व मंत्री की डिग्री गलत तरीके से रद्द की गई है। इस लेकर हाई कोर्ट में अपील की गई है। इसी लेकर कोर्ट के आदेश पर गवाहों के बयान को क्रॉस किया गया। टीएमबीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. कृष्ण कुमार, एफए दिलीप कुमार, लॉ ऑफिसर डॉ. अमित कुमार, विवि अधिवक्ता गीतांजु सूरज समेत लीगल शाखा के सहायक अनिमेष कुमार, नेहाल समेत कई उपस्थित थे।

### प्रयोगशाला का कुलपति ने किया उद्घाटन

**भागलपुर।** मृदा विज्ञान और कृषि रसायन विभाग में रिमोट सेसिंग और जीआईएस प्रयोगशाला का उद्घाटन कुलपति डीआर सिंह ने किया। यह प्रयोगशाला भू-स्थानिक तकनीकों और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बाढ़ निगरानी और बिहार में बहु-स्पेक्ट्रल, हाइपर-स्पेक्ट्रल, माइक्रोवेव और थर्मल उपग्रह डेटा प्रोसेसिंग का उपयोग कर कृषि में जोखिम को कम करने में उपयोगी होगी। यह राज्य में पहली प्रयोगशाला है जो माइक्रोवेव एसएआर और थर्मल उपग्रह डेटा प्रोसेसिंग केंद्र के लिए स्थापित की गई है। इसका उपयोग बाढ़ व सूखा प्रभावित क्षेत्रों में कृषि में नुकसान को कम करने के लिए किया जाएगा।

### ज्योतिबा फुले सम्मान से सम्मानित होंगे विनय सिंह

बरियारपुर। जन लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ महेंद्र नारायण पंकज ने पत्र जारी कर वर्ष-2024 के लिए ज्योतिबा फुले सम्मान के लिए ख्याति प्राप्त पत्रकार व समीक्षक विनय कुमार सिंह के नाम की घोषणा की है। यह सम्मान आगामी अक्तूबर माह में 20 तारीख को पटना के यूथ हॉस्टल कला संस्कृति विभाग में सम्मान समारोह आयोजित कर दिया जायेगा। इस समारोह में प्रदेश और देश के कई ख्याति प्राप्त साहित्यकार उपस्थित होंगे। विनय कुमार सिंह को सम्मानित किए जाने की घोषणा होने पर उन्हें शिक्षा, साहित्य और कला, संस्कृति से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोगों ने अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी है। बधाई देने वालों में रिंकू यादव, चंद्रबिंद सिंह, प्रो. डॉ योगेंद्र, प्रो. डॉ कृष्ण कुमार मंडल, अस्मुरारी नंदन मिश्र, प्रो. डॉ सुबोध कुमार, अफसाना परवीन, उमेश मंडल, प्रो. डॉ संयुक्त भारती, प्रो. डॉ अभिलाषा कुमारी, प्रो. डॉ कौशल कुमार पटेल, अनितेश कुमार, राजेश जैन, अनुप कुमार, अमन रंजन यादव, डॉ परमानंद शर्मा, विजय कुमार शर्मा आदि कवि, साहित्यकार व संस्कृतिकर्मी शामिल है।

### लल्लू पोखर गंगा घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**मुंगेर।** मेरा भारत मुंगेर के सहयोग से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को लल्लू पोखर गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में नमामि गंगे और जिला नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी की अग्रणी भूमिका रही। अभियान के दौरान साफ-सफाई के अलावा स्वच्छता शपथ, जन जागरूकता अभियान, श्रमदान कर प्लास्टिक कचरा का संग्रह किया गया। कार्यक्रम में जिला नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी चितरंजन मंडल, जिला गंगा समिति के जिला परियोजना पदाधिकारी शालीग्राम प्रसाद, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रमोद कुमार, अमर कुमार व एमटीएस सुनील कुमार समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। बता दें कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक जिले में स्वच्छता अभियान चल रहा है।

### मनेगी राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती

**मुंगेर।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती 23 सितंबर 2024 दिन सोमवार को भव्य रूप से मनायी जाएगी। समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को जिला ब्रह्मर्षि समाज के संस्थापक सदस्य दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। कार्यक्रम संयोजक व अधिवक्ता सुनील कुमार ने कार्यक्रम की तैयारी के बारे में बताया और कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती बड़े हर्षो उल्लास व धूमधाम से मना रहे हैं।

### शिक्षा सेवक की हाजिरी भी बायोमेट्रिक प्रणाली से बनेगी

**मुंगेर।** शिक्षकों की तरह ही शिक्षा सेवक भी अब संबद्ध विद्यालय में उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली से ही बनाएंगे। साथ ही अक्टूबर 2024 से शिक्षा सेवक के मानदेय का भुगतान भी ई-शिक्षा पोर्टल पर दर्ज उपस्थिति के आधार पर किए जाएंगे। दरअसल, जिले में महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के अंतर्गत शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालीमी मरकज का अपने संबद्ध विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था है। चूंकि अब सरकारी प्रक्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली ई- शिक्षा पोर्टल के माध्यम से दर्ज किए जाने का व्यवस्था की गई है। ऐसी स्थिति में विचारोपरांत संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों की भांति शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालीमी मरकज की भी बायोमेट्रिक प्रणाली ई-शिक्षा पोर्टल से उपस्थिति दर्ज करने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था सितंबर से लागू हो गया है। इस संबंध में निदेशक जनशिक्षा सह अपर सचिव अनिल कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी साक्षरता को निर्देश देते हुए कहा है कि सितंबर से शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालीमी मरकज की उपस्थिति उनके संबद्ध विद्यालय जिसका यू डाइस कोड उन्हें आवंटित है, उसके बायोमेट्रिक प्रणाली ई-शिक्षा पोर्टल के माध्यम से दर्ज करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। शिक्षकों के अनुरूप सभी शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालीमी मरकज का अक्टूबर 2024 से मानदेय का भुगतान ई-शिक्षा पोर्टल पर दर्ज बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए शिक्षा पदाधिकारी मो. असगर अली ने बताया कि इस संबंध में निर्देशों के पालन को लेकर कर्मियों को निर्देशित कर दिया गया है।

### इंजीनियरिंग के सातवें सेमेस्टर में 8 सप्ताह की इंटर्नशिप अनिवार्य

**भागलपुर।** इंजीनिरिंग कॉलेज में नामांकित विद्यार्थियों को अब सातवें सेमेस्टर में आठ सप्ताह की इंटर्नशिप अनिवार्य होगी। अभी तक तीसरे और पांचवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप का प्रविधान किया गया था। यह बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय को देखरेख में ऑनलाइन मोड में भी होती है। नई व्यवस्था के तहत अब आठवें सेमेस्टर में इंटरप्रेन्योर फिजिकल मोड में होगी। इसके लिए विभाग की ओर से सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए निर्देश जारी किया गया है। सातवें सेमेस्टर में विद्यार्थियों को राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न परियोजनाओं में ट्रेनिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसमें बीटेक के सभी ब्रांचों में नामांकित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में हिस्सा लेना अनिवार्य होगा। इस कड़ी में राज्य सरकार की ओर से संपोषित निगम, बोर्ड, सोसाइटी के अलावा पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य, अभियंत्रण विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से संचालित विकासात्मक परियोजनाओं में विद्यार्थियों को इंटरशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। दूसरी ओर सातवें सेमेस्टर में ट्रेनिंग करने वाले छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से 10 हजार रुपये प्रोत्साहन और प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए मिलेंगे। इंटर्नशिप की अवधि पूरी कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने और संस्थान स्तर पर गठित कमेटी के मूल्यांकन के बाद लाभार्थी के खाते में राशि स्थानांतरण की जाएगी।

# नाथनगर में लोगों से भरी नाव पलटी बाढ़ प्रभावितों ने किया प्रदर्शन

## सुल्तानगंज-मुंगेर मुख्य मार्ग जाम किया, सामाग्री नहीं मिलने से नाराज लोग

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में शुक्रवार को सुल्तानगंज के गंगनिया पंचायत में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री नहीं मिली। इससे नाराज लोगों ने सुलतानगंज-मुंगेर मुख्य मार्ग NH-80 गंगानिया पुल के पास जाम कर घंटों जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं, नाथनगर प्रखंड क्षेत्र के बैरिया घाट के पास बाढ़ पीड़ितों को लेकर आ रही एक नाव पलट गई। नाव पर मवेशी और एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे। जिसमें बच्चे और महिला शामिल थी। नाव पलटते ही कुछ लोग तैर कर नदी से बाहर निकल आए। वहीं, नाव की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। मवेशी और सारा सामान पानी में बह गया का कुछ पता नहीं चल पाया। बताया जाता है कि सभी बैरिया गांव के हैं। अपने परिवार के साथ बाढ़ का पानी अधिक हो जाने के कारण घर का सामान और बच्चों को लेकर सुरक्षित स्थान पर जा रहे थे। तभी बैरिया घाट के समीप नाव पलट गया।

**आक्रोशितों को अधिकारियों ने करवाया शांतः** इधर, जाम की घटना की जानकारी मिलने पर अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना अध्यक्ष समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर लोगों को समझा बूझकर मामले को शांत करवाया गया। सड़क से जाम हटवाया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने पर 4 दिनों से हमारा घर खेत खलियान सब डूब गया है। अब तक हम लोगों को जिला प्रशासन की तरफ से कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। हम लोग काफी परेशानियों में गुजर-बसर कर रहे हैं। इसको लेकर हमने रोड को जाम किया है। वह, स्थानीय जनप्रतिनिधि जदयू अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार दास, जिला परिषद सदस्य आशा जायसवाल ने बताया कि बाढ़ प्रभावित किसान और ग्रामीण को बाढ़ राहत सामग्री नहीं मिलने पर लोगों ने सुल्तानगंज- मुंगेर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। इधर, मौके पर पहुंचे अंचलाधिकारी रवि कुमार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देने का आश्वासन देने के बाद आक्रोशित लोगों ने जाम हटाया। मामले को लेकर अंचलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ राहत सामग्री के बीच की मांग को लेकर सड़क जाम किया गया था। जो समझा-बूझकर सड़क जाम को तोड़ा गया। बाढ़ प्रभावित किसान और ग्रामीणों को सुखा राशन मवेशी का चारा के लिए विभाग से बातचीत कर दिया जाएगा।

# रेलवे से डिजाइन को मंजूरी नहीं, दो रेल पुल के बीच फंसा निर्माण



**निज संवाददाता। भागलपुर**

भोलानाथ फ्लाईओवर की डिजाइन को रेलवे की ओर से मंजूरी नहीं मिल सकी है। जिस कारण दो रेल पुल के बीच होने वाला निर्माण अटका हुआ है। जबकि रेलवे ने जीएडी (जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग) को पास कर दिया है। पुल निर्माण निगम ने शीतला स्थान चौक से भीखनपुर गुमटी नंबर-3 तक बनने वाले फ्लाईओवर के लिए रेलवे के हिस्से वाले क्षेत्र को छोड़कर सभी पिलर की पाइलिंग को पूरा करा लिया है। पुल निर्माण निगम अब पाइल कैप, पीयर व हैमर हेड का काम करा रहा है। 89 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर 1392 मीटर लंबा और 8.5 मीटर चौड़ा बन रहा है। शीतला स्थान चौक से बौंसी पुल के बीच 7 पिलरों की पाइलिंग और ढलाई का काम पूरा कर लिया गया है। रेलवे की एनओसी के कारण 8 से 14 नंबर पिलर की पाइलिंग का काम नहीं हो पा रहा है। बौंसी और भोलानाथ रेल पुल के बीच 7 पिलर की पाइलिंग होनी है। भीखनपुर की तरफ भी पिलर नंबर 15 से 39 तक के पिलर की पाइलिंग का भी काम पूरा हो चुका है। फ्लाईओवर का काम अगले साल जून में पूरा किया जाना है। जिसमें एक वर्ष से भी कम समय बचा हुआ है। वहीं, नाले और सड़क के गड्ढे भरने का काम नगर निगम व बुडको के कारण रुका हुआ है।

# बेटे की लाश से लिपटकर रोते रही मां



**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में बाढ़ के पानी में डूबकर एक बच्चे की मौत हो गई। वो अपने ननिहाल में आया हुआ था। परिजन रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज ले गए थे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मां अपने बच्चे से लिपटकर काफी रोई। परिवार में मातम छा गया। मामला तिलकापुर गांव का है। बताया जा रहा कि शुक्रवार को घर के पास बाढ़ के पानी के पास बच्चा खेल रहा था। खेलते-खलते वो गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की पर कामयाब नहीं हो पाए।

**मृतक मुंगेर का रहने वाला थाः** सूचना के मिलने के बाद उप मुखिया सत्यम कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। मामले को लेकर परिजनों ने बताया कि बाढ़ का पानी घर के पास आ गया है। बच्चे खेल रहे थे। तभी खेलते-खेलते पानी में गिर गया। मरने वाले की पहचान गुलशन कुमार के पुत्र अभी कुमार (6) के रूप में की गई है। मृतक मुंगेर जिला का रहने वाला है। तिलकपुर अपने नानी के घर आया था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है।

# स्कूल में बाढ़, NH पर बैठ ड्यूटी कर रहे शिक्षक, बोले-चार से पांच फीट तक पानी, ऑनलाइन अटेंडेस भी नहीं बना सकते

**निज संवाददाता। मुंगेर**




मुंगेर में गंगा नदी उफान पर है। जिसकी चपेट में जिले के पांच प्रखंड है। बता दें कि इन प्रखंड क्षेत्र के 51 स्कूल में बाढ़ का पानी घुस चुका है। जिसके कारण स्कूल का पठन-पाठन बाधित हो गया है। इसी बीच जमालपुर प्रखंड से प्राथमिक विद्यालय घटवा टोला बोचाही एक ऐसी तस्वीर आयी है जहां सड़क किनारे ही शिक्षक कुर्सी टेबल लगाकर कार्य कर रहे है। दरअसल गुरुवार की सुबह बाढ़ का स्कूल में घुस गया। फिलहाल इस विद्यालय में करीब 4 से पांच फीट तक बाढ़ का पानी जमा है। जिसे लेकर विद्यालय में प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने स्कूल के सभी बच्चों की छुट्टी कर दी। लेकिन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभात रंजन, शिक्षक प्रेम कुमार और प्रशांत कुमार विद्यालय के सामने बरियारपुर-मुंगेर मुख्य मार्ग पर (एनएच-80) पर टेबुल कुर्सी लगाकर अपने कार्य में लगे रहे। शिक्षकों की स्थिति को देख मुख्य सड़क से आवागमन करने वाले हर कोई अचंभित हो रहे थे।

**विभाग के आदेश का कर रहे पालनः** प्रधानाध्यापक ने बताया कि हमारे विद्यालय में बाढ़ का पानी घुस गया है। हमलोग यहां रोड पर बैठे हुए हैं ताकि हमलोग ऑनलाइन हाजरी बना सके। हमलोग विद्यालय के आसपास कहीं जा भी नहीं सकते हैं और विभाग के आदेश का पालन करना पड़ रहा है। विभागीय काम को सड़क पर बैठकर करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है। अब जैसा आदेश आएगा वैसा किया जाएगा।

**विभाग को दी गई सुचनाः** जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. असगर अली ने बताया कि इसकी सूचना विभाग को भेज दी गई है। बाढ़ का पानी जिले के कई विद्यालय में घुस गया है।


## कार्यालयः अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी
## पलामू-सह-गढ़वा-सह-लातेहार, पलामू

### प्रेस विज्ञप्ति

श्री छोटेलाल बाबु, लिपिक, कार्यालय अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, पलामू सह गढ़वा सह लातेहार वर्तमान पता पिता– स्व0 परिबल राम, ग्राम–सैदाबाद वार्ड न0–01 पोस्ट–जपला, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, पलामू पिन कोड–822116 को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 11.02.2024 से अबतक आप बिना सूचना के स्वेच्छापूर्वक कार्यालय से अनुपस्थित हैं। बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण इस कार्यालय एवं क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर के विभिन्न पत्रों के माध्यम से आपसे स्पष्टीकरण मांग की गई। आपके द्वारा आजतक कोई भी स्पष्टीकरण कार्यालय को नहीं दिया गया है और ना ही आप कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किये।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 10 (दस) दिनों के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण/पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर आपके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई/दण्डात्मक कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा/प्रतिवेदित कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मवार होंगे।

अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू सह गढ़वा सह लातेहार

PR 336422 District(24-25).D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024

दिनांक : 24/09/2024 सूचना समय–10 बजे पूर्वा0 से 4 बजे अप0 तक
स्थान : जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज।

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से **जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज में दिनांक 24/09/2024 को समय पूर्वा0 10 बजे से अप0 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय ''रोजगार मेला''** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary: Net Pay after deduction | Salary: Monthly CTC | Salary: Other Allowance | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | **Construction Industry Development Council,** Daltonganj | Electrician | 100 | Matric | -- | 18-35 | 11 to 16 K | | PF/ESI | -- |
| | | Plumber | | | | | | | | |
| | | Solar Panel Installation | | | | | | | | |
| 2 | **Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd,** Daltonganj | CRE | 50 | Inter | -- | 18-28 | 11970/- | 12770/- | PF, Bonus | Palamu & Garhwa |
| 3 | **Indian Institute of Skill & Development :- Suzuku Motors,** Gujrat | Students Trainee | 100 | 10th | -- | 18-21 | 15,067/- | | Accommodation at 1000/- month & food | Mehsana |
| 4 | **Credit Access Grameen Ltd,** Ranchi | Trainee Kendra Manager | 30 | 12th/ITI | -- | 19-29 | 12,250/- | | EPF/ESI/Bonus/ TA | Garhwa, Japla, Nagar |
| 5 | **SIS Limited,** Garhwa | Sec. Guard | 100 | 10th | -- | 19-40 | 13000-20000 | | PF/ESIC/Gratuit y/ Yearly Increment etc. | Jharkhand, NCR, South |
| | | Sec. Supervisor | 50 | 12th | -- | 21-37 | 14000-22000 | | | |
| | | CIT | 50 | 12th | -- | 18-30 | 11000-18000 | | | |
| 6 | **Bharat Finance Inclusion Ltd,** Ranchi | Loan Officer | 20 | 12th with DL | -- | 18-28 | 12,000/- | 14,613/- | Fuel, Insurance, Bonus etc. | All over Jharkhand |
| 7 | **Sodexo Corporate Ltd** | Food & Beverage Associate | -- | 10th to Graduation | -- | 18-35 | 13000/- | 14000/- | Food & accommodation | Delhi, Pune, Bhopal, etc |
| 8 | **Delhivery Private Ltd.** | Delivery Boy- RFE | 11 | 10th Pass | Read English | 18-42 | 9,419/- | 11,985/- | PF, ESI, etc. | Daltonganj, Garhwa, Bishrampur |
| | | Delivery Boy- LMA | 36 | 10th Pass | Read English | 18-42 | 12000-17000 | -- | | |
| 9 | **Skill Vision Organization** | Operator | | ITI/Diploma | -- | 18-28 | 12500-15000 | 16000 | PF/ESI etc | Gujrat |
| | | Helper | | 8th-12th | -- | 18-45 | 11K | 14K | | |
| | | Operator | | ITI/Dilpoma | -- | 18-45 | 12K | 15K | | |
| 10 | **Synnova Gears & Transmission** | CNC, VMC, MNC, Operator | 100 | 10th/12th/ITI/ Graduate/Diploma | -- | 18-35 | 14000/- | 16000/- | Room/Bus/ Canteen | Rajkot (Gujrat) |
| 11 | **Spandan Sphooty Finance Ltd** | 20 | 40 | 12th/ITI | -- | 18-28 | 12002/- | - | PF,ESI etc. | Garhwa, Palamu, Latehar |
| 12 | **Millennium Skill by G4S Security** | Sec. Guard | 100 | 10th Pass | -- | 18-40 | 14500/- | -- | PF.ESI etc. | Gujrat, Noida |
| 13 | **LIC of India** | Agent | 60 | Matric | -- | 18+ | Commission Basis | | | Palamu |
| 14 | **Adi Chitragupta Finance Ltd.** | Field Officer | 20 | 12th Pass | -- | 18-30 | 10436/- | 11000/- | -- | Bihar,Jharkhand |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 336294 District(24-25)#D



# बिहार में 1000 नए पुल बनाएगी केंद्र सरकार, 10 हजार किलोमीटर रोड की मरम्मत भी करेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के ग्रामीण इलाकों के 1000 क्षतिग्रस्त पुलों की जगह नए ब्रिज के निर्माण में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मदद करेगी। यही नहीं, केंद्र ने 10 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत का भी भरोसा नीतीश सरकार को दिया है। साथ ही बिहार के संपर्कता से छूटी 7209 बसावटों को पीएमजीएसवाई-4 में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गुरुवार को दिल्ली में बिहार के ग्रामीण सड़कों और पुलों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, निदेशक केएम सिंह, बिहार ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख भगवत राम, पीएमजीएसवाई के नोडल पदाधिकारी कुमार राजीव रंजन मौजूद रहे।

इस बैठक में बिहार सराकर की ओर से ग्रामीण सड़कों पर लगभग 1000 क्षतिग्रस्त पुलों के स्थान पर नए पुल, नवसृजित कटाव के कारण प्रस्तावित पुल के साथ छूटे पुलों के निर्माण कराने का आग्रह किया गया।

इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जिलावार संख्या, लंबाई एवं अनुमानित राशि की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश राज्य के पदाधिकारियों को दिया। बैठक में संपर्कता से छूटे 7209 बसावट और टोलों को सम्पर्कता प्रदान करने के लिए इन्हें पीएमजीएसवाई-4 में शामिल करने का अनुरोध किया गया। केंद्र सरकार ने इनके लिए 8283 किलोमीटर प्रस्तावित सड़क में से निर्धारित मापदंड के तहत आने वाली बसावटों-टोलों को संपर्कता प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में बिहार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एवं अपना निर्धारित समय पूर्ण कर चुके लगभग 10 हजार किलोमीटर सड़क के उन्नयन, मजबूतीकरण व चौड़ीकरण करने का आग्रह किया।

इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राज्य के पदाधिकारियों को ऐसी सभी महत्वपूर्ण सड़कों के लिए विस्तृत विवरणी लंबाई के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### निष्काम भाव से करें अपना कर्म : डॉ. अशोक

**दरभंगा, एजेंसी।** महारानी कल्याणी कॉलेज में एनएसएस इकाई तथा स्वामी विवेकानंद कैंसर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता शिविर सह सेवा ही धर्म विषय पर गुरुवार को विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैंसर अस्पताल के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हृदय रोग के बाद कैंसर रोग मानव मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। हृदय रोग की तुलना में कैंसर रोगी को अत्यधिक कष्ट झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें अहंकार भाव से नहीं, बल्कि निष्काम भाव से कर्म करना चाहिए। पीड़ित मानवता की सेवा ही मानव का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कर्म होना चाहिए। डॉ. बीबी शाही ने कहा कि पान मसाला, गुटखा एवं खैनी आदि के अधिक सेवन के कारण दरभंगा में मुंह के कैंसर के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रारंभिक अवस्था में पता लगने से कैंसर का शत-प्रतिशत इलाज संभव है। डॉ. सुधाकर सिंह ने कहा कि एक सिगरेट पीने से मानव की औसतन आठ मिनट आयु कम हो जाती है। एनएसएस समन्वयक डॉ. आरएन चौरसिया ने कहा कि नियमित खेलकूद, व्यायाम, योग-प्राणायाम को अपनाने तथा मसाला, जंक एवं फास्ट फूड को त्याग कर अच्छी जीवनशैली जीने से कैंसर रोग को कम किया जा सकता है। लनामिवि के भूसंपदा पदाधिकारी डॉ. कामेश्वर पासवान ने छात्र- छात्राओं से खुद को कैंसर से बचाते हुए समाज को भी बचाने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मो. रहमतुल्लाह ने कैंसर से बचाव के विभिन्न तरीकों को अपने जीवन में अपनाने की छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि मन में करुणा का भाव लेकर समाजसेवा करना ही वास्तविक सेवाधर्म है। मौके पर परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

### जलालगढ़ में पंचायत समिति की बैठक शांतिपूर्ण संपन्न

**पूर्णिया, एजेंसी।** जलालगढ़ प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख निखिल किशोर उर्फ भिखारी यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ममता कुमारी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभाग के अधिकारियों के भाग नहीं लेने उन पर स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्णय लिया गया। दनसार पंचायत में मोटेशन में हो रहे धांधली पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया। दर्जियाबाड़ी में गरीबों को सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध हो जाने के बाद भी लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिए जाने पर भी चर्चा हुई तथा उसे खाली करने के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। कई पंचायत में खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने का ध्यान आकृष्ट कराया गया। कई उप स्वास्थ्य केंद्र जब तक डॉक्टर उपलब्ध नहीं होता तब तक नर्स उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री आवास प्रतीक्षा सूची उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप रजक के द्वारा बिहार सरकार कृषि एप का संपूर्ण जानकारी दी गई। सहकारिता के जितने भी वोटर उनको सूची मांगी गई ताकि नया वोटर बनाया जा सके। सोलर लाइट को लेकर काफी गमहा गहमी हुई। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि जहां-जहां सोलर लाइट लगी है उनमें 60 से 70प्रतिशत खराब है। बैठक में शिक्षा ,मनरेगा ,स्वास्थ्य ,पशुपालन आदि पर भी चर्चा हुई।

### विषाक्त भोजन खाने से पांच लोग हुए बीमार, भर्ती

**सहरसा, एजेंसी।** पुरीख गांव में बुधवार को विषाक्त भोजन खाने के कारण एक ही परिवार के पांच लोगों की तबीयत बिगड़ गई।सभी लोगों को पंचगछिया अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी लोगों को बेहतर उपचार के लिये सहरसा भेजा गया। बताया जाता है कि पुरीख गांव निवासी मनीष पंडित के यहां बुधवार को दोपहर में खाना खाने के लिये चावल,दाल और सब्जी बनाया गया था। शाम में पहले एक सदस्य को उल्टी हुई। फिर घर के दूसरे सदस्य को भी उल्टी हुई और उसकी भी तबीयत बिगड़ गई। उल्टी के बाद मनीष पंडित, देवकी देवी, गीता कुमारी, अखिलेश कुमार एवं छोटी कुमारी की तबीयत बिगड़ने लगी। सहरसा में ईलाज होने के बाद देर रात से सबों की तबीयत ठीक होने लगी। बताया जाता है कि खाने में कोई जहरीले चीज के गिरने के बाद खाने से इस तरह की समस्या हुई थी।

## एक करोड़ नये मेंबर बनाएगा राजद

# दिल्ली में लालू तो पटना में तेजस्वी के हाथ अभियान की कमान



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल(आरजेडी) ने इस बार एक करोड़ नए लोगों को पार्टी से बतौर सदस्य जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। गुरुवार को दिल्ली और पटना से पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ देश के बीस राज्यों में पार्टी का सदस्यता कार्यक्रम शुरू हो गया है। पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रदेश राजद कार्यालय के कर्पूरी सभागार में पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की तो दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने। बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसके मद्देनजर पार्टी ने सदस्यता अभियान में पूरी ताकत झोंक दिया है।

लालू प्रसाद ने नई दिल्ली में पार्टी सांसद डॉ. मीसा भारती के आवास पर अभियान की शुरुआत की। तेजस्वी को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने तो लालू को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी आदि ने सदस्यता रसीद दी। इसके साथ ही बिहार सहित देश के 20 राज्यों में सदस्यता अभियान शुरू हो गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों का प्रयास सभी जाति-धर्म एवं वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ना है। कार्यकर्ताओं को एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया।

तेजस्वी यादव ने इस मौके पर कहा कि भाजपा के दिल्ली और बिहार में जितने सदस्य हैं, उतने वोट भी उन्हें नहीं मिलते। राजद कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी का सदस्य बनाएं। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि नवादा की घटना के दोषी को सजा मिलनी चाहिए। पार्टी की जांच कमेटी शुक्रवार को घटनास्थल पर जाएगी। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के बयान पर कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं रहता है। इसमें शामिल लोगों की पुलिस ने लिस्ट जारी की है। वे केंद्र सरकार में हैं, राज्य सरकार पर दवाब बनाकर दोषी को सजा दिलाएं। पटना के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह और संचालन प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने किया। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सांसद संजय यादव, झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।

इधर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर कहा है कि तेजस्वी नौवीं कक्षा में फेल हो गए और जब वे क्रिकेट खेलने गए तो वहां पानी ढोते थे। तेजस्वी यादव की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की असली पहचान सिर्फ लालू यादव के पुत्र के रूप में हैं। उनका किसी महत्वपूर्ण मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। उनकी राजनीति सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर चुनाव जीतना है। उन्हें चुनौती है कि वह जीडीपी को परिभाषित कर दें।

# बाढ़ के पानी में डूबकर बुजुर्ग की मौत



### भोजपुर में मवेशियों को लेकर आ रहे थे, मछुआरों ने परिजनों को दी जानकारी

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव में गुरुवार को बाढ़ के पानी में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव वार्ड नंबर-14 निवासी स्व.राम आश्रय मलाह के 60 वर्षीय पुत्र बुटाई मलाह हैं। वह मछली मारने का काम करते थे। मृतक के बेटे फागु मलाह ने बताया कि उनके घर से कुछ दूरी पर दरवाजा है, जहां मवेशी रहते हैं। वे वहीं पर रहा करते थे और सिर्फ खाना खाने के लिए घर पर आते थे। गांव सहित सभी आसपास के इलाके में बाढ़ का पानी बहुत ज्यादा भर गया है। वह मवेशी को लेकर बाढ़ के पानी में प्रवेश कर घर आ रहे थे। इसी बीच वह बाढ़ के पानी में डूब गए। उनके डूबने के घंटों बाद एक मछुआरों ने सूचना दी कि पिता बाढ़ के पानी में डूब गए हैं।

### मछुआरों के सहयोग से लाश निकाली गई

सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय मछुआरों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन उनके शव को थाना लाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी मीरा देवी, चार पुत्र अजय मलाह, त्रिलोकी मलाह, फागु मलाह, मंटू चौधरी और दो पुत्री फूलकुमारी देवी व शिवकुमारी देवी है। घटना के बाद मृतक की पत्नी मीरा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# किराए के कमरे में मिला महिला का शव, 15 दिन पहले रेंट पर आई थी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में गुरुवार देर रात एक महिला का शव किराए के घर में मिला। 15 दिन पहले रेंट पर महिला पति और भैंसुर के साथ आई थी। महिला को छोड़कर वे लोग चले गए। वो अकेले कमरे में रह रही थी। कमरे से जब बदबू आने लगी तो आसपास के किराएदारों ने मकान मालिक को जानकारी दी। मकान मालिक ने ताला तोड़कर देखा तो पता चला लाश पड़ी है। पुलिस को बुलाया गया। पुलिस के अनुसार लाश करीब 4 दिन पुरानी है। मृतका पूर्वी चंपारण के हुसेनी गांव की रहने वाली थी। मामला अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हूआ पैगंबरपुर मिडिल स्कूल के पास की है।

**आधार कार्ड से महिला के बारे में पता लगाया जा रहा :** अहियापुर पुलिस ने मकान मालिक दिवाकर कुमार से पूछताछ की। दिवाकर महिला का नाम नहीं बता पाए। मकान मालिक ने पुलिस को पूर्वी चंपारण के पुरैना निवासी रवि कुमार के आधार कार्ड की छाया प्रति दी है। जिस युवक के आधार कार्ड की छाया प्रति दी गई उसे महिला ने अपना भाई बताया था। अहियापुर थानेदार ने बताया कि बाहर से बंद कमरे में महिला का शव मिला है। एफएसएल से छानबीन कराई जा रही है। मकान मालिक ने एक आधार कार्ड दिया है। उससे महिला का सुराग लगाया जा रहा है।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा :** एसडीपीओ-2 विनिता सिन्हा ने बताया कि शव चार दिन पुराना लग रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। द्घद्यद्य की टीम घटना स्थल की जांच कर रही है। बाकी किराएदार से बात हुई तो पता चला कि कुछ दिन पहले महिला डॉक्टर से मिलने गई हुई थी।

# समस्तीपुर में गंगा ने धारण किया रौद्र रूप: 25 से अधिक गांवों में घुसा पानी

### मोहनपुर में खतरे के निशान से 2.05 मीटर ऊपर बह रही

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर से गुजरने वाली गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। गुरुवार शाम खतरे के निशान से 2.05 सेमी ऊपर बह रही थी। गंगा नदी के जलस्तर में हो रही लगातार वृद्धि के कारण मोहनपुर मोहिउद्दीन नगर और विद्यापति नगर प्रखंड के 25 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कई जगहों पर सड़क संपर्क भंग हो गया है। खासकर मोहनपुर प्रखंड के गांव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां धरनी पट्टी पंचायत के अधिकतर गांव से जिला और प्रखंड मुख्यालय का संपर्क खत्म हो गया है। लोग नाव के सहारे ही आवाजाही कर रहे हैं। दोबारा आई गंगा नदी में बाढ़ के कारण दियारा इलाकों में स्थिति गंभीर हो गई है। इन इलाकों के कुल 39 प्राइमरी और मध्य विद्यालय को तत्काल बंद कर दिया गया है। मोहनपुर प्रखंड के धरनी पट्टी पश्चिम पंचायत के हरदासपुर, सरसावा, जहैंगरा, बघरा के अलावा डुमरी दक्षिणी पंचायत डुमरी उत्तरी पंचायत, जलालपुर बिशनपुर बेरी, मटियोर, राजपुरा गांव में गंगा नदी का पानी प्रवेश कर गया है। इस कारण बिंदगामा से जौनपुर जाने वाली सड़क पर करीब एक से डेढ़ फीट पानी बह रहा है। इसी तरह डुमरी से दियारा मोड जाने वाली सड़क पर भी पानी है। सड़क पर पानी चढ़ जाने के कारण इस इलाके के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। लोग नाव के सहारे आवाजाही को मजबूर हैं। मोहिउद्दीन नगर प्रखंड में गंगा नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के 8 पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इन पंचायत में राजपुर पतासिया पूर्वी, राजपुर पतासिया पश्चिम, बोचहा, मोहम्मदीपुर, कुरसाहा, तेतारपुर और हरैल पंचायत के गांव शामिल है। इन गांव की कई सड़कों पर बाढ़ का पानी बहने से सड़क यातायात बंद हो गया है। उधर, विद्यापति नगर प्रखंड के भी आधा दर्जन दियारा इलाके के पंचायत में गंगा नदी का पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा

इस बीच डीएम रोशन कुशवाहा द्वारा अंचल मोहनपुर मोहिद्दीननगर और विद्यापति नगर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया किया है। भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण कटाव क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों और संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया।

# अचानक सड़क पर दिखा मगरमच्छ, 30 सेकेंड तक रुका था, फिर जंगल में भागा



**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व स्थित धोबहा पुल के निकट एक दृश्य देखने को मिला जिसने वहां मौजूद लोगों को हैरान कर दिया। रात के समय वाल्मीकि नगर मुख्य पथ पर एक विशाल मगरमच्छ सड़क पार करता नजर आया। इस अद्भुत पल को वाल्मीकि नगर के निवासी राहुल देव ने न सिर्फ देखा बल्कि इसका वीडियो भी बना लिया। राहुल ने बताया कि वह अपनी गाड़ी से जा रहे थे जब अचानक उनकी नजर इस भारी-भरकम मगरमच्छ पर पड़ी। चौंकते हुए उन्होंने तुरंत गाड़ी के ब्रेक लगाए और मगरमच्छ को सड़क पार करते हुए देखने लगे। लगभग 30 सेकेंड तक चले इस रोमांचक नजारे में मगरमच्छ ने धीरे-धीरे सड़क पार की और जंगल की ओर चला गया। यह घटना उस वक्त और भी दिलचस्प हो गई जब राहुल ने इस पूरे दृश्य को अपने मोबाइल में कैद कर लिया। वीटीआर के आसपास के इलाके में अक्सर वन्य जीवों को सड़क पार करते हुए देखा जाता है, लेकिन टाइगर रिजर्व के इस क्षेत्र में मगरमच्छ का देखा जाना आश्चर्य की बात है।

दरअसल, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अंदर जो भी नदियां हैं वे नदियां पहाड़ी नदी है, इन नदियों में मगरमच्छ नहीं पाया जाता है। हालांकि अंदाजा लगाया जा रहा है कि गंडक नदी से निकलकर जंगल के रास्ते होते हुए मगरमच्छ यहां आ गया होगा। स्थानीय लोग और पर्यटक अब इस वीडियो को देखकर हैरान हैं और इसे वन्यजीवन के साथ मानव जीवन के सीधे संपर्क का अद्भुत उदाहरण मान रहे हैं। मगरमच्छ करीब 20 करोड़ साल से धरती पर हैं, जो उन्हें डायनासोर के समकालीन बनाता है। यह उन्हें हमारे ग्रह के सबसे पुराने जीवों में से एक बनाता है। मगरमच्छ अपने जीवनकाल में 50 बार तक अपने दांतों को बदल सकते हैं। एक मगरमच्छ के मुंह में लगभग 80 दांत होते हैं और जब भी दांत टूटते हैं, नए दांत अपने आप उग आते हैं। मगरमच्छ पानी में बेहद तेज तैराक होते हैं। वे अपनी पूंछ के बल पर तैरते हैं और पानी में 32 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तैर सकते हैं। मगरमच्छ पानी के अंदर 1 से 2 घंटे तक सांस रोक सकते हैं। यह उन्हें शिकार करने में मदद करता है, क्योंकि वे बिना हिले-डुले लंबे समय तक शिकार का इंतजार कर सकते हैं। मगरमच्छ का जबड़ा पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली काटने वाली मांसपेशियों में से एक है। एक मगरमच्छ का काटने का दबाव 3,700 पाउंड प्रति वर्ग इंच होता है, जो किसी भी अन्य जानवर से अधिक है। मगरमच्छ ठंडे खून वाले होते हैं, इसलिए उनका शरीर का तापमान बाहर के वातावरण पर निर्भर करता है। वे धूप में बैठकर अपने शरीर को गर्म रखते हैं और ठंडे पानी में ठंडा करते हैं। मगरमच्छ रात में शिकार करने में माहिर होते हैं, क्योंकि उनकी आंखें कम रोशनी में भी बेहतरीन तरीके से देख सकती हैं। उनकी गंध और सुनने की क्षमता भी बेहद तेज होती है, जिससे वे शिकार को दूर से भी महसूस कर सकते हैं। मादा मगरमच्छ अपने अंडों की बहुत सुरक्षा करती हैं। अंडे देने के बाद वह घोंसले की चौकसी करती हैं और बच्चों के पैदा होते ही उन्हें अपने मुंह में उठाकर पानी में ले जाती हैं। मगरमच्छ की विभिन्न प्रजातियां होती हैं, जिनमें से कुछ प्रजातियां 6-7 मीटर लंबी और 1,000 किलोग्राम तक वजनी हो सकती हैं। सबसे बड़े मगरमच्छ को सॉल्टवॉटर मगरमच्छ माना जाता है। मगरमच्छ के दिल में चार कक्ष होते हैं, जो अन्य सरीसृपों से अलग है। यह उन्हें बहुत प्रभावी ढंग से अपने शरीर के तापमान और ऊर्जा का प्रबंधन करने में मदद करता है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदेश, कदाचारमुक्त संपन्न कराएं जेएसएससी परीक्षा



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की आगामी 21-22 सितंबर को होने वाली सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिया है। गुरुवार को उन्होंने इसे लेकर उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय से राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता एवं जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि परीक्षा के लिए जेएसएससी द्वारा बनाए गए एसओपी का उल्लंघन किसी भी हाल में नही होना चाहिए। ऐसा करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि आगामी दो दिनों तक सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास के होटल, लाज, होस्टल, गेस्ट हाउस सहित ठहरने के सभी जगहों पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए एसओपी की प्रतियां अवश्य चिपकाई जाएं।

इन सभी संस्थानों के मालिक को नियमों की सूचना दी जाए। यह भी बताएं कि किसी भी परीक्षा से संबंधित कोई गलत सूचना या अफवाह उनके संस्थान में रुकने वाले लोगों के स्तर से फैलाई जाती है तो अफवाह फैलाने वालों के साथ-साथ संस्थान के मालिक पर भी कार्रवाई की जाएगी। वे भी कानून के दायरे में आएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल नहीं हो। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा पूर्णतः कार्यरत रहे। परीक्षा केंद्र परिसर के मुख्य गेट पर भी सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं, जिससे गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इंटरनेट मीडिया साइट्स पर भी नजदीकी से मानिटरिंग किए जाने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से परीक्षा से संबंधित तैयारी की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेपर लीक से संबंधित कोई भी अफवाह या झूठी खबरें इंटरनेट मीडिया के माध्यम से नही फैले। ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखें। परीक्षा को बदनाम करने वालों पर भी त्वरित कड़ी कार्रवाई करें। परीक्षा के नियमों तथा जारी एसओपी का नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई तथा सजा के प्रविधानों का प्रचार-प्रसार अवश्य करें। परीक्षा को बदनाम करने वालों पर पैनी नजर रहे। परीक्षा से संबंधित कोई भी गलत गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस परीक्षा में गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहे। जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों की इस परीक्षा के संचालन में भूमिका महत्वपूर्ण है। सफल संचालन की जिम्मेदारी अधिकारियों पर है। मुख्यमंत्री ने सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा व छठ को लेकर ट्रेनों में सीट फुल

**धनबाद., एजेंसी।** दुर्गा पूजा और छठ को लेकर ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है. दुर्गा पूजा में धनबाद से भारी संख्या में लोग वैष्णो देवी, मैहर, विंध्याचल व कामख्या जाते हैं. वहीं छठ में लोग गांव जाते हैं. यही कारण है कि इस रूट की ट्रेनों में सीटों की बुकिंग फुल हो गयी है. दिल्ली, मुंबई समेत अन्य जगहों से आने वाली ट्रेनों में सीट खाली नहीं है. वहीं बिहार के पटना जाने वाली ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है. ट्रेनों में कुछ सीटें ही खाली बची हैं. मुजफ्फरपुर जाने वाली ट्रेन में वेटिंग चल रही है. छठ में बहुत लोग देव जाते हैं. इसके लिए अनुग्रह नारायण रोड या डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर उतरना पड़ता है. इन दोनों स्टेशनों पर जाने के लिए ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है.

दुर्गा पूजा तीन अक्तूबर से शुरू हो रहा है, लेकिन पूजा के पहले और पूजा के बाद तक ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है. वैष्णो देवी के लिए धनबाद होकर जम्मूतवी तक जाने वाली एक नियमित व एक साप्ताहिक ट्रेन है. इसमें अक्तूबर तक सीट मिलनी मुश्किल है. वहीं, मैहर के लिए दो ट्रेन चल रही है. इसमें एक नियमित व एक सप्ताह में तीन दिन चलती है. दोनों ही ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है.

विंध्याचल जाने के लिए धनबाद से पांच ट्रेनें उपलब्ध हैं. 12321 मुंबई मेल नियमित ट्रेन है. 20975 हावड़ा-आगरा कैंट एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है. 12175 चंबल एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलती है. 22912 शिप्रा एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन और 12177 चंबल एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है. हावड़ा-आगरा कैंट, चंबल एक्सप्रेस, शिप्रा एक्सप्रेस और मुंबई मेल में सीट फुल है. इन ट्रेनों में वेटिंग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है.

कामाख्या जाने के लिए सिर्फ एक ट्रेन है. वह भी सप्ताह में एक दिन चलती है. इसमें सीट मिलनी मुश्किल होगी. तीन अक्तूबर को ट्रेन में स्लीपर, थर्ड एसी व सेकेंड एसी में वेटिंग है.

सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है. इसके बाद भी अब तक रेलवे की ओर से कोई भी पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं की गयी है. स्थिति यह कि दीपावली व छठ को लेकर ट्रेनों की सीटें फुल होनी शुरू हो गयी हैं. खास कर लंबी दूरी वाली ट्रेनों में सीट मिलनी मुश्किल है.

### महिला समेत डेंगू के दो नए मरीज मिले

**धनबाद, एजेंसी।** जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. बुधवार को सात डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले थे. वहीं गुरुवार को डेंगू के दो नये मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है. डेंगू पॉजिटिव मिले मरीजों के एक गोविंदपुर की मीना देवी (30 वर्ष) व बादल सिंह (16 वर्ष) शामिल हैं. बुखार से पीड़ित होने के बाद गोविंदपुर निवासी मीना देवी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. वहीं बादल सिंह ने ओपीडी में इलाज कराया था. चिकित्सकों की सलाह पर एलाइजा जांच के लिए उनका सैंपल माइक्रो बायोलॉजी विभाग भेजा गया था. गुरुवार को दोनों मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है. इसके बाद स्वास्थ्य विभाग मरीजों के घर व आसपास कंटेनर सर्वे कराने की तैयारी में है.

### पुरुष ने दिया विधवा पेंशन के लिए आवेदन, मुखिया, पंचायत सचिव ने किया फॉरवर्ड

**धनबाद, एजेंसी।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत लगे शिविर में टुंडी में एक पुरुष ने विधवा पेंशन के लिए आवेदन कर दिया. हैरत की बात यह है कि उस आवेदन को संबंधित पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव ने फॉरवर्ड भी कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को टुंडी प्रखंड मुख्यालय में लगे शिविर में हरिपद दत्ता नामक पुरुष ने विधवा पेंशन देने के लिए आवेदन दिया. प्रखंड के अधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय मुखिया रेखा देवी व पंचायत सचिव श्रीपति मरांडी ने हरिपद दत्ता के आवेदन को सही ठहराते हुए विधवा पेंशन के लिए अग्रसारित कर दिया. सूत्रों के अनुसार ऑन द स्पॉट निष्पादन के चक्कर में यह सब हुआ. मामला सार्वजनिक होने के बाद अधिकारियों के होश उड़ गए. आवेदन को फाइल से हटाने में लग गये.

इस मामले में टुंडी के बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया ने कहा कि आवेदक द्वारा फॉर्मेट भरने में गलती हो गई है. आवेदन भर देने से ही पेंशन स्वीकृत नहीं हो जाती है. इसे तत्काल रोक दिया जायेगा. पुरुष को विधवा पेंशन नहीं दिया जायेगा।

## स्लीपर कोच में अक्टूबर से दूर होगी वेटिंग की समस्या

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन से चलने और गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में वेंटिंग की समस्या अक्तूबर से दूर होने की उम्मीद है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने आधा दर्जन ट्रेनों में स्लीपर कोच बढ़ाने का आदेश दिया है। वहीं, बिहार मार्ग (आरा, कटिहार व छपरा) की ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने की योजना है। वहीं, अन्य ट्रेनों में भी क्षमता के अनुरूप कोच बढ़ेंगे। इससे ट्रेनों में सीट की दिक्कत नहीं होगी। दरअसल, रेलवे ने डेढ़-दो वर्ष से लंबी दूरी की ट्रेनों से जनरल व स्लीपर कोच हटाकर थर्ड एसी व इकोनॉमी कोच बढ़ाया है। इससे यात्रियों को स्लीपर कोच में कंफर्म सीट नहीं मिलती है। रेलवे बोर्ड तक लोगों की परेशानी पहुंचने के बाद स्लीपर व जनरल कोच बढ़ाने का आदेश हुआ है। हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस एक अक्तूबर, पटना-बिलासपुर साप्ताहिक 8 नवंबर, हावड़ा-मुंबई मेल 15 नवंबर, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस 22 नवंबर, टाटा-बेंगलुरु एक्सप्रेस 20 दिसंबर, टाटा-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 25 दिसंबर, टाटा-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में 28 दिसंबर, टाटा-यशवंतपुर 26 दिसंबर, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 15 दिसंबर, हावड़ा-हटिया क्रिया योगा एक्सप्रेस 28 दिसंबर, शालीमार-भुज एक्सप्रेस 21 दिसंबर, हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस 15 दिसंबर और हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस में 22 दिसंबर से स्लीपर व जनरल कोच बढ़ाए जाएंगे। रेलवे प्रावधान के अनुसार, किसी भी श्रेणी का वेटिंग टिकट आरक्षित कोच में मान्य नहीं है। सीट नहीं मिलने से परेशान लोग वेटिंग टिकट लेकर स्लीपर कोच में चढ़ते हैं। इससे दूसरे यात्रियों को दिक्कत होती है।

## चिरकुंडा नप में कचरा उठाव में लगे सभी वाहनों के इंश्योरेंस, टैक्स व फिटनेस फेल



**धनबाद, एजेंसी।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा उठाव तथा कचरा प्रबंधन के लिए अधिकृत एजेंसी पायोनियर प्राइवेट लिमिटेड में चलने वाले वाहनों का कागजात अप टू डेट नहीं है. पायोनियर एजेंसी द्वारा वर्तमान चिरकुंडा नप क्षेत्र से कचरा उठाव के लिए सात छोटे वाहनों तथा एक ट्रैक्टर का उपयोग किया जा रहा है. वर्ष 2018 में पायोनियर कंपनी व नप के बीच हुए एकरारनामा के आधार पर नप द्वारा पायोनियर कंपनी 11 उपलब्ध कराये गये हैं. इसमें वर्तमान में सात वाहन चल रहे हैं, जबकि शेष चार खराब पड़े हैं. इसके अलावा एक ट्रैक्टर भी दिया गया है. उक्त सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व इंश्योरेंस जमशेदपुर से कराया गया था. वर्तमान में सभी वाहनों का इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन तथा फिटनेस आदि फेल हो गया है. रजिस्ट्रेशन 29 जनवरी 2019, फिटनेस 22 जनवरी 2021, कॉमर्शियल टैक्स चार मार्च 2019 तथा इंश्योरेंस आठ नवंबर 2019 को समाप्त हो गया है. ये सभी वाहन बिना इंश्योरेंस, बिना टैक्स तथा फिटनेस के नप में चल रहे हैं. ऐसे में यदि इन वाहनों से सड़क पर कोई दुर्घटना घटती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी. इस संबंध में पूछे जाने पर पायोनियर कंपनी के प्रतिनिधि सुरेश कौशिक व पंकज सिंह ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है.

## संतान की लंबी उम्र के लिए 25 सितंबर को माताएं रखेंगी जीवित्पुत्रिका व्रत

**रांची, एजेंसी।** जितिया यानी जीवित्पुत्रिका व्रत मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। यह व्रत विशेष रूप से माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। क्षेत्रीय परंपराओं के अनुसार इस व्रत में महिलाएं 24 घंटे या कई बार उससे भी ज्यादा समय के लिए महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। जितिया व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त 25 सितंबर की सुबह 10:41 बजे से लेकर दोपहर 12:12 मिनट तक है। 24 सितंबर को जितिया व्रत का नहाय खाय रखा जाएगा। वहीं 25 सितंबर को माताएं निर्जला व्रत रखेंगी। इसके बाद 26 को व्रत का पारण किया जाएगा।

देवघर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल ने बताया कि मां अपने बच्चों की लंबी उम्र की कामना लिए 24 घंटे से भी ज्यादा निर्जला रखती हैं, जो माता इस व्रत का पालन करती हैं, इस व्रत का फल उनके बच्चे को बुरे स्थिति में बचाता है. साथ ही इस व्रत के प्रभाव से संतान को सुखों की प्राप्ति होती है। नहाए-खाए के



## गिरिडीह में गजराज ने मचाया उत्पात, स्कूल पर बोला हमला, ग्रामीणों को दौड़ाया

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के बगोदर में गुरुवार की देर रात बगोदर इलाके में झुंड से बिछड़े हाथी के द्वारा लगातार उत्पात मचाया जा रहा है. हाथी के द्वारा चौधरीबांध पंचायत के दो गाँव घोसको और भागलपुर में किसानों के फसलों को रौंद दिया हैं. वही किसानो के बारी का चाहरदिवारी तोड़ दिया है. बता दे कि हाथी गुरुवार की देर रात दोंदलो पंचायत में प्रवेश कर गयी. जहां स्थानीय लोगों ने हाथी को ढोल बजा कर और मशाल जला कर भगाने का प्रयास किया गया. लेकिन हाथी ग्रामीणों को दौड़ाने लगे. जिससे ग्रामीण भाग कर जान बचाने का प्रयास किया. इधर हाथी को ग्रामीणों के द्वारा खदेड़े जाने के बाद चौधरीबांध पंचायत के घोसको और भागलपुर जा पहुंचा. जहां हाथी ने कई किसानों के फसलों को रौंद दिया है. साथ ही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोसको के तीन गेट को तोड़ दिया है. हाथी गाँव के जब्बार अंसारी का बारी चाहरदिवारी तोड़ कर लगे मक्का, भिंडी मडुवा के फसलों को रौंद दिया है. वहीं गांव के साकिर अंसारी का भी बारी का चाहरदिवारी को तोड़ कर तैयार मकई को नस्ट कर दिया है. इसके अलावे खजमुद्दीन अंसारी, जमाल अंसारी के खेतों में लगे मकई को नस्ट कर नुकसान पहुँचाया हैं. इधर पंचायत समिति सदस्य बसारत अंसारी ने बताया कि हाथी के गांव घुसने की सूचना वन विभाग को दी गयी. लेकिन इसके बाद भी वन विभाग गांव पहुँचना मुनासिब नहीं समझा. हाथी को ग्रामीण अपने स्तर से भगाये हैं. लेकिन अभी गांव के जंगल में हाथी डेरा डाले हुए हैं. बता दे कि यह हाथी बीते एक साल बगोदर- सरिया, विष्णुगढ़ इलाके में हैं. जो कि रात में भोजन की तलाश में कई घरों को और किसानों के फसलों को बर्बाद कर देता है।

## आदिवासी युवती की मिली लाश, प्रेमी समेत पांच गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो ग्राम के आदिवासी टोला में 19 वर्षीय आदिवासी युवती पार्वती मुर्मू की लाश बुधवार की रात उसके घर में मिली. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर युवती के प्रेमी समेत पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है. गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो पंचायत अंतर्गत बरियो ग्राम के आदिवासी टोला में 19 वर्षीय आदिवासी युवती पार्वती मुर्मू की लाश बुधवार की रात उसके घर में मिली. मृतका के भाई देवचंद मुर्मू के बयान पर तीन लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है. मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती के प्रेमी सगेन मरांडी, तीन नामजद आरोपी अजय मुर्मू, मुकेश किस्कू व प्रकाश मुर्मू के अलावा एक अन्य को गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि मृतका के गले में रस्सी व खरोंच के निशान थे. उसके बाल बिखरे हुए थे. पुलिस के अनुसार मृतका के हाथ की नस कटी हुई थी. इससे कई संदेह उत्पन्न हो रहे हैं. पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है. शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक-शंकर कामती व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. इसके बाद पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. गोविंदपुर थाना की पूरी टीम ने रात भर छापेमारी कर युवकों को हिरासत में लिया. उनसे पूछताछ जारी है. बताया जाता है कि घटना के समय युवती घर पर अकेली थी. उसके माता बहामुनी मुर्मू व पिता बाबूजन मुर्मू मजदूरी करने गये थे. इकलौता भाई फुटबॉल मैच देखने गया था. वह घर लौटा, तो उसने बहन को मृत पाया. मृतका की और दो बहनें हैं, उनकी शादी हो चुकी है. डीएसपी ने बताया कि मृतका के निरसा निवासी प्रेमी को भी हिरासत में लिया गया है. मृतका ने उससे कई बार बात की थी. दोनों में शादी की भी बात चल रही थी. बुधवार को मृतका ने उसे कई बार फोन किया, परंतु प्रेमी ने फोन को ब्लॉक कर रखा था. प्रेमी से पूछताछ के बाद इस मामले में नया मोड़ आने की संभावना है. पुलिस के अनुसार मृतका के हाथ की नस कटी हुई थी. बताया जाता है कि उसके घर तीन युवक आये थे. उसके भाई ने संदेह के आधार पर तीनों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

## गृह मंत्री अमित शाह भोगनाडीह में सिदो-कान्हू के वंशजों से करेंगे मुलाकात, देखें मिनट-मिनट का कार्यक्रम



**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह वीर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली बरहेट विधानसभा क्षेत्र भोगनाडीह शुक्रवार को पहुंचेंगे. वे यहां बीएसएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से पूर्वाह्न 11:50 बजे पहुंचेंगे. उसके बाद सिदो-कान्हू पार्क में स्थित सिदो, कान्हू, फूलो, झानो, चांद, भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे. उसके बाद सिदो-कान्हू के वंशज परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात कर उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित करेंगे तथा उनकी शुभकामनाएं प्राप्त करने के बाद झारखंड के लिए परिवर्तन रथ को रवाना करेंगे.

उसके बाद वे 12:30 बजे बीएसएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से साहिबगंज पुलिस लाइन कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो जायेंगे. हेलीपेड पर उनका स्वागत स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जायेगा. पूरे कार्यक्रम को लेकर बरहेट विधानसभा प्रभारी कुशमाकर तिवारी ने बताया कि 40 मिनट तक गृह मंत्री भोगनाडीह की धरती पर रहेंगे. इसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है. बरहेट के कार्यक्रम को लेकर भाजपा की ओर से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रेणुका मुर्मू भाजपा के पूर्व महामंत्री कुशमाकर तिवारी, साइमन माल्टो तथा गामलिया हेंब्रम को लगाया गया है. भाजपा जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में दो हेलीकॉप्टर से सभी नेता बरहेट प्रखंड के शहीद ग्राम भोगनाडीह पहुंचेंगे. वहां के कार्यक्रम के समापन के बाद दोनों हेलीकॉप्टर से सभी नेता साहिबगंज के कार्यक्रम के लिए रवाना हो जाएंगे. साहिबगंज में 12:55 बजे गृह मंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन के मैदान में लैंड करेगा. आज आयोजित होने वाले भारत के गृह मंत्री अमित शाह की परिवर्तन रैली कार्यक्रम को लेकर बीएसएफ का हेलीकॉप्टर के द्वारा मॉक ड्रिल कार्यक्रम कराया गया. मॉक ड्रिल के तहत बीएसएफ का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन मैदान उतरा और केवल 10 मिनट रुक कर तुरंत उड़ान भर लिया.

गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को 11:10 पर देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे. इसके बाद 11:50 में देवघर से भोगनाडी के लिए रवाना होंगे. 12:00 दोपहर भोगनाडी पहुंचने के बाद 15 मिनट तक कार्यक्रम के बाद 12:30 में भोगनाडीह से साहिबगंज हेलीकॉप्टर रवाना होगी जो 12:45 में साहिबगंज पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंच जाएगी. 1:00 बजे से लेकर 1:45 तक अमित शाह संथाल परगना परिवर्तन यात्रा के संबंध में लोगों को संबोधित करेंगे और परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे. सभा होने के बाद 1:55 में पुनः पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचेंगे जहां से 2:00 बजे उनका हेलीकॉप्टर गिरिडीह के लिए रवाना हो जाएगा।

## आपसी रंजिश को लेकर मारपीट

**केंदुआ, एजेंसी।** बीते बुधवार की रात केंदुआ खटाल में आपसी रंजिश को लेकर मारपीट हुई. इस दौरान दहशत फैलाने के लिए दो राउंड फायरिंग की भी बात बताई जा रही है. मामले में केंदुआ खटाल निवासी अजय यादव ने केंदुआडीह थाना में लिखित शिकायत की है. उन्होंने बताया कि शाम लगभग साढ़े सात बजे उनके पुत्र कौशल से खटाल में ही रहनेवाले मनीष यादव नामक लड़के का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इसके बाद रात करीब नौ बजे खटाल के नीतीश यादव, मनीष यादव व साहिल यादव (तीनों भाई है) डबला यादव, बीरेंद्र यादव, विकास यादव, गोहना यादव के अलावा आठ-दस अन्य व्यक्ति लाठी, हाकी स्टिक, तलवार लेकर उनके घर में घुस गए और उनके पुत्र कौशल व उन्हें ढूंढने लगे. जब हम पिता-पुत्र घर में नही मिले तो मेरे पिता जीवालाल यादव के साथ मारपीट की. बीच-बचाव करने आयी घर की महिलाओं के साथ भी हाथापाई और अभद्रता की गयी. इसकी सूचना मिलने पर केंदुआडीह पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही नीतीश यादव ने दो-तीन राउंड फायरिंग की और सभी भाग गये. इस दौरान नीतीश यादव ने हत्या की धमकी देते हुए कहा की पहले से मेरे ऊपर आठ-दस केस हैं, एक-दो और होगा, लेकिन तुमलोगो को जान से जरूर मारेंगे. भागने के क्रम में आरोपियों का हथियार यहीं छूट गये, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया. पुलिस बुधवार की रात से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

## झारखंड में बदला मौसम, गर्मी ने बढ़ाई परेशानी: 24-25 सितंबर को हो सकती है बारिश

**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में में आए साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से बीते तीन दिन पूरे राज्य में बारिश हुई। लेकिन 24 घंटे में ही मौसम फिर से गर्म हो गया है। झारखंड के अधिकांश जिलों में सुबह से तेज धूप निकल रही है। इस तेज धूप ने राजधानी रांची सहित पूरे स्टेट में अधिकतम तापमान को बढ़ा दिया है। मौसम विभाग का मानना है कि राज्य में मानसून फिलहाल कमजोर पड़ चुका है। हालांकि, आज राज्य के कई हिस्से में हल्की बारिश की बात कही गई है। बीते 24 घंटे में मानसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। आंकड़े में देखें तो सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में 16.8 एमएम बारिश हुई है।

जबकि सबसे अधिक तापमान की बात करें तो गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 37.3 डिग्री पहुंच गया है। वहीं सबसे कम तापमान रांची जिले का रहा है। आंकड़ों में यहां का न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री है। वहीं मौसम विभाग की माने तो 24 और 25 को बादल छाने और बारिश के आसार हैं।



**बारिश नहीं, मेघ गर्जन और वज्रपात का अलर्ट:** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में अभी मानसून की बारिश की उम्मीद फिलहाल नहीं दिख रही है। लोकल डिस्टरबेंस से कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश की बात तो नहीं कही है पर मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट जरूर जारी किया है। 21 से लेकर 23 सितंबर तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं नजर आ रहा है। 24 और 25 को बादल छाने और बारिश के आसार हैं।

**रांची में 16 फीसदी अधिक बारिश:** इस बार रांची में मानसून काफी बढ़िया रहा है। यहां पर कुल मिलाकर 1158.1 (संभावित 971.2) मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक है। जिस वजह से रांची के नदी व तालाब लबालब भरे हुए नजर आ रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राजधानी में काफी अच्छी बारिश हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### आतिशी के सिर ताज

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और आतिशी को विधायक दल की नई नेता चुने जाने से दिल्ली सरकार में महीनों से जारी एक संकट दूर हो गया है। जेल से केजरीवाल के सरकार चलाने के पीछे चाहे जो भी राजनीतिक निहितार्थ रहे हों, सांविधानिक गरिमा के अनुकूल तो वह स्थिति खैर नहीं ही थी और जमानत पर रिहा होने के बाद भी उन पर जिस तरह की अदालती शर्तें आयद हैं, एक मुख्यमंत्री की स्वतंत्र कार्य-प्रणाली में उनसे अड़चनें ही आतीं। लिहाजा, नए मुख्यमंत्री का चुनाव न सिर्फ दिल्ली की जनता के हित में था, बल्कि खुद केजरीवाल के राजनीतिक भविष्य के मुफीद भी था। निस्संदेह, आम आदमी पार्टी की धुरी आज भी अरविंद केजरीवाल ही हैं। विधायक दल की नेता चुने जाने के बाद आतिशी का सार्वजनिक रूप से यह कहना कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। निस्संदेह, विधायक के रूप में आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। जाहिर है, इस ताजपोशी के पीछे पार्टी के प्रति आतिशी की अटूट निष्ठा की अहम भूमिका है। पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर राजधानी के सरकारी स्कूलों के कायाकल्प में उन्होंने जैसा काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व- अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल जाने के बाद जिस तरह से उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग नहीं मानी गई, तब भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक चुनाव कराने होंगे। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के लिए बहुत अधिक समय नहीं है। फिर जिस सूबे की वह मुखिया बनी हैं, वह सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देख चुका है। खासकर शीला दीक्षित के लंबे कार्यकाल में दिल्ली ने विकास के न सिर्फ ऊंचे मापदंड देखे, बल्कि शालीन राजनीति का पाठ भी देश को पढ़ाया।

### आप सरकार के दावे खोखले

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार का यह दावा रहा है कि उसने यहां स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं और आम जनता को इसका बहुत ज्यादा लाभ मिला है। मगर अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनसे पता चलता है कि सरकार के दावों के बरक्स जमीन पर हकीकत बहुत अलग है। खासतौर पर दिल्ली के अस्पतालों की हालत यह है कि किसी मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाया, उसे अलग-अलग अस्पतालों में भटकना पड़ा और आखिर इसी वजह से उसकी जान चली गई। गौरतलब है कि दिल्ली के हरिदास नगर इलाके में एक क्लस्टर बस की टक्कर से बुरी तरह घायल एक युवक को लेकर उसके परिजन एम्स के स्वास्थ्य केंद्र, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में भटकते रहे, मगर इलाज नहीं मिल पाया। हार कर उन्होंने युवक को जब एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब तक तीन घंटे से ज्यादा वक्त गुजर गया था। इस बीच युवक की हालत इतनी बिगड़ गई कि आखिर उसने दम तोड़ दिया। युवक इतनी देर तक बचा रहा तो इससे साफ है कि अगर उसे समय पर उचित इलाज मिल जाता तो वह जिंदा बच जाता। मगर बढ़-चढ़ कर किए जाने वाले दावों की हकीकत यह है कि आपात स्थिति में होने के बावजूद सही वक्त पर इलाज नहीं मिल सका और युवक की जान चली गई। ऐसा नहीं है कि यह इस तरह का कोई अकेला मामला है। इससे पहले जनवरी और अप्रैल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब आपात अवस्था में अलग-अलग मरीजों को अस्पतालों में भटकने पर मजबूर होना पड़ा और इसी क्रम में हुई देरी की वजह से आखिर उसकी मौत हो गई। कहने को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े और बहुत अच्छे अस्पताल हैं, लेकिन आपात अवस्था में जान बचाने की भूख में पहुंचे किसी व्यक्ति के इलाज के लिए कहीं चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाती, तो कहीं बिस्तर या फिर चिकित्सीय उपकरणों की कमी के दुश्चक्र में फंस कर उसकी जान चली जाती है। इस अफसोसनाक तस्वीर के रहते दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दावों को कैसे देखा जाएगा?

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2024: भव्यता की पृष्ठभूमि



चिराग पासवान
मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

भारत में खाद्य प्रसंस्करण की यात्रा, देश की सदियों पुरानी बुद्धिमत्ता और प्रगति को अपनाने की क्षमता को दर्शाती है। अचार बनाने और खाद्य पदार्थ सुखाने की प्राचीन परंपराओं से लेकर आज की परिष्कृत तकनीकों तक, भारत ने अपनी समृद्ध पाक-कला विरासत को आधुनिक प्रगति के साथ सहजता से मिश्रित किया है। यह यात्रासिर्फ लोगों को खाना खिलाने के बारे में नहीं है, बल्कि भारत की पाक-कला पहचान को परिभाषित करने वाले विविध और जटिल स्वादों का उत्सव मनाने से भी गहराई से जुड़ी हुई है। भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, जिस परदेश की कृषि-अर्थव्यवस्था केंद्रित है, परंपरा और आधुनिकता के संगम-बिंदु पर स्थित परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है। कटाई, छंटाई और श्रेणी-निर्धारण से लेकर पैकेजिंग, संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन तक की गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हुए, खाद्य प्रसंस्करण कृषि और वैश्विक बाजार के बीच की खाई को पाटने में उत्प्रेरक का काम करता है। खाद्य प्रसंस्करण की प्रक्रिया में हमारे खेतों की कच्ची उपज को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उत्पादों में बदला जाता है, जिससे भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने इस क्षेत्र की क्षमता को पहचाना है, जिससे देश आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने समय-समय पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच सहजीवी संबंध को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है तथा मूल्य संवर्धन और तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया है। उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक बाजारों की खोज करने के उनके आह्वान की प्रतिध्वनि मंत्रालय द्वारा की गई पहलों में परिलक्षित होती है। किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि-खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने का मिशन, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की सफलता से आंतरिक रूप से जुड़ा हुआ है, जो भारत की कृषि संपदा को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के साथ जोड़ने का माध्यम है। 2047 तक विकसित भारत के आह्वान में, एक ऐसे भारत की परिकल्पना की गई है, जो समृद्धि, नवाचार और सतत विकास के प्रकाश-पुंज के रूप में उभरने के लिए अपनी चुनौतियों से पार पा चुका है। इस विजन के केंद्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र है, जो खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, रोजगार सृजन करने और निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। चूंकि हम एक नए युग की दहलीज पर खड़े हैं, जो 2047 तक विकसित भारत के कालखंड में प्रवेश करेगा, इसलिए भारत के कृषि कौशल को वैश्विक महाशक्ति बनाने से संबंधित हमारे प्रधानमंत्री का विजन, आगामी वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 में स्पष्ट रूप से व्यक्त होगा, जिसे मेरा मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित कर रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन, नवाचार, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक वास्तविक संगम है, जो एक पुनरुत्थानशील और समृद्ध भारत की दिशा में आगे बढ़ने के मार्ग को रोशन करने वाले एक प्रकाश-पुंज के रूप में कार्य करता है और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरी तरह से साकार करता है। वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2023 की शानदार सफलता वैश्विक खाद्य परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। यह एक ऐसा आयोजन था, जिसमें वैश्विक विचारक, उद्योग जगत के दिग्गज और नीति निर्माता एक मंच पर आये। यह आयोजन नवाचार का वास्तविक भंडार था, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, पैकेजिंग समाधान और सतत विकास से जुड़े तौर-तरीकों की नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भारत की पूरी क्षमता का प्रदर्शन किया गया, जिसने निवेश आकर्षित किया और साझेदारी बनाई। इसने 2024 में और भी भव्य आयोजन के लिए मंच तैयार किया। वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 खाद्य प्रसंस्करण इकोसिस्टम के सभी घटकों को शामिल करने के लिए अपने दायरे का विस्तार करने के साथ, इस विरासत को आगे बढ़ाने का वादा करता है। बीज से लेकर दुकानों तक, उद्योग के हर पहलू को सावधानीपूर्वक तैयार और प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, सहयोग बनाने और नए बाजारों को तलाशने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। यह आयोजन भारत के लिए गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में व्यवसायों, उद्यमियों और हितधारकों के लिए, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में भागीदारी केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। यह आयोजन उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों से जुड़ने, नवीनतम तकनीकी प्रगति का पता लगाने और खाद्य उद्योग के भविष्य को आकार देने वाली उपभोक्ता की उभरती प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अवसरों का एक अनूठा संगम प्रदान करता है। इसके अलावा, वर्ल्डफूड इंडिया 2024 नेटवर्किंग और साझेदारी-निर्माण का अवसर प्रदान करेगा, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक संगम-स्थल के रूप में काम करेगा, जिससे कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम का विस्तृत प्रदर्शनी स्थल, विषयगत सत्र और आपसी-संवाद मंच प्रतिभागियों को जटिल वैश्विक खाद्य परिदृश्य को समझने के लिए आवश्यक उपकरण एवं ज्ञान प्रदान करता है, साथ ही प्रतिभागियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को सम्मानित वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करता है। स्टार्ट-अप्स के उत्साह और सरलता से प्रेरित होकर, मेरे मंत्रालय ने स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण का अनावरण किया है। यह शानदार पहल भारत के कृषि-खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों में आमूल-चूल बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कचरे के मूल्य निर्धारण, पौष्टिक और अमृतमय खाद्य उत्पादों के निर्माण एवं जल उपयोग दक्षता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करके, यह चैलेंज नवाचार की क्रांति को शुरू करने का लक्ष्य रखता है, जिससे इस क्षेत्र को परिवर्तनकारी क्षमता से भरे भविष्य की ओर आगे बढ़ने में गति मिलेगी। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। दूरदर्शी दिग्गजों का यह समागम एक सुरक्षित, सुदृढ़ खाद्य प्रणाली बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प के लिए एक अदम्य प्रमाण के रूप में कार्य करेगा, जहां प्रत्येक हिस्सा सतर्कता से अटूट समर्पण के साथ संरक्षित होगा। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों पर विजय पाने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए अपनी साझी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां भोजन न केवल सुरक्षित हो, बल्कि सभी के लिए विश्वास और पोषण का आदर्श हो। यह वैश्विक सहयोग और प्रगति के सार को दर्शाता है, जो हमारे सबसे गहन मूल्यों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 के भव्य ताने-बाने में, विशेष ध्यान के केंद्र-बिंदु परिवर्तनकारी बदलाव के वास्तविक प्रकाश-पुंज के रूप में खड़े हैं, जो देश के खाद्य क्षेत्र को एक शानदार भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। खाद्य विकिरण;खाद्य-उत्पादों की सुरक्षा और शेल्फ लाइफ की दोहरी पवित्रता सुनिश्चित करता है और हमारे भोजन को दूषित होने से बचाता है।

## मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर जारी आंदोलन का सच

(प्रवेश लामा, एसोशिएट एडीटर, एचटी)

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में 22 असम रायफल्स के बटालियन मुख्यालय में सैनिकों ने रवानगी की तैयारी शुरू कर दी है। 20 सितंबर से उनकी जगह सीआरपीएफ के जवान ले लेंगे। जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के मद्देनजर केंद्र ने मणिपुर से 22 और 9 असम रायफल्स बटालियनों को वहां भेजने का आदेश दिया है। इन दोनों बटालियनों में लगभग 2,500 जवान हैं, जो अभी कांगपोकपी और चुराचांदपुर में तैनात हैं। ये दोनों पहाड़ी जिले हैं, जहां कुकी समुदाय की बहुसंख्या है। इन जवानों में से कई अपने नए मिशन को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि ऐसी चुनौतियों के लिए ही उनको प्रशिक्षित किया गया है। मगर एक समस्या भी है। 22 असम रायफल्स बटालियन के मुख्यालय के बाहर करीब 80 कुकी महिलाएं केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ धरने पर बैठ गई हैं। 20 सितंबर तक यह संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि हर घर ने अपनी महिला को यहां भेजने का फैसला किया है। 'कम्युनिटी ऑन ट्राइबल यूनिटी' के बैनर तले महिलाओं ने एलान किया है कि वे गेट को बंद कर देंगी और सैनिकों को जाने नहीं देंगी। उनका मानना है कि असम रायफल्स के जवान ही मैतेई उग्रवादियों से उनकी रक्षा कर सकते हैं। मगर वहां से करीब 45 किलोमीटर दूर मैतेई महिलाओं की मदद से सैकड़ों छात्रों ने इंफाल के काकवा बाजार में भारत-म्यांमार मार्ग को जाम कर दिया है। वे भी धरने पर बैठे हैं, हालांकि उनकी छह मांगों में एक मांग यह है कि असम रायफल्स को मणिपुर से हटाया जाए। उनका कहना है, हिंसा अब भी इसीलिए जारी है, क्योंकि सुरक्षा बल कुकी उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा। इन प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, मणिपुर का इतिहास इसका गवाह है कि असम रायफल्स ने हमेशा मैतेई लोगों पर अत्याचार किया है। मणिपुर पिछली मई से जातीय हिंसा में जल रहा है। मैतेई को आदिवासी का दर्जा देने के अदालती फैसले (जिस पर रोक लगा दी गई) के खिलाफ आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन (कुकी के नेतृत्व में) जल्द ही दोनों समूहों के बीच जातीय संघर्ष में बदल गया। एन बीरेन सिंह सरकार के मैतेई समर्थक रुख से कोई मदद नहीं मिली और पुलिस बल व नौकरशाही में जातीय विभाजन के बाद माना यही गया कि असम रायफल्स की मौजूदगी ने ही यहां के हालात संभाले हैं। हालांकि, गुरुवार दोपहर असम रायफल्स के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाया कि एक सैनिक के लिए आदेश-पालन अनिवार्य है और सीआरपीएफ भी उतनी ही सक्षम फोर्स है। मगर महिलाओं ने रोड खाली करने से इनकार कर दिया है। इस आशंका में कि कहीं सैनिक तय समय से पहले न चले जाएं, महिलाओं ने रात भी यहीं बिताने का फैसला किया है। वहां चाय बनाने की व्यवस्था के साथ-साथ बारिश से बचने के लिए टेंट भी लगा दिए गए हैं। इस बीच, इंफाल में भी मैतेई छात्रों ने अपनी मांगें पूरी होने तक कक्षा में न जाने की कसम खाई है, जिसके कारण सरकार को कक्षाएं व परीक्षाएं निलंबित करनी पड़ी हैं। छात्रों ने इस बाबत एक ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा है और अपनी मांगें माने जाने तक प्रदर्शन जारी रखने का एलान किया है। पिछले 16 महीनों में पहली बार असम रायफल्स को यहां से हटाया जा रहा है। कई नौकरशाह मानते हैं कि विरोध और जवाबी-विरोध की यह पटकथा महीनों पहले लिखी गई थी। उनके मुताबिक, बेशक मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर विवाद रहे हैं, लेकिन उसको लेकर इससे पहले इतनी राजनीति कभी नहीं हुई थी। यह सच है कि जम्मू-कश्मीर में सैनिकों की जरूरत है, लेकिन अभी इसको वहां से भेजने का फैसला गलत साबित हो सकता है। हालांकि, असम रायफल्स के एक जवान ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यही एकमात्र सुरक्षा बल है, जिसके साये तले कुकी और मैतेई मिलकर शांति बहाली के लिए काम कर रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5498

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र.5497

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको कहीं से रुका पैसा मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपके लिए दिन में कहीं से अधिक व्यस्तता का संकेत मिल रहा है। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें, वरना आपको आगे चलकर समस्याएं हो सकती हैं।

### वृष
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपकी आमदनी में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा और दिन भर भागदौड़ होती रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। सावधानीपूर्वक हर काम करें, वरना बात बिगड़ सकती है।

### मिथुन
आज आपको दिन भर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। पत्नी की सेहत को लेकर सावधान रहें, वरना कोई बात आपको परेशान कर सकती है। आपके घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है और इस वजह से आपका काफी खर्च और काम दोनों बढ़ सकते हैं।

### तुला
आज आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको उत्तम प्रकार की धन संपत्ति प्राप्त होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको कारोबार के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे और आपके धन में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी जरूरी काम से आपको घर के बाहर जाना पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन की चर्चा हो सकती है और इससे आपको लाभ होगा। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। आपका कुछ खर्च भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार व परिवार में आमोद प्रमोद का वातावरण रहेगा। बहुत समय से रुके कार्य के बनने से आपको लाभ होगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। धन और कीर्ति में वृद्धि होगी। शत्रु चिन्ता का दमन होगा और आपके सभी विरोधियों का अंत होगा। आपकी योजनाएं सफल होने से आपको हर्ष होगा। आपका दिन आनंद में बीतेगा और कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### सिंह
आज कार्ययोजनाएं पूर्ण होंगी और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। घरेलू स्तर पर मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और परिवार के लोगों के साथ कहीं आउटिंग पर जाने का मन बन सकता है। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा होगा और आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### कन्या
आज का दिन आनन्द में बीतेगा। ग्रहों के शुभ योग से आपके सौंदर्य में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं। आपके घर में खुशियां आएंगी।

### मकर
आज लाभ और सफलता के योग बन रहे हैं और आपके लिए नौकरी या कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहकर ही काम करना लाभकारी होगा। किसी भी मामले में बहस और टकराव से बचें। आपको कोई काम करने से पहले अच्छे से फायदे और नुकसान के बारे में सोचने की जरूरत है। पैसों के मामले में किसी से लेनदेन न करें।

### कुंभ
आज योजनाएं पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपके लिए किसी विशेषज्ञ की सलाह आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज मस्ती के दिन आएंगे और आपने पहले जो भी निवेश्श किए थे उनमें आपको लाभ होगा। आपके परिवार के लोगों के साथ संबंध बेहतर होंगे और साथ में कहीं जाने की योजना बन सकती है।

### मीन
आज आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपको लाभ होगा। आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। इससे कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी। आपको परिवार के लोगों के साथ कहीं जाने का मौका मिलेगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

## वर्ग पहेली 5498

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | |
| 9 | 10 | | ■ | ■ | 11 | | |
| 12 | | ■ | 13 | | | ■ | |
| 14 | | | | ■ | 15 | 16 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 17 | | | |
| ■ | 18 | | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 2006 को इराके के इस राष्ट्रपति को फांसी की सजा सुनाई गई (6)
6. घायल किया हुआ (2)
7. लकड़ी या डंडे के सिरे पर कपड़ा बांधकर जलाने से उत्पन्न की गई रोशनी (3)
9. लवण (3)
11. कुटिलता, छल, पाखंड (3)
12. ठंडा, शीतल, जाड़ा, ठंड (2)
13. अपराध, कसूर (3)
14. तीव्र उत्कंठित होना, प्रबल अभिलाषित होना (4)
15. महीप, सम्राट, किंग, बादशाह (2)
17. हिंदू धर्म मानने वालों का यह तीसरा वेद है जिसमें कुल 1810 ऋचाएं है, भारतीय संगीतशास्त्र का आरंभ भी इसी वेद से होता है (4)
18. दिन का दूसरा पहर (2)
20. हाथ, कर (2)
21. किसी रूठे हुए को प्रसन्न करना, फुसलाना, मन्नत मानना (3)
22. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)

(ऊपर से नीचे
1. बर्दाश्त करने वाला, सहिष्णु (5)
2. खुशबू, सुगंध गमक (3)
3. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
4. वापस आना, एकदम बदल जाना, लौटना, अदल-बदल करना (4)
8. अहित कामना सूचक शब्द (2)
10. सस्वार्थ मित्र, दिखावटी मित्र, स्वार्थी दोस्त (6)
13. मध्यप्रदेश का यह शहर मालवा का प्रवेश द्वार कहलाता है, यहां से 35 किमी राजस्थान की सीमा है (2)
16. फिल्मों की पटकथा लेखक जोड़ी में से एक जिन्होंने फिल्म शोले की पटकथा लिखी थी (3)
17. निवारण करना, परस्पर निर्वाह करना (3)
19. उत्तम पुरूष बहुवचन सर्वनाम शब्द (2)

### वर्ग पहेली 5497 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| औ | रं | ग | जे | ब | ■ | बां | स |
| स | ग | र | ■ | ह | ज | ■ | र |
| त | त | ■ | म | री | ज | ■ | प |
| ■ | ■ | म | हा | न | ■ | दौ | र |
| सा | दा | ■ | दे | ■ | न | ■ | स्त |
| म | न | ■ | वी | र | भ | द्र | ■ |
| वे | ■ | स | व | न | ■ | व | सा |
| द | ■ | ब | र्मा | ■ | न | ज | फ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस से होगा महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री, बालासाहेब थोराट का दावा

**मुंबई, एजेंसी।** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर खींचतान जारी है। जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने चुनाव से पहले सीएम चेहरे घोषित करने की मांग की है तो वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने इससे साफ इनकार किया है। अब गठबंधन की एक और साथी पार्टी कांग्रेस ने बड़ा ऐलान कर दिया है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने से इनकार करने के बावजूद, कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने गुरुवार को विश्वास व्यक्त किया कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, थोराट ने भयंदर (पश्चिम) में चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी के कोंकण संभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा, मैं सभी से गठबंधन के रूप में लगन से काम करने का आग्रह करता हूं। मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि मुख्यमंत्री महा विकास अघाड़ी से आएगा और कांग्रेस से होगा।

### आशुतोष गोवारिकर निभायेंगे जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर सीरीज ''मनवत मर्डर्स'' की पेशकश के लिये तैयार है। इसमें उन सबसे भयानक ऐतिहासिक घटनाओं में से एक का खुलासा होगा, जिन्होंने 70 के दशक में देश को झकझोर दिया था। आशीष बेंडे द्वारा निर्देशित इस शो में आशुतोष गोवारिकर ने सीआईडी के एक बेहतरीन जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाई है। कुलकर्णी को भारत का शेरलॉक होम्स भी कहा जाता है। इस नये तरीके की भूमिका में गोवारिकर का अनोखा अंदाज़ दिखेगा, क्योंकि वे बिल्कुल शांत रहेंगे, लेकिन उनकी सोच की कोई सीमा न होगी। उनके किरदार में अटूट समर्पण, दृढ़ता और वह विशेषज्ञता होगी, जिसकी जरूरत इतिहास के सबसे पेचीदा मामलों में से एक को सुलझाने के लिये थी। सीरीज में वह 1970 के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र में हुई अजीबोगरीब हत्याओं की गुत्थी सुलझाने की कोशिश करेंगे। इस कोशिश में उन्हें समय को भी मात देनी होगी। रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाने को लेकर आशुतोष गोवारिकर ने कहा, ''इसे मैं अपने लिये बड़ा सौभाग्य मान रहा हूँ कि मुझे श्री रामाकांत एस. कुलकर्णी का किरदार निभाने के लिये चुना गया है। वह बॉम्बे सीआईडी के पुलिस ऑफिसर थे, जिनके बारे में आज के दर्शकों को बताया ही जाना चाहिये। उन्होंने ऐसे कई मामले सुलझाये, जो अन्यथा अनसुलझे ही रह जाते।

### अब संदीप घोष की डॉक्टरी पर भी संकट, नहीं कर पाएंगे इलाज, छिन गया लाइसेंस

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल से जुड़ी जांच की आंच का सामना कर रहे पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गुरुवार को एक और झटका लगा है। खबर है कि उनका मेडिकल प्रैक्टिस का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। खास बात है कि किसी चिकित्सक को मरीज के इलाज के लिए लाइसेंस की जरूरत भी होती है। पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घोष, आरजीकर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलें में इस समय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी की तरफ से तैयार की जाने वाली रजिस्टर्ड डॉक्टरों की सूची से घोष का नाम हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि घोष का लाइसेंस बंगाल चिकित्सा अधिनियम 1914 के विभिन्न प्रावधानों के तहत रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि घोष ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं और बिना लाइसेंस वह इलाज नहीं कर सकेंगे। घोष को दो सितंबर को सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के मामले में गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी ड्यूटी पर तैनात महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के विरोध के बाद हुई।

# मंत्री पर विवादित बयान पर भाजपा विधायक को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने भाजपा के विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि आप किसी को हाफ पाकिस्तानी कैसे कह सकते हैं। अदालत ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव को लेकर की गई टिप्पणी पर यह बात कही। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने मंत्री दिनेश गुंडू राव को हाफ पाकिस्तानी कहा था क्योंकि उनकी पत्नी मुस्लिम हैं। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी टिप्पणी तो देश के सारे मुस्लिम समुदाय को ही पाकिस्तानी घोषित करने वाली हुई, जबकि वे भारत में रहते हैं और उसे अपनी मातृभूमि मानते हैं।

जज ने कहा, यह क्या है? सिर्फ इसलिए कि उन्होंने मुस्लिम से शादी की है और आप उन्हें हाफ पाकिस्तानी कहेंगे? आप कैसे किसी को ऐसा कह सकते हैं? क्या आपके दिमाग में जो भी आएगा, वह बोल सकते हैं। आप किसी भी समुदाय के बारे में ऐसी बात नहीं कर सकते। वे यहीं रहते हैं। इस पर भाजपा विधायक यतनाल के वकील वेंकटेश दलवई ने कहा कि उन्होंने अगले ही दिन सफाई दी थी। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी बातें आजकल आम हो गई हैं। जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा, यह अच्छी बात नहीं है। हर दिन ऐसे बयान सुनने को मिलते हैं। जज ने कहा कि आखिर विधायक ने इस तरह का पर्सनल अटैक क्यों किया।

उन्होंने कहा कि आखिर आपने इस तरह निजी अटैक क्यों किया। हम इस पर रोक नहीं लगाएंगे। आपको ट्रायल कोर्ट में पेश होना होगा। दरअसल विधायक के बयान के खिलाफ मंत्री ने केस दर्ज कराया है और उसे रद्द कराने के लिए विधायक हाई कोर्ट पहुंचे थे। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने उन्हें जमकर सुनाया और ट्रायल कोर्ट में सुनवाई का सामना करने का आदेश दिया। यह बयान लोकसभा चुनाव के दौरान का है। उन्होंने कहा था कि दिनेश गुंडू राव के घर में ही एक पाकिस्तान है। इसलिए राष्ट्र विरोधी बयान देने की उनकी आदत हो गई है।

इस मामले का संज्ञान बेंगलुरु की अदालत ने लिया था और उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दर्ज करने का आदेश दिया था। अधिवक्ता दलवई ने कहा कि अदालत को इस तरह से संज्ञान नहीं लेना चाहिए और केस को खत्म किया जाना चाहिए। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि हम अदालत से कहेंगे कि केस को यदि खत्म किया जा सके तो कर दें, लेकिन हम स्टे का आदेश नहीं देंगे। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आजकल इजाफा देखने को मिल रहा है।

## मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले: अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह ने मोदी 3.0 के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के रिपोर्ट कार्ड पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले 100 दिन हैं। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएँ शुरू की गई, मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत दी गई और किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। मोदी 3.0 के शुरुआती 100 दिन हर वर्ग को समाहित कर विकास व गरीब कल्याण के अद्भुत समन्वय के रहे हैं। एक छोटे से गरीब परिवार में जन्म लेने वाले मोदी जी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बन कर इतिहास रच चुके हैं। लगातार 10 साल तक भारत के विकास को समर्पित, भारत की सुरक्षा को समर्पित और भारत के गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार चलाने के बाद देश की जनता ने एक बार फिर मोदी सरकार को अपना जनादेश दिया। देश की जनता का यह जनादेश बताता है कि लोग मोदी जी के नेतृत्व पर किस कदर भरोसा करते हैं। 60 साल के बाद पहली बार कोई एक नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। 60 साल के बाद पहली बार देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। नीतियों की दिशा, नीतियों की गति और नीतियों को क्रियान्वयन करने की सटीकता को 10 साल तक बरकरार रखकर 11वें साल में प्रवेश करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस बात को मानने से कोई गुरेज नहीं है कि बीते 10 साल में मोदी जी ने देश की बाहरी सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और रक्षा प्रणाली को मज़बूत कर एक सुरक्षित भारत बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी जी के मेक इन इंडिया के तहत आज पूरी दुनिया में भारत उत्पादन का केंद्र बन चुका है। मोदी जी के डिजिटल इंडिया की योजना को दुनिया के कई देश अपने विकास का आधार बनाना चाहते हैं।

## जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने छात्रा को उतारा मौत के घाट, सरेराह मार दी गोली

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के कैलादेवी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात जेल से जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने सरेराह पीड़ित छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब छात्रा मां और भाई के साथ बाइक से घर जा रही थी। हत्यारोपी अपने मामा के साथ कार से पहुंचा और बाइक रुकवाने के बाद छात्रा पर एक के बाद एक दो गोलियां दाग दीं। छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी फरार हो गए।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मांमा-भांजे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने वारदात के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाईं हैं। मूलरूप से संभल क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण वर्तमान में परिवार के कुछ सदस्यों के साथ गाजियाबाद के एक गांव में रहते हैं। उनकी 14 वर्षीय बेटी गाजियाबाद के ही एक निजी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी।

बुधवार शाम वह अपनी मां के साथ गाजियाबाद से संभल स्थित एक गांव में अपने घर आने के लिए निजी बस से चली। दोनों मां- बेटी देर शाम आठ बजे गांव में बस से उतरीं। तेज बारिश के कारण दोनों टिनशेड के नीचे खड़ी हो गईं। बाद में छात्रा का भाई बाइक लेकर पहुंचा और बारिश हल्की होने पर देर रात करीब साढ़े दस बजे मां और बहन को लेकर घर लौटने लगा।

भाई के मुताबिक जब वह गांव के पास पहुंचा, तो पीछे से आई तेज रफ्तार कार में सवार लोगों ने बाइक रुकवा ली और बहन के सिर और सीने में दो गोलियां मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिंकू और पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पप्पू और रिंकू आपस में मामा- भांजे है। रिंकू के खिलाफ 23 फरवरी को छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह बारह दिन पहले ही जेल से जमानत छूटकर आया था। रिंकू कुछ महीने पहले तक छात्रा के परिवार के साथ गाजियाबाद में ही रहता था। परिजनों के मुताबिक उसने मुकदमे की रंजिश में बेटी की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संभल में छात्रा की हत्या के बाद से गाजियाबाद में रहने वाला परिवार दुखी है।

## नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में मरीजों से महंगी दवा और सामान मंगाने का खुलासा



**नोएडा एजेंसी।** नोएडा के बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) में मरीजों से बाहर से महंगी दवा, सर्जरी के उपकरण और इंप्लांट मंगाने का खुलासा हुआ है। कथित तौर पर अस्पताल से ही यह रिपोर्ट 9 सितंबर को अस्पताल के डायरेक्टर के साथ ही प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भी भेजी गई है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि निजी हित के तहत दूसरे मेडिकल स्टोर को फायदा पहुंचाया जा रहा। बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान के ही एक विभाग की ओर से प्रमुख सचिव और निदेशक को यह पत्र भेजा गया है। इस विभाग से कई प्रश्न पूछे गए थे, जिसके जवाब में कई खुलासे हुए। भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि दवा स्टोर में स्टॉक लगभग शून्य होने के बावजूद दवा खरीदने के लिए मना कर दिया गया है। इसके लिए बैठक बुलाने और टेंडर का बहाना बनाया गया, जिससे मरीजों को महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है, जबकि अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध दवा अमृत फार्मेसी और दूसरे मेडिकल स्टोर से आधी कीमत पर उपलब्ध है।

यह मरीजों के साथ खिलवाड़ और राजस्व का नुकसान है। कुछ दवाएं काफी कम खरीदने की अनुमति दी गई है। अस्पताल के अलग-अलग चिकित्सकी विभागों के प्रमुख डॉ. उमेश कुमावत, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. मुकुल जैन और डॉ. नीता राधाकृष्णन पर कई आरोप लगाए गए हैं। पत्र में जिक्र है कि जीवन रक्षक एवं अति आवश्यक दवाइयों, सर्जिकल आइटम की खरीद से संबंधित अनेक फाइल 15 दिनों से लंबित हैं, जबकि इन दवाइयों का स्टॉक शून्य है। इनकी तत्काल आवश्यकता है। दवाइयों के नहीं होने से अस्पताल अमृत फार्मेसी से प्रत्यक्ष रूप से महंगी दवा खरीद रहा है, जिससे वित्तीय नुकसान सहना पड़ रहा है। पहले भी इस बारे में उच्च अधिकारियों को बताया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में हृदय रोग विभाग, पीडियाट्रिक हेमेटो-ओंकोलॉजी विभाग, हड्डी रोग विभाग आदि के विभागाध्यक्ष पर आरोप लगाए गए हैं कि दोनों विभाग में लाखों रुपये की दवा और सर्जिकल आइटम बाहर से खरीदे जा रहे हैं। 20 अगस्त को पत्र जारी कर कैंसर ग्रिड के तहत आने वाली दवाओं का मांग पत्र मांगा गया, इसके बावजूद अब तक दवाएं नहीं मिलीं। पत्र में यह लिखा गया है कि एक वेंडर ने ऑर्थोपेडिक बेड के इंस्टॉलेशन रिपोर्ट देने के समय कॉन्फ्रेंस के नाम पर वित्तीय सहायता मांगने का आरोप लगाया है। वहीं, एचआरएफ के अध्यक्ष ने एकेडमिक कॉन्फ्रेंस के नाम पर 50 हजार रुपये लिए। नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टर इस तरह की राशि नहीं ले सकते। पत्र के माध्यम से शासन को यह बताया गया है कि कई दवा ऐसी हैं, जो किसी दर अनुबंध में नहीं है। ऐसे में इन दवाइयों की जैम और लोकल खरीद के माध्यम से फाइल तैयार की गई थी।

## बाढ़ को लेकर हेमंत सोरेन पर भड़कीं ममता बनर्जी, सील कर दी झारखंड की सीमा

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में बाढ़ को लेकर दो सहयोगियों में ही आपस में ठन गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दामदर वैली कॉर्पोरेशन को राज्य में बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि झारखंड की वजह से दक्षिण बंगाल के 11 जिले बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं। तीन दिनों के अंदर बांध से पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने हेमंत सोरेन से इसको लेकर बात भी की है। वहीं ममता बनर्जी ने झारखंड से लगने वाली सीमा को सील करने का आदेश दे दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार सभी नियमों का पालन कर रही थी। डीवीसी के साथ समझौतों को ध्यान में रखा जा रहा है। लेकिन दामोदर वैली कॉर्पोरेशन ने झारखंड को बचाने के लिए बंगाल को दांव पर लगा दिया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, बंगाल का यह अप्रत्याशित और गलत है। उन्होंने कहा, अब हम भी बंगाल जाने वाली सारी चीजों को रोक देंगे। झारखंड के बांधों में पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। भारी बारिश की वजह से पानी की रिलीज करना जरूरी था।

ममता बनर्जी का कहना है कि सीमावर्ती इलाके में बाढ़ की वजह से कार बह जा रही हैं। ऐसे में खतरे को देखते हुए बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। वहीं हेमंत सोरेन की सरकार ने जवाबी ऐक्शन लेने की धमकी दे दी है। धनबाद-पश्चिम बर्दवान सीमा के बाद वाहनों का आना जाना मुश्किल हो रहा है।



मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि बाढ़ की वजह से 26 की मौत हो गई है और ढाई लाख लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, मैंने डीवीसी चेयरमैन और झारखंड के सीएम सोरेन से बात की। उनसे आपील की कि और पानी ना छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि डीवीसी इसकी भी जानकारी नहीं दे रहा है कि बांध से कितना पानी पड़ोसी राज्य में छोड़ा जा रहा है। ऐसे में झारखंड के साथ लगी सीमा पर पुलिस चेकपोस्ट पर वाहनों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीवीसी हमेशा झारखंड को सुरक्षित रखना चाहता है। हमेशा पश्चिम बंगाल ही यह मुसीबत क्यों झेले? वहीं डीवीसी के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि बारिश कम होने की वजह से छोड़े जाने वाले पानी को भी कम कर दिया गया है।

## गुरुग्राम बाइक हादसा : गूगल पर लोकेशन देख रॉन्ग साइड कार चला रहा था एसयूवी ड्राइवर



**गुरुग्राम एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम में रॉन्ग साइड से आ रही एसयूवी कार से टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत के मामले में अब एक नई बात निकलकर सामने आई है। पुलिस ने बता है कि एसयूवी कार चालक गूगल पर लोकेशन देखकर कार चला रहा था, इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम में दिल्ली के द्वारका से बीते रविवार सुबह अपने दोस्त के साथ डीएलएफ साइबर सिटी स्थित एक फूड पॉइंट पर नाश्ता करने के लिए जा रहे एक युवक की गोल्फ कोर्स रोड स्थित डीएलएफ फेज-दो मेट्रो स्टेशन के पास सड़क हादसे में मौत हो गई थी। दोनों दोस्त अलग-अलग बाइक पर सवार थे। पुलिस ने इस हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके से रॉन्ग साइड आ रही एसयूवी कार को कब्जे में ले लिया है।

दिल्ली के द्वारका के बोचनपुर क्षेत्र के बी ब्लॉक का रहने वाला 22 साल का अक्षत गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाइवे पर एंबियंस मॉल के पास स्थित डीएलएफ डाउन टाउन स्थित एक कंपनी में ट्रेवलर सर्विस एसोसिएट के पद पर काम करता था। वह पिछले एक साल से एक्पीडिया ग्रुप में नौकरी कर रहा था। राजस्थान के कोटा निवासी उसका दोस्त प्रद्युम्न कुमार भी इस कंपनी में नौकरी करता है। शनिवार रात को अक्षत और प्रद्युम्न ने रविवार सुबह मिलकर एक साथ साइबर सिटी के एक फूड पॉइंट पर नाश्ता करने की योजना बनाई। प्रद्युम्न और अक्षत अपनी-अपनी बाइक से गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन पर पहुंच गए। दोनों अपनी-अपनी बाइक से गोल्फ कोर्स रोड से साइबर सिटी की तरफ चल रहे थे।

## मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे ने थामा कांग्रेस का साथ, चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी संजय पांडे ने राजनीति में कदम रखने का फैसला किया है। वे जल्द ही कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे और मुंबई से आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी पेश कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, पांडे को कांग्रेस ऐसी विधानसभा सीट से उतारने की योजना बना रही है, जहां उत्तर भारतीयों की अच्छी-खासी आबादी है। पांडे गुरुवार शाम को पार्टी में शामिल होंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा, संजय पांडे एक ईमानदार और अनुशासित अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने पुलिस बल के लिए एक मिसाल कायम की है। आज वे महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला और मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ की उपस्थिति में पार्टी में शामिल होंगे।



संजय पांडे ने पहले ही विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी और उन्होंने अपने राजनीतिक संगठन राष्ट्रीय जनहित पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने मुंबई के वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की मंशा जताई थी। इससे पहले, वे हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में भी भाग लेने की योजना बना रहे थे लेकिन बाद में अपना इरादा बदल लिया। उस समय उन्होंने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और मुंबई नॉर्थ वेस्ट जैसी दो लोकसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित किया था।

आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय पांडे को 18 फरवरी 2022 को मुंबई पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया था। अपने करियर के दौरान पांडे को एक ईमानदार अधिकारी माना जाता था, लेकिन वे कई बार विवादों में भी घिरे रहे। उनका नाम सबसे ज्यादा तब सुर्खियों में आया जब उन्हें जून 2022 में राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) फोन टैपिंग मामले में केंद्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था।

पांडे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। एक एफआईआर एनएसई के कर्मचारियों के फोन की अवैध निगरानी के लिए आईसेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से संबंधित है, जिसे उन्होंने स्थापित किया था। दूसरी एफआईआर एनएसई के सिस्टम ऑडिट में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए है। पांडे को उनकी गिरफ्तारी के बाद करीब पांच महीने तक जेल में रहना पड़ा था।

हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट ने दिसंबर 2022 में ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जमानत दी थी। कोर्ट ने यह कहते हुए जमानत दी थी कि पांडे पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए थे, लेकिन इन आरोपों के कोई ठोस सबूत नहीं मिले थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि रिश्वतखोरी के आरोप इस मामले में लागू नहीं होते क्योंकि किसी ने रिश्वत मांगने या लेने का कोई आरोप नहीं लगाया था। अब पांडे कांग्रेस पार्टी के साथ अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं।

## नोएडा प्राधिकरण के आरोपों में घिरे 100 से अधिक अफसरों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन और सीईओ मोहिंदर सिंह के यहां ईडी के छापे में 7 करोड़ से अधिक के हीरे मिलने के बाद नोएडा प्राधिकरण एक बार फिर सुर्खियों में है। प्राधिकरण में तैनात रहे 100 से अधिक अधिकारियों के खिलाफ आरोपों की जांच चल रही है और उन पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है।

ईडी ने हैसिंडा प्रोजेक्ट कंपनी के लोटस-300 प्रोजेक्ट के निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के मामले में हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जांच अपने हाथ में ली थी। ईडी ने इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह के घर से करोड़ों के हीरे और चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए। मोहिंदर सिंह सुपरटेक के ट्विन टावर प्रकरण में दर्ज मुकदमे में भी आरोपी हैं। कैग रिपोर्ट में मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में हुए कार्यों को लेकर हजारों करोड़ के घोटाले के आरोप लगाए जा चुके हैं। इनमें ग्रुप हाउसिंग आवंटन घोटाला, दलित प्रेरणा स्थल प्रकरण, फार्म हाउस आवंटन घोटाला, आम्रपाली बिल्डर घोटाला और लीज बैक घोटाला प्रमुख हैं। इन मामलों में ही 50 से अधिक अधिकारियों पर कार्रवाई की संस्तुति हो चुकी है। नोएडा प्राधिकरण में वर्ष 2008 से लेकर 2010 तक फार्म हाउस आवंटन घोटाला हुआ। 168 फार्म हाउसों का आवंटन बहुत कम दरों पर किया गया। लोकायुक्त ने मामले में प्राधिकरण के चेयरमैन ललित श्रीवास्तव, सीईओ मोहिंदर सिंह समेत अनेक अफसरों को नोटिस भेजे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## सार समाचार

### फिर चला चहल का जादू, 5 विकेट लेकर टीम को दिलाई शानदार जीत



**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड), एजेंसी।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया। नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

चहल ने इस दौरान लीसेस्टरशर के कप्तान लुईस हिल (14), लियाम ट्रेवास्किस (2), स्कॉट करी (120) जैसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने पिछले मैच की दो पारियों में भी 45 रन पर पांच और 45 रन पर चार विकेट लेकर डर्बीशर के खिलाफ अपनी टीम की 133 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### धनुष ने जूनियर वेटलिफ्टिंग विश्व चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक



**लियोन (स्पेन) (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने शुक्रवार को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है। इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने आईडब्ल्यूएफ से कहा, 'जैसे जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था।

वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही। इस टूर्नामेंट में नौ भारतीय भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं।




भारत-बांग्लादेश टेस्ट

# बुमराह का चौका, बांग्लादेश 149 पर ढेर, भारत को 308 रन की बढ़त

**चेन्नई, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह (50 रन पर 4 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को चायकाल के बाद पहली पारी में 149 रन पर समेट दिया। भारत को पहली पारी में 227 रन की भारी भरकम बढ़त मिली लेकिन उसने फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और दूसरे दिन स्टंप्स तक तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं। भारत के पास अब कुल 308 रन की बढ़त हो गयी है। भारत की दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा पांच, यशस्वी जायसवाल 10 और विराट कोहली 17 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स पर शुभमन गिल 33 और ऋषभ पंत 12 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत को पहली पारी में 227 रन की बड़ी बढ़त मिली थी जिससे अब उसकी कुल बढ़त 308 रन की हो गयी है।

इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में बुमराह के चार विकेट के अलावा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। बुमराह इस दौरान 400 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले छठे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए । बांग्लादेश की तरफ से शाकिब अल हसन ने 32, मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 27 , लिटन कुमार दास ने 22 और कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने 20 रन बनाये।

भारत ने पहले सत्र में तीन विकेट लेकर बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया था। दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने पांच और बल्लेबाज गंवाए। लंच के बाद, सिराज ने गेंद को लाइन में रखा और नजमुल हुसैन शान्तो के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर सीधे थर्ड स्लिप में चली गई। अगले ओवर में, बुमराह ने गेंद को देर से मूव किया और मुशफिकुर रहीम के बल्ले का अच्छा किनारा लेकर सेकंड स्लिप में चली गई। गेंदबाजों की लगातार लाइन और लेंथ के बावजूद, लिटन दास और शाकिब अल हसन ने स्थिति संभालने की कोशिश की।

दोनों ने बुमराह, सिराज और आकाश दीप की गेंदों पर शानदार ड्राइव लगाए, इससे पहले शाकिब ने रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की ढीली गेंदों पर और बाउंड्री लगाई।

छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी तब समाप्त हुई जब दास ने जडेजा की ऑफ-स्टंप से बाहर की गेंद को स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक ध्रुव जुरेल के पास गई। दास ने 22 रन बनाये। जडेजा के अगले ओवर में शाकिब ने रिवर्स-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके जूते से टकरा गई और ऋषभ पंत ने आगे बढ़कर आसान कैच लपका। हसन महमूद और मेहदी हसन मिराज ने तीन चौके लगाए। बुमराह ने हसन महमूद को चाय के समय दूसरी स्लिप में कैच करा दिया।

भारत ने चायकाल के बाद दो और विकेट निकाल कर मेहमानों की पारी को 149 रन पर समेट दिया। बुमराह ने तस्कीन अहमद और सिराज ने नाहिद राणा को बोल्ड कर दिया। तस्कीन और नाहिद राणा दोनों ने 11-11 रन बनाये।

सुबह के सत्र में भारतीय टीम अपने कल के स्कोर में 37 रन जोड़ पाई। भारत को पहले तीन झटके तस्कीन अहमद ने दिए जबकि हसन महमूद ने जसप्रीत बुमराह के रूप में अंतिम विकेट लेकर भारतीय पारी को ऑलआउट कर दिया।

### 24 साल के महमूद हसन ने रावलपिंडी के बाद चेन्नई में रचा इतिहास

**चेन्नई , एजेंसी।** चेन्नई टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की पहली पारी 376 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज महमूद हसन के कहर के बाद आर अश्विन और रविंद्र जडेजा ने भारतीय टीम की नैया पार की। अश्विन ने अपने घरेलू मैदान पर एक बार फिर शतकीय पारी खेली। वहीं बांग्लादेश के हसन ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

#### हसन ने झटके 5 विकेट

हसन महमूद ने चेन्नई टेस्ट मैच में पांच विकेट झटके। अपने 22.2 ओवर के स्पेल में 83 रन दिए और पांच विकेट अपने नाम किए। हसन ने भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया।

उन्होंने रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल को दहाई का आंकड़ा भी नहीं छूने दिए। वहीं ऋषभ पंत को भी 39 रन के स्कोर पर आउट किया।

ओलंपिक : खेल मंत्री मांडविया का बयान

# भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और शीर्ष 10 में आना है







**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए। भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और पदक तालिका में शीर्ष 10 में आना है। मांडविया ने पुणे के एसपी कॉलेज में 'विकसित भारत एंबेसडर-युवा कनेक्ट' पहल पर बोलते हुए कहा, विकसित भारत में खेल क्षेत्र को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है क्योंकि हमारा लक्ष्य हर क्षेत्र में खुद को विकसित करना है।

उन्होंने कहा, 2047 तक हमारा लक्ष्य खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम 2047 का मौका नहीं चूकें। हमें विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने होंगे। खेल मंत्री ने कहा, ऐसी प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए हमने खेलो इंडिया की शुरुआत की। खेलो इंडिया की मदद से युवा खिलाड़ियों को खेलने के अवसर मिलने चाहिए।

हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज कुसाले इस कार्यक्रम में मौजूद थे। मांडविया ने कहा, हमें खेल प्रतिभाओं की पहचान करनी होगी और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। आने वाले दिनों में ये प्रतिभायें स्वप्निल कुसाले जैसी खिलाड़ी बनेंगी।

हमारा लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन भारत में कराना है और हमारी योजना पदक तालिका में शीर्ष 10 में आने की है। भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए।

भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा। ओलंपिक में 24 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत का रैंक 70 से नीचे पहुंचा हो। इस बार भारत ने कुल छह मेडल अपने नाम किए जिनमें पांच कांस्य और एक रजत पदक शामिल है। वहीं, टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण के साथ सात पदक जीते थे।

### ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया पुरुष फुटबॉल कोच के पद से इस्तीफा दिया



**मेलबर्न, एजेंसी।** ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया के 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की निराशाजनक शुरुआत के बाद उनके छह साल के दूसरे कार्यकाल का अंत हो गया है। बहरीन से 1-0 की घरेलू हार और उसके बाद इंडोनेशिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ ने टीम की दिशा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी थीं।

आर्नोल्ड ने फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन के समर्थन के बावजूद एक सप्ताह पहले ही अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। जॉनसन ने 61 वर्षीय कोच का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था, उनका मानना था कि वह अभी भी टीम को वापस पटरी पर ला सकते हैं। हालांकि, आर्नोल्ड को लगा कि बदलाव का समय आ गया है। मैंने इंडोनेशिया के खिलाफ़ हमारे मैच के बाद कहा था कि मुझे कुछ फ़ैसले लेने हैं, और गहन चिंतन के बाद, मेरे अंतर्मन ने मुझे बताया कि बदलाव का समय आ गया है। आर्नोल्ड ने ईएफए द्वारा जारी एक बयान में कहा, मैंने देश, खिलाड़ियों और फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया के लिए जो सबसे अच्छा है, उसके आधार पर इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है।

### राजस्थान रॉयल्स ने राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।

राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले। उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की।

आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, कई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उनकी तकनीकी विशेषज्ञता, शांत व्यवहार और भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ उन्हें रॉयल्स के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है।

द्रविड़ ने कहा, साथ मिलकर, हमने एक मजबूत तालमेल बनाया है, भारत को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं, और मैं उनके साथ फिर से जुड़कर रोमांचित हूं। युवा प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने की उनकी क्षमता अमूल्य होगी.

# संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी में ठोका शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा। शुक्रवार 20 सितंबर को इंडिया बी के खिलाफ इंडिया डी के लिए खेलते हुए उन्होंने 92 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। यह सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक था।

संजू सैमसन पहले दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं थे, लेकिन ईशान किशन के चोटिल होने के कारण चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम डी में केरल के विकेटकीपर को प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल करना पड़ा। सैमसन ने पहले राउंड में बेंच पर बैठने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन बनाए थे।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान ने तीसरे और अंतिम राउंड में इस मौके का पूरा फायदा उठाया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन ने सुनिश्चित किया कि इंडिया डी बल्ले से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखे। सैमसन ने इंडिया बी की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई के खिलाफ आक्रामक पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए, जिसमें मुकेश कुमार, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, राहुल चाहर और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज शामिल थे।

सैमसन ने सारांश जैन और रिकी भुई के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारी की और आक्रामक भूमिका निभाई। इंडिया डी के शीर्ष तीन बल्लेबाजों देवदत्त पडिक्कल (50), केएस भरत (52) और रिकी भुई (56) ने अर्धशतक जमाए। सैमसन के शतक ने उन्हें पहली पारी में 349 रन के आसान स्कोर तक पहुंचाया। इंडिया डी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निशांत सिंधु (19) और कप्तान श्रेयस अय्यर (0) जल्दी आउट हो गए। हालांकि, सैमसन ने काउंटर-अटैकिंग पारी खेलकर सुनिश्चित किया कि इंडिया बी के गेंदबाज नियंत्रण न कर लें। सैमसन पहले दिन स्टंप्स तक 89 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने शुक्रवार की सुबह अपना शतक पूरा कर लिया। नवदीप सैनी ने सैमसन को 101 गेंदों में 106 रन पर आउट कर दिया।

यह शतक अक्टूबर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले संजू सैमसन के आत्मविश्वास को काफी बढ़ा देगा। 29 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केरल के लिए दमदार प्रदर्शन करके खुद को मैच में बनाए रखना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने बेहद प्रतिस्पर्धी दलीप ट्रॉफी में लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

डेविस कपः

## इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से



**लंदन, एजेंसी।** मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में मुकाबला करेंगे। विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी। सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे।

अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे, जिसमें दो एकल मैच और एक युगल निर्णायक मैच होगा जो प्रत्येक मुकाबले का परिणाम निर्धारित करेगा।

# सुमित नागल ने डेविड कप खेलने के लिए मांगी मोटी फीस?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी।

भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ हाल ही में डेविस कप मुकाबले से हटने का फैसला किया था। हालांकि, इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है क्योंकि अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने गुरुवार को बड़ा दावा किया है। एआईटीए का कहना है कि नागल ने डेविस कप मुकाबले में खेलने के लिए 50000 यूएस डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) की वार्षिक फीस मांगी थी। एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी। नागल एटीपी 250 हांग्झोउ ओपन में शामिल हुए थे और उन्हें बृहस्पतिवार को खेलना था लेकिन पीठ दर्द के कारण उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया।

एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, मुझे बताएं एक खिलाड़ी को देश के लिए खेलने के लिए पैसे क्यों मांगने चाहिए।

यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने 50,000 यूएस डॉलर की सालाना फीस मांगी थी और कहा था कि अगर उन्हें भुगतान नहीं किया गया तो वह नहीं खेलेंगे। देश को तय करने दें कि यह सही है या नहीं। फिर यह सरकार और सभी का फैसला होगा। खिलाड़ियों को टॉप्स के जरिये भी भुगतान किया जाता है और ऐसा नहीं है कि उन्हें डेविस कप खेलने के लिए भुगतान नहीं किया जाता। उन्हें भुगतान किया जाता है।

### नागल ने रखी अपनी बात

नागल ने एआईटीए के दावे से इनकार नहीं किया और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में अपना बचाव किया। इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है।

उन्होंने कहा, मुआवजे के बारे में मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि पेशेवर खेलों में खिलाड़ियों के लिए यह आम बात है कि उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राशि दी जाती है, भले ही वे अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हों। यह व्यक्तिगत फायदे की बात नहीं है। एआईटीए और डेविस कप कप्तान के साथ मेरी चर्चा गोपनीय है .

## न्यूज बाइट्स

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं ने किया गांव की सफाई

बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)। स्वच्छ भारत मिशन द्वितीय चरण स्वच्छता ही सेवा के तहत पिपरा पंचायत के बरौली में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे गांव की सफाई की गई। आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संस्थान माई युवा भारत एवं लोहिया स्वच्छता मिशन द्वारा किया गया। मुख्य रूप से हनुमान मंदिर, सूर्य मंदिर, एवं गांव के पोखर की सफाई की गई। लोहिया स्वच्छता मिशन के स्वच्छता कर्मी, माई युवा भारत के स्वयंसेवक, जीविका दीदी एवं गांव के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने पूरे तन्मयता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को शपथ भी दिलाई गई। इस तरह के कार्यक्रम को देखकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल था ।लोगों ने संकल्प लिया कि हम अपने गांव को पूरी तरह स्वच्छ रखेंगे। गौरतलब हो कि पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी यह अभियान 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक जिला के सभी ग्राम पंचायतों में संचालित की जाएगी। इस वर्ष का मुख्य विषय"स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है। इस अभियान के तहत स्वच्छत भारत मिशन के स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत कराये गए विभिन्न आयोजनों/कार्यक्रमों के फलस्वरूप स्वच्छता के क्षेत्र में आये बदलाव एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाया जाना है। जिसके अन्तर्गत गाँवों को मॉडल गाँव बनाने हेतु विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गाँव में सार्वजनिक स्थल पर साफ-सफाई अभियान, स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर, दिवाल चित्रण, स्वच्छता चैपाल, जीविका आधारित स्वच्छता संवाद, एक दीया स्वच्छता के नाम, तीन दिन एक गाँव अभियान, स्कूल/कॉलेज आधारित गतिविधियाँ इत्यादि का संचालन किया जाना है। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया, जीविका के अरुण कुमार सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह,समाजसेवी कौशल कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक शैलेश कुमार, रागिनी कुमारी, मन्नू देवी, मंजू देवी आदि उपस्थित थे।

### विद्यालयों में कक्षा एक से आठ के बच्चों का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन शुरू

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना के निर्देशानुसार सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा एक से आठ की छात्र-छात्राओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई। मध्य विद्यालय सलैया में भी गुरुवार को दूसरे दिन कक्षा छह से आठ की छात्र-छात्राओं की द्वितीय पाली में संस्कृत की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 250 बच्चों ने भाग लिया। पहले दिन प्रथम पाली में कक्षा तीन से आठ के छात्र छात्राओं की सामाजिक विज्ञान की तथा द्वितीय पाली में कक्षा 6 से 8 के छात्र-छात्राओं की विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें कुल 337 बच्चों ने भाग लिया था। परीक्षा संचालन हेतु विभागीय निर्देशानुसार मध्य विद्यालय बेला के शिक्षक वीक्षण कार्य हेतु प्रतिनियुक्त हुए हैं। मध्य विद्यालय सलैया के सभी शिक्षक मध्य विद्यालय बसंत में वीक्षण कार्य हेतु प्रतिनियुक्त हुए हैं। पहली बार ऐसा हो रहा है जब विक्षण कार्य हेतु शिक्षक दूसरे विद्यालयों में प्रतिनियुक्त हो रहे हैं। प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 26 सितंबर तक दोनों पालियों में निर्धारित कक्षा के अनुसार आयोजित होगा। कक्षा एक एवं दो के बच्चों का सिर्फ मौखिक मूल्यांकन किया जाएगा। मौखिक मूल्यांकन हेतु भी प्रश्न पत्र ई-शिक्षाकोष पोर्टल से ही डाउनलोड कर पूछा जाना है। लिखित और मौखिक परीक्षा के साथ सभी वर्ग के बच्चों का सह-शैक्षणिक गतिविधियों जैसे नेतृत्व क्षमता, नियमितता, समयबद्धता, साफ-सफाई, गीत गान, चित्रांकन, सृजनात्मकता, वर्ग में सक्रियता आदि गतिविधियों का अवलोकन किया जाएगा।

डीएम की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की समीक्षा बैठक, सुधार और प्रगति के निर्देश

# जिले के सभी आईटीआई संस्थानों में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की ली जानकारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

**जीविका और पीएमकेके के कौशल प्रशिक्षण की समीक्षा**

बैठक में जिला कौशल विकास समिति के अंतर्गत जीविका, आरएसईटीआई, पीएमकेके आदि द्वारा चलाए जा रहे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने इन कार्यक्रमों के संचालन और परिणामों का विश्लेषण करते हुए कहा कि कौशल विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम किया जाए ताकि युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें।

शुक्रवार को औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला कौशल विकास समिति, डीआरसीसी, नियोजन विभाग, श्रम विभाग, आरटीपीएस, एवं जिला कौशल विकास समिति से जुड़े विभिन्न कार्यों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रहे विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति का मूल्यांकन और आवश्यक सुधार के निर्देश देना था। बैठक की शुरुआत में, जिला पदाधिकारी ने जिले के सभी आईटीआई संस्थानों में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने सभी आईटीआई प्राचार्यों को निर्देश दिया कि अगले बैठक में संस्थान के भौतिक ढांचे, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टाफ, और अध्ययनरत छात्रों की विस्तृत जानकारी फोटोग्राफ सहित पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की जाए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार हो और छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिलें। डीआरसीसी की समीक्षा के दौरान, जिले में कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) की रैंक 23, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (बीएससीसी) की रैंक 38 और मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना (एसएचए) की रैंक 34 पाई गई। इन रैंकिंग्स से जिला पदाधिकारी ने असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द योजनाओं के कार्यान्वयन में सुधार लाया जाए ताकि रैंक में सुधार हो सके।

जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र की योजनाओं की समीक्षा

जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, औरंगाबाद द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की भी समीक्षा की गई, जिनमें बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम योजना, और मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन योजनाओं की वर्तमान उपलब्धियों में सुधार करते हुए रैंक को बेहतर किया जाए।

समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, जिनमें प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, वित्त निगम के प्रतिनिधि, जिला योजना पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, नियोजन पदाधिकारी, और सभी प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी शामिल थे, को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने विभागों में चल रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करें और योजनाओं के कार्यान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करें। इस बैठक का उद्देश्य यह था कि जिले में चल रहे सभी कौशल विकास कार्यक्रम और योजनाएं सफलतापूर्वक लागू हों और इसका लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचे। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वे आगामी बैठकों में योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ उभर रही चुनौतियों और उनके समाधान के लिए एक स्पष्ट कार्ययोजना के साथ उपस्थित हों। इससे जिले की रैंकिंग में सुधार होगा और योजनाओं के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों को बल मिलेगा।

# ट्रक की टक्कर से पत्नी की मौत, पिता-पुत्री जख्मी, लोगों ने सड़क किया जाम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ट्रक ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का शिकार हुआ परिवार खैरा मिर्जा पंचायत के बहुआरा गांव का रहने वाला है। मृतका की पहचान विनय विश्वकर्मा की 26 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी के रूप में हुई है, जबकि घायल विनय विश्वकर्मा और उनकी 9 महीने की बेटी अनु कुमारी उर्फ छोटी कुमारी हैं। घटना के समय, यह परिवार बाजार से पूजन सामग्री और कपड़े खरीदकर अपने घर बहुआरा लौट रहा था। दरअसल, उनकी छोटी बेटी अनु कुमारी का सतैसा (जन्म के 6 महीने के बाद होने वाला एक पारंपरिक समारोह) चार दिन बाद मनाया जाना था। इस खुशी के मौके के लिए तैयारियां की जा रही थीं। गुरुवार को विनय विश्वकर्मा उड़ीसा से छुट्टी लेकर घर आए थे ताकि इस अवसर पर परिवार के साथ समय बिता सकें। भेड़िया मोड़ एनएच-19 पर, विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में रिंकी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि इस इलाके में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। जिला पार्षद अनिल यादव ने हादसे को दुखद बताते हुए कहा कि एनएच-19 पर ऐसी दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे लोगों की जान खतरे में पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए और इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

# हत्या कांड में न्यायालय का फैसला, पांच अभियुक्तों को उम्रकैद और जुर्माना

एसवीवी संवाददाता

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय में शुक्रवार को एडीजे-4 न्यायाधीश आनंद भूषण ने ओबरा थाना कांड संख्या 39/2020 में हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। भादंवि की धारा 302 के तहत इन अभियुक्तों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यदि जुर्माना नहीं भरा जाता है, तो सभी अभियुक्तों को छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

एपीपी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि अभियुक्त संजय चौधरी और संजू चौधरी (तेजपुरा) को 11 सितंबर को दोषी ठहराया गया था और तब से उन्हें जेल भेज दिया गया था। बाकी तीन अभियुक्त—गबुदन चौधरी, गोलू चौधरी और टुनु चौधरी (तेजपुरा)—पहले से ही जेल में बंद थे। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस मामले की प्राथमिकी अंतेश कुमार (तेजपुरा) ने 13 फरवरी 2020 को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में अंतेश ने बताया कि सामुदायिक भवन ओबरा के पास पांचों अभियुक्तों ने मिलकर उसके भाई सुनील कुमार उर्फ विदेशिया पर चाकू से हमला किया था।

सूचक ने शोर-शराबा सुनकर घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि अभियुक्त वहां से भाग रहे थे। सुनील को ग्रामीणों की मदद से तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दाउदनगर ले जाया गया, लेकिन इलाज शुरू होते ही उसकी मृत्यु हो गई। इस हत्या के पीछे का कारण पूर्व में हुई आपसी झगड़े को बताया गया है।

# पुलिस की सख्त कार्रवाई, 55 लोग हुए गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस ने गुरुवार को जिले में कई अपराधों पर सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में कुल 55 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक गिरफ्तारी पोक्सो एक्ट के तहत, 8 गिरफ्तारी मद्यनिषेध कानून के उल्लंघन के मामले में, और शेष 46 गिरफ्तारियां अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधित हैं। यह कार्रवाई जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के मनोबल को तोड़ने के लिए की गई है। पुलिस ने शराब माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। मद्यनिषेध कानून के तहत कुल 5 लीटर महुआ शराब और 5.4 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। इसके साथ ही, 70 लीटर महुआ घोल को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। दाउदनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने सिन्दुआर टोला से महुआ शराब की यह बड़ी खेप पकड़ी और इसके खिलाफ बाउदनगर थाना कांड संख्या 587/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, नगर थाना क्षेत्र के यमुना नगर से 5.4 लीटर विदेशी शराब की बरामदगी हुई, जिसके संदर्भ में नगर थाना कांड संख्या 666/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान कुल 839 वाहनों की जांच की गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 57,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी। नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए औरंगाबाद पुलिस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 205 बटालियन के साथ मिलकर विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरुखिया पहाड़ से 6 प्रेशर आईईडी (लगभग 3 किलोग्राम) बरामद किए गए। पुलिस की सतर्कता और कुशलता से इन विस्फोटकों को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया गया। यह नक्सल विरोधी अभियान जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। औरंगाबाद पुलिस की इस व्यापक कार्रवाई ने जिले के अपराधियों और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन की यह मुहिम न सिर्फ जिले में शांति स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव भी मजबूत हुआ है।

# सफाई कर्मचारी की अधिकार और सुविधाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शुक्रवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में अध्यक्ष राष्ट्रीय आयोग सफाई कर्मचारी एम वेंकेटेश्न जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल की संयुक्त की अध्यक्षता में सफाई कर्मचारी से संबंधित बैठक आहूत की गई। बैठक में माननीय अध्यक्ष द्वारा विभिन्न कार्यालय के माध्यम से आवंटित साफ सफाई कार्य में संलग्न में एजेंसियों का ईसीआर जांच किया गया एवं निर्देश दिया गया कि सफाई कर्मचारी को जूते और ड्रेस दिया जाए। राष्ट्रीय छुट्टी के दिन सफाई कर्मचारी कार्य करते हैं तो उनका वेतन अलग से भुगतान कराई जाए। महीने में एक बार कम से कम स्वास्थ्य जांच अवश्य कराई जाए। महिला कर्मी कार्य करते हैं तो सेक्सुअल हरासमेंट के लिए गठित इंटरनल कंप्लेंट कमेटी की जानकारी ली गई। अनुसूचित जाति जनजाति समुदाय कर्मचारी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष द्वारा सफाई कर्मचारी को ईपीएफ कटौती, ग्रुप बीमा आदि सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है कि नहीं इसकी भी जानकारी प्राप्त कीया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, निदेशक डीआरडीए, जिला योजना पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायत औरंगाबाद, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि सांख्यिकी संग्रह के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शुक्रवार को समाहरणालय के योजना भवन के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में कृषि वर्ष 2024-25 में कृषि सांख्यिकी के ऑकड़ों के संग्रह करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के क्षमतावर्द्धन हेतु जिला स्तर पर एक दिवसीय आवृत्तिचर्या-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अपर समाहर्ता द्वारा ऑकडा की गुणवता पर विशेष प्रकाश डाला गया। उप निदेशक, मगध प्रमण्डल, गया उपेन्द्र कुमार द्वारा ई स्टेटिक्स पोर्टल पर सामान्य जिन्सबार, भूमि उपयोग विवरणी, प्रक्षेत्र मूल्य, दुत्त जिन्सवार एवं फसल कटनी प्रयोग पर प्रकाश एवं विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं मोती कुमार दिनकर, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा फसल कटनी के मुख्य बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए उसके जटिलताओं को सुगमतापूर्वक समझाया गया। ब्रजेन्द्र कुमार सिंह अवर सांख्यिकी पदाधिकारी एवं धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी जिला सांख्यिकी कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा विस्तृत रूप से फसल कटनी प्रयोग सम्पादित करने की विधि बताई गयी साथ हीं साथ सभी विहित प्रपत्रों को भरने के लिए विस्तार से बताया गया। अमय प्रताप सिंह, सहायक साख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जीसीईएस मोबाइल एप्स के माध्यम से के बारे में बहुत ही सुगम एवं आसानी से फसल कटनी प्रयोग का सम्पादन करने के लिए सरल तरीका से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। फसल कटनी प्रयोग 10x5 वर्ग मीटर में किया जाता है। जिला से आयोजन सूची प्राप्त होते ही प्रपत्र-क के माध्यम से प्लॉट का चुनाव किया जाता है। समसंभाविक विधि से फसल का कटनी सम्पादित कर हरा दाना का वजन लिया जाता है। जिसे प्रपत्र-02 में भरा जाता है तथा सात से दस दिनों के भीतर सुखवन वजन लिया जाता है, जिसे प्रपत्र-03 में भरा जाता है।

इसी के आधार पर परिशिष्ट-02 एवं परिशिष्ट-03 का निर्माण किया जाता है। प्रयोग का सम्पादन सीसीई एप एवं जीसीईएस मोबाइल एम्स के माध्यम से करना अनिवार्य है। सीसीई एप से सम्पादित करने की विधि से सभी को अवगत कराया गया। अंत में प्रक्षिणार्थियों द्वारा पूछे गये गए प्रश्नों का समाधान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, कृषि पदाधिकारी रामईश्वर प्रसाद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी एवं सभी राजस्व पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# थाना प्रभारी को शोकॉज नोटिस

- न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और थाना प्रभारी से सात दिनों के भीतर उचित स्पष्टीकरण की उम्मीद की जा रही है।

नि. संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद, सुशील प्रसाद सिंह ने दाउदनगर थाना प्रभारी को शोकॉज नोटिस जारी किया है। उन्हें सात दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि दाउदनगर थाना के कई महत्वपूर्ण मामलों में अब तक कांड दैनिकी और अंतिम रिपोर्ट किशोर न्याय परिषद में प्रस्तुत नहीं की गई है। इन मामलों में थाना कांड संख्या 155/18, 732/22, 400/20, 333/23, 427/20, 307/19, 292/19, 94/18, 08/23, 324/23, 282/23, 126/23, 250/21, 332/22, 155/22, 81/23, 669/22, 235/19, 435/20, 589/22, 648/22, 226/23 और 85/20 शामिल हैं। इन मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने को किशोर न्याय परिषद अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत और न्यायिक आदेश की अवमानना माना गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि किशोर न्याय परिषद ने पुलिस मुख्यालय को इन मामलों में पहले ही स्मारपत्र भेजे थे। 31 दिसंबर 2023 को पहला स्मारपत्र भेजा गया था, और दूसरा स्मारपत्र 31 जनवरी 2024 को भेजा गया था, लेकिन अभी तक किसी भी मामले में रिपोर्ट जमा नहीं की गई है।

इस शोकॉज नोटिस के माध्यम से न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और थाना प्रभारी से सात दिनों के भीतर उचित स्पष्टीकरण की अपेक्षा की जा रही है। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

# पंचायत समिति सदस्यों में गुस्सा, पंचायत राज पदाधिकारी के मनमानी के खिलाफ धरना

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)




रफीगंज के प्रखंड परिसर में पंचायत समिति सदस्यों ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन दिया। कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के मनमाने रवैया को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। अध्यक्षता मो.हस्सान सिद्धीकी, संचालन उपेंद्र यादव ने किया। पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि दीपक कुमार उर्फ बुलबुल सिंह ने कहा कि 15वीं और षष्ठम वित आयोग की राशि पदाधिकारी और इससे जुड़े पदाधिकारी के मिलीभगत से योजना को लोड कर दिया गया। योजना क्रियान्वयन में करने में मनमानी की जा रही है। भेटनिया पंचायत के मंझौली गांव में आहर निर्माण बिना किए 5 लाख का निकासी कर लिया गया। बिना जांच कराए योजना की राशि की निकासी कर ली गई। ढोसिला गांव में बिना नाली निर्माण कराए राशि की निकासी कर ली गई है। पंचायत समिति सदस्य हसान सिद्दीकी, अरविंद चौधरी, अरमान खां, राजीव कुमार, ग्रामीण चंन्द्रेश्वर भगत सहित अन्य वक्ताओं ने कहा प्रखंड कार्यालय में आम आवाम को बिना वजह परेशान करने का काम किया जा रहा है। वह यहां के पदाधिकारी बंद करें। आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवासीय, जातीय, आय प्रमाण पत्र भूमि से संबंधित काम के लिए आम अवाम किसान को तरह-तरह के कागजात का डिमांड कर और काम न करने का बहाना करके दौड़ाया जा रहा है। जिसे यहां के पदाधिकारी दौड़ाना बंद करें। आप यह आम आवाम के काम के लिए हैं। अगर सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे।

उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति पदाधिकारी के मनमाने नियम बनाकर परेशान करने का काम नहीं करें। बिरहा गायक अखिलेश यादव ने गायकी के माध्यम से इस सबंध में बताया कि इस धरना में अधिवक्ता मंटू सिंह, पंचायत समिति हस्सान सिद्दकी, अरविंद चौधरी, मुकेश कुमार, गोपाल प्रसाद, गणेश प्रसाद, अरमान खान, जूबैर अंसारी, विरेन्द्र यादव,कमल यादव, बुटान शर्मा, राजू सिंह सुरेंद्र यादव, सूरज चौधरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

मोबाईल में अवैध हथियार के साथ फोटो रखना पांच युवकों को पड़ा महंगा

# पुलिस ने पांच युवकों को किया गिरफ्तार, जिंदा कारतूस, देसी कट्टा व चार मोबाइल किया जब्त

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



नवीनगर पुलिस ने पांच बदमाश को अरेस्ट किया है। झोले से एक देसी कट्टा 19 जिंदा कारतूस मिला है। पुलिस ने चार मोबाइल फोन जब्त किया है। शुक्रवार की शाम डीएसपी-1 संजय कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रात नवीनगर थाना के एसआई जितेंद्र कुमार गश्ती में थे। तभी नैनो होटल के पास एक टेंपो से उतरकर चार व्यक्ति जा रहे थे। पुलिस की गाड़ी को देखकर वह भागने लगे। संदेह के आधार पर चारों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया और पूछताछ की गई। हिरासत में लिए गए बदमाशों के मोबाइल फोन में उनके पास अवैध हथियार के साथ फोटो पाया गया। अवैध हथियार के संबंध में छानबीन की गई, तो हिरासत में लिए गए लोगों ने बताया कि यह हथियार नवीनगर थाना क्षेत्र के जनकपुर पोखरा गांव निवासी राम सुरेश सिंह के बेटे रंजीत कुमार के पास है। शुक्रवार को पुलिस ने एक टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रंजीत के घर से एक झोला में एक देसी कट्टा, 19 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में रंजीत कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में नवीनगर थाना क्षेत्र के जनकपुर पोखरा गांव निवासी रामसराय सिंह के बेटे रंजीत कुमार,रिसियप थाना क्षेत्र के खैना नोनिया गांव के अजय कुमार सिंह के बेटे पीयूष कुमार, महीबीघा गांव निवासी जय किशोर सिंह के बेटे रवि रंजन कुमार उर्फ रवि, सोनबरसा गांव के स्वर्गीय उमेश सिंह के बेटे अमित कुमार और नवीनगर थाना क्षेत्र के नबीनगर स्टेशन कॉलोनी रोड निवासी राजन राम के बेटे राजकुमार शामिल है। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। डीएसपी ने बताया कि गुरुवार की रात चारों लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। इस दौरान पूछताछ के क्रम में पीयूष कुमार के पास से बरामद एक सैमसंग कंपनी के मोबाइल में एक देसी कट्टा का फोटो के साथ पीयूष कुमार ,रवि रंजन कुमार और अमित कुमार का फोटो खींचा हुआ था। देसी कट्टा के संबंध में पूछताछ करने पर इन्होंने बताया कि देसी कट्टा नवीनगर थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव के रामश्रय सिंह के बेटे रंजीत कुमार सिंह का है। इस सूचना पर छापेमारी दल का शुक्रवार को गठन किया गया। पुलिस ने रंजीत कुमार के घर पर छापेमारी की। छापेमारी में रंजीत कुमार के घर से झोला में छुपा कर रखे एक देसी कट्टा, 19 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसे जब्त किया गया। रंजीत कुमार के मोबाइल फोन में एक और फोटो पाया गया है। जिसमें एक पिस्टल, दो देसी कट्टा और 26 पीस गोली, तीन बुलेट, तीन चाकू, दो तलवार का फोटो के साथ है।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 111 लोगों ने किया रक्तदान, 133 मरीजों का हुआ इलाज

निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)




दाउदनगर के भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेदांता अस्पताल पटना से आए हुए हड्डी और नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गुड्डू कुमार, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज कुमार, हृदय और जनरल फिजिशियन डॉक्टर सदाशिव पांडे, डाइटिशियन डॉक्टर पम्मी कुमारी और पीसी हॉस्पिटल दाउदनगर के डॉक्टर हैदर अली व डॉ रहमान के साथ होम्योपैथिक डॉ मनोज कुमार के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे। डॉक्टर ने निशुल्क उपस्थित लोगों का इलाज किया। इस दौरान 133 लोगों ने अपना विभिन्न रोगों का इलाज करवाया। रक्त शिविर में 111 यूनिट रक्त लोगों ने दान किया है। लोजपा रामविलास बिहार उपाध्यक्ष ने कहा कि आज की युवाओं को रक्तदान करना चाहिए। युवाओं के साथ लोगों को जरूरतमंद को रक्त दान करनी चाहिए। समय-समय पर आयोजित होने वाली मेडिकल कैंप , जरूरतमंद को रक्तदान करने सेआपके शरीर का रक्त प्यूरीफायर होने के साथ-साथ आप स्वस्थ रहते हैं। मेरे माध्यम से रक्तदान शिविर लगाने का उद्देश्य होता है कि इससे युवा प्रेरित हो।

रक्त की कमी के कारण सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की जान चली जाती है, क्षेत्र की महिलाएं गर्भावस्था में रक्त की कमी के कारण गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाती है।

# सएसबी के जवानों ने मैराथन दौड़ के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



शुक्रवार को 29वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल की ओर से स्वच्छता पखवाडा के तहत जागरुकता मैराथन दौड़ अयोजित किया गया। स्वच्छता ही जीवन है, इसे अपनाना है जैसे जागरूक संदेश से लोगों को प्रेरित किया गया। इस दौरान भालुआही कैंप से गोल्हा - पत्थर तक जवानों ने मैराथन दौड़ के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम 29वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री हरे कृष्ण गुप्ता के निर्देश पर भालुआहि के सहायक कमांडेंट धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसमें दुलारे पंचायत ,डुमरी पंचायत, बरंडा पंचायत के युवाओं ने भाग लिया और स्वच्छता से संबंधित बैनर और पोस्टर लगाए लोगों को स्वच्छता के महत्व और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के संदेश से लोगों को जागरूक किया।